राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 5 अक्टूबर 2026 | कृष्ण पक्ष-दसमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 236 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

# 24 साल बाद लड़कों से आगे हुई भारत की लड़कियां, एशियन गेम्स में 4 गोल्ड ज्यादा जीते

### ■ हॉकी का ओलिंपिक टिकट मिला

**नई दिल्ली/ए.।** एशियन गेम्स 2026 में भारत का अभियान पूरा हो चुका है। आखिरी दिन घुड़सवारी के दो गोल्ड मेडल इवेंट हैं लेकिन इनमें कोई भारतीय खिलाड़ी शिरकत नहीं कर रहा है। भारत ने जापान के आइची-नागोया में 21 गोल्ड सहित कुल 85 मेडल जीते हैं। उज्बेकिस्तान ने भी भारत के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### बॉक्सिंग और रेसलिंग में बेहतर हुआ प्रदर्शन

भारत ने 2023 में चीन के ग्वांगझू में हुए एशियन गेम्स में 28 गोल्ड के साथ 106 मेडल जीते थे। तब भारत ने शूटिंग में 7 और एथलेटिक्स में 6 गोल्ड जीते थे। इस बार शूटिंग में 3 और एथलेटिक्स में 1 ही गोल्ड आया। यानी इन दो खेलों में ही भारत को 9 गोल्ड का नुकसान हो गया। भारत ने पिछली बार स्कॉश में 2 और टेनिस, बैडमिंटन और घुड़सवारी में 1-1 गोल्ड जीता था। इन खेलों में इस बार भारत को कोई गोल्ड नहीं मिला। बॉक्सिंग और रेसलिंग में अच्छे प्रदर्शन ने कुछ हद तक गोल्ड में कमी की भरपाई की है।

### पहली बार भारत की लड़कियों को ज्यादा मेडल

भारत ने इस बार लड़कियों के इवेंट में 11 तो लड़कों के इवेंट में 7 गोल्ड जीते। 3 गोल्ड मिक्स्ड इवेंट में आए। इससे पहले 2002 में बुसान में हुए एशियन गेम्स में भारत की लड़कियां आगे रही थीं। तब भारत ने लड़कियों के इवेंट में 6 और लड़कों के इवेंट में 5 गोल्ड जीते थे।

**53 वर्ल्ड रिकॉर्ड टूटे**

इस एशियन गेम्स में अलग-अलग इवेंट्स में कुल 53 वर्ल्ड रिकॉर्ड और 76 एशियन रिकॉर्ड टूटे हैं। साथ ही 166 नए गेम्स रिकॉर्ड भी बने। भारतीय विमेंस कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने फाइनल में चीन के खिलाफ 238 पॉइंट्स बनाए। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी है।

### हॉकी में गोल्ड के साथ 2 ओलिंपिक टिकट भी

टीम इवेंट्स में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। क्रिकेट, हॉकी और कबड्डी में भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों के गोल्ड मेडल जीते हैं। हॉकी में एशियाड गोल्ड जीतने पर सीधे ओलिंपिक का टिकट मिलता है, लिहाजा भारत की दोनों हॉकी टीम लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर गई है। यह पहला मौका है जब भारत की दोनों वर्गों की हॉकी टीमों ने एक ही इवेंट में गोल्ड जीता है।

### 2026 एशियन गेम्स का की खास बातें

- 2002 के बाद पहली बार भारत की लड़कियों को ज्यादा मेडल
- बॉक्सिंग, रेसलिंग में बेहतर हुआ प्रदर्शन, शूटिंग-एथलेटिक्स में पिछड़े
- टीम इवेंट्स में धाक, हॉकी में गोल्ड के साथ ओलिंपिक टिकट भी
- चीन की बादशाहत को 44 साल से कोई चैलेंज नहीं
- 53 वर्ल्ड रिकॉर्ड और 76 एशियन रिकॉर्ड टूटे

## आज बेबाक

**नई दिल्ली** की सड़कों पर उतर कर छात्राओं ने पुरुषों के खिलाफ नये नारे गढ़कर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। एक कचौड़ी दो समोसा मर्दों का क्या भरोसा, एक सुट्टा दो चाय मर्द जात हाय- हाय जैसे नारे सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसके जवाब में मर्दों ने भी महिलाओं के खिलाफ नारे बनाने शुरू कर दिए हैं। दोनों को समझना चाहिए कि कुछ पुरुषों या महिलाओं के कुकर्म से पूरी जाति को कटघरे में नहीं खड़ा किया जा सकता। वरना बात बढ़ी तो दूर तलक जाएगी और लम्हों की खता की सजा सदियों भुगतनी पड़ जाएगी।

### रूस से भारत को मिलने वाले सस्ते तेल में आई बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली/ए.।** भारत और रूस के बीच तेल के कारोबार को लेकर वैश्विक बाजार में एक बड़ा खेल चल रहा है। अमेरिकी दबाव के साथ-साथ अब चीन की नई चाल के कारण भारत के लिए रूस से मिलने वाला सस्ता कच्चा तेल कम होता जा रहा है। पिछले तीन महीनों में भारत की रूस से तेल खरीद में भारी गिरावट आई है, जो लगभग 10 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गई है। इसके विपरीत, चीन तेजी से रूसी तेल की खरीद बढ़ा रहा है और वह ऊंचे दामों पर स्पॉट बाइंग कर रहा है। इस वजह से भारत को मिलने वाले डिस्काउंट में भारी कटौती हुई है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है।

### गैस कटर से एटीएम काटकर 14 लाख रुपये की चोरी

**नई दिल्ली/ए.।** रानी बाग इलाके में शनिवार तड़के एसयूवी सवार बदमाश पंजाब एंड सिंध बैंक के एटीएम को गैस कटर से काटकर कैश ट्रे चुरा ले गए। बैंक के अनुसार कैश ट्रे में 14 लाख रुपये रखे थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात के पीछे मेवाती गिरोह के हाथ होने की बात सामने आई है। जांच से जुड़े पुलिस अधिकारी ने बताया कि रेलवे रोड पर पंजाब एंड सिंध बैंक की रानी बाग शाखा है। बैंक की इमारत में ही एटीएम है, लेकिन सिक्योरिटी गार्ड तैनात नहीं है। शनिवार तड़के करीब सवार चार बजे काले रंग की अस्थाई नंबर प्लेट वाली एसयूवी एटीएम के सामने रुकी।

### गरमा-गरम

**विरोध :** नई दिल्ली में भी आप और स्टूडेंट यूनियन सड़क पर उतरी, विरोध में मार्च निकाला

# सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ यूबीटी-मनसे का मुंबई में प्रदर्शन

### ■ मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ मुंबई और दिल्ली में लगातार प्रदर्शन

**मुंबई/ए.।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ रविवार को मुंबई में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने जॉइंट प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए। दोनों नेताओं ने मेट्रो स्टेशन से शुरू होकर महानगरपालिका भवन तक मार्च निकाला। उद्धव की शिवसेना यूबीटी और राज ठाकरे की मनसे पार्टी ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की है।

राज ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में हुए एसआईआर को रद्द किया जाए। सरकार किसकी बनेगी, ये फैसला जनता को तय करना है, चुनाव आयोग को नहीं। वहीं उद्धव बोले कि ज्ञानेश कुमार बीजेपी का हथियार हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ देश में पिछले तीन दिनों में दो शहरों में तीन बड़े प्रदर्शन हो चुके हैं। उसके अलावा अलग-अलग संगठन और पार्टियां भी विरोध मार्च निकाल चुकी हैं।

### एसआईआर को लेकर ज्ञानेश और चुनाव आयोग पर सवाल

सीईसी ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग पर एसआईआर को लेकर सवालों खड़े हुए हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने एसआईआर से जुड़े फैसलों और आदेशों पर रिकॉर्ड में कम से कम 14 बार आपत्ति जताई थी। दावा है कि कई फैसले और आदेश संधू और जोशी की जानकारी या सिफारिश के बिना जारी किए गए। इसके बाद से विपक्ष ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए देशभर में प्रदर्शन कर रहा है।

### एसआईआर प्रक्रिया रद्द हो : राज ठाकरे

महाराष्ट्र में एसआईआर प्रक्रिया रद्द की जाए : हमारी मांग है कि महाराष्ट्र में की गई पूरी एसआईआर प्रक्रिया रद्द की जाए। कानून के मुताबिक, एसआईआर किसी आपात स्थिति में की जाती है। विधानसभा चुनाव के दौरान 40 से 60 लाख मतदाताओं के नाम जोड़े गए और इसके जरिए सत्ता हासिल की गई। अब एसआईआर के जरिए 2 करोड़ लोगों को हटाया जा रहा है। ये 2 करोड़ मतदाता कौन हैं?

### मेरा सवाल चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर : उद्धव

उद्धव ठाकरे ने कहा कि देशभर में 13 करोड़ लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। पश्चिम बंगाल में अभी उपचुनाव हो रहा है और लोग अपने वोट देने के अधिकार की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। सुप्रीम कोर्ट कहता है कि यह सिर्फ उपचुनाव है, इससे क्या फर्क पड़ता है? यह भी अभी तय नहीं है कि कल सुनवाई होगी या नहीं। चुनाव आयोग की नियुक्ति चुनाव के जरिए होनी चाहिए।

### केरलम सरकार का ज्ञानेश के खिलाफ जांच का आदेश

**त्रिवेन्द्रम/ए.।** केरलम के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। मामला मलेशियाई सिविल इंजीनियर ली सी बीन की आत्महत्या से जुड़ा है। वह केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (केएसटीपी) के तहत एमसी रोड के अपग्रेडेशन का काम कर रहे PATI-BEL कंसोर्टियम से जुड़े थे। शिकायत के मुताबिक, ली सी बीन ने आरोप लगाया था कि सड़क के काम का भुगतान जारी करने के बदले तत्कालीन पीडब्ल्यूडी सचिव ज्ञानेश कुमार ने रिश्वत मांगी थी। यह सड़क प्रोजेक्ट वर्ल्ड बैंक की मदद से चल रहा था। चेन्निथला ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि 2006 में हुई विजिलेंस जांच बाहरी दबाव के कारण प्रभावित हुई थी। इसके बाद उन्होंने मामले की दोबारा जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि विजिलेंस पूरे मामले की जांच करेगी और जरूरत पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी करेगी। साल 2006 में अंगमाली से तिरुवनंतपुरम तक की 'एमसी रोड' को दोबारा बनाने का काम शुरू हुआ था।

## कोल स्कैम: ईओडब्ल्यू आज पेश करेगा अंतिम चार्जशीट

### ■ दावा- कांग्रेस एमएलए देवेंद्र ने चुनाव, आईएएस जयप्रकाश ने प्रॉपर्टी, चंद्रदेव ने ज्वेलरी में खर्च किए करोड़ों

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में 570 करोड़ रुपए के कथित कोल लेवी घोटाले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो सोमवार को कोर्ट में अंतिम आरोप पत्र (चार्जशीट) पेश करेगी। कोल लेवी घोटाले के आरोपी कांग्रेस नेता और अफसरों को विशेष कोर्ट ने पेश होने के लिए समन जारी किया है।

जिन 9 आरोपियों को समन जारी हुआ है, उसमें कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, रामगोपाल अग्रवाल, आईएएस जयप्रकाश मौर्य और दीपेश टांक समेत 9 लोग शामिल है। सभी आरोपियों को 5 अक्टूबर को विशेष न्यायालय के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## नीट पेपर लीक: सीबीआई की फाइनल चार्जशीट जल्द

### दावा- एनटीए या किसी सरकारी अधिकारी का नाम नहीं, एजेंसी ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली/ए.।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई एक हफ्ते के भीतर दूसरी और अंतिम चार्जशीट दाखिल करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सीबीआई इस मामले में केंद्र सरकार या एनटीए अधिकारियों को आरोपी नहीं बनाएगी। इसमें सिर्फ एनटीए द्वारा नियुक्त विषय विशेषज्ञ, कोचिंग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### 13 आरोपियों के बैंक खाते-लॉकर फ्रीज किए

सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, सबूत मिटाने, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने आरोपियों के बैंक खाते, बैंक लॉकर और एक डीमैट अकाउंट भी फ्रीज किए हैं।

## दीपांशु काबरा करेंगे डांगी पर लगे यौन शोषण के आरोपों की जांच

### ■ हाईकोर्ट में पुलिस ने दी जानकारी, प्रशांत अग्रवाल होंगे प्रस्तुतकर्ता अधिकारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के सस्पेंडेड आईपीएस रतन लाल डांगी के खिलाफ एसआई की पत्नी ने यौन शोषण के आरोप लगाए थे। अब शुरुआती जांच में आरोप सही पाए गए हैं। पुलिस विभाग ने इसकी जानकारी हाईकोर्ट में दी है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है।वहीं, जांच अधिकारी बदलने का प्रस्ताव भी भेजा गया है। डीजीपी की ओर से गृह सचिव को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### डीजीपी ने भेजा प्रस्ताव

पुलिस विभाग की ओर से हाईकोर्ट में बताया गया कि, डीजीपी ने गृह सचिव को जांच अधिकारी बदलने का प्रस्ताव भेजा है। इसमें आईपीएस दीपांशु काबरा को नया जांच अधिकारी बनाए जाने का प्रस्ताव है। वहीं आईपीएस प्रशांत कुमार अग्रवाल को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी बनाए जाने की बात कही गई है।

### हाईकोर्ट की निगरानी में आगे बढ़ेगी जांच

जांच अधिकारी बदलने के प्रस्ताव के बाद अब पूरे मामले की आगे की कार्रवाई हाईकोर्ट की निगरानी में होने की स्थिति बन गई है। अगली सुनवाई में विभाग की ओर से जांच अधिकारी बदलने की प्रक्रिया और आगे की कार्रवाई की स्थिति कोर्ट के सामने रखी जा सकती है। पुलिस विभाग के इस कदम को पीड़िता की ओर से जांच में पक्षपात के लगाए गए आरोपों के बाद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, पीड़िता की ओर से लगाए गए आरोपों पर अंतिम निष्कर्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

## घर में घुसा तेंदुआ, 6 को घायल कर कमरे में कैद

### ■ आधी रात यादव परिवार पर टूट पड़ा जंगल का शिकारी, चार पुरुष और दो महिलाएं घायल

**महासमुंद/नवप्रदेश।** बागबाहरा वनपरिक्षेत्र के ग्राम झिटकी में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात जंगल से निकला तेंदुआ अचानक यादव परिवार के घर में घुस गया। आधी रात करीब 1.30 बजे घर में घुसे तेंदुए ने देखते ही देखते परिवार के छह सदस्यों पर हमला कर दिया। चार पुरुष और दो महिलाएं तेंदुए के हमले में घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### 112 से अस्पताल, तीन गंभीर घायलों को रायपुर भेजा

तेंदुए के हमले में घायल सभी छह लोगों को 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर उपचार के लिए महासमुंद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में जांच के दौरान तीन घायलों की हालत गंभीर पाई गई, जिसके बाद उन्हें आगे के उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया।

### चीख-पुकार के बीच कमरे में तेंदुआ को किया बंद

अचानक हुए हमले से घर में चीख-पुकार मच गई। तेंदुए के लगातार हमलावर होने के बावजूद परिवार के सदस्यों ने हिम्मत नहीं खोई। मौका मिलते ही उन्होंने तेंदुए को एक कमरे के भीतर बंद कर दिया। तेंदुए के कमरे में कैद होने से वह घर से बाहर नहीं निकल सका और आसपास मौजूद अन्य ग्रामीणों के लिए बड़ा खतरा टल गया। इसके बाद वन विभाग और पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

**प्रवास :** सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के लीडरशिप डिनर में हुए शामिल, निवेश संभावनाओं पर मंत्रणा

# सीएम साय की 'गार्डन्स बाय द बे' के साथ महत्वपूर्ण चर्चा

### ■ सिंगापुर के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के समक्ष सीएम ने रखीं छत्तीसगढ़ की निवेश संभावनाएं

**रायपुर/सिंगापुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधिमंडल भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा नामांकन के उपरांत सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन (SBF) द्वारा आयोजित प्रथम 'सिंगापुर-इंडिया नेटवर्क फॉर ग्रोथ फोरम 2026' में सहभागिता के लिए सिंगापुर प्रवास पर है।

पहले दिन मुख्यमंत्री श्री साय एवं छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने विश्व प्रसिद्ध 'गार्डन्स बाय द बे' के जनरल मैनेजर, मास्टर प्लानिंग जेसन येओ तथा डायरेक्टर लिम चियाप सॉन्ग सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक की।

बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल को गार्डन्स बाय द बे की मास्टर प्लानिंग, सतत डिजाइन और उद्यान प्रबंधन से जुड़ी उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों की जानकारी दी गई। दोनों पक्षों के बीच उद्यानिकी, वनस्पति संरक्षण, शहरी हरियाली, ईको-टूरिज्म और क्षमता विकास के क्षेत्रों में संस्थागत सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ समृद्ध वनों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### लीडरशिप डिनर में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री साय शाम को एसआईएनजी फोरम की पूर्व संध्या पर सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन द्वारा आयोजित लीडरशिप डिनर में शामिल हुए। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले, सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के चेयरमैन मार्क ली और सीईओ कोक पिंग सून उपस्थित थे ।लीडरशिप डिनर में सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के सदस्यों के साथ मास्टरकार्ड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, नेस्ले और द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के वरिष्ठ प्रतिनिधि तथा छत्तीसगढ़ के 7 सदस्यीय और हरियाणा के 26 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी सहभागिता की।

### 6 को सिंगापुर की कंपनियों के साथ चर्चा

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ को तेजी से उभरते निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के उद्योग जगत को 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण की यात्रा में सहभागी बनने और प्रदेश में निवेश के अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया ।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 5 अक्टूबर को एसआईएनजी फोरम 2026 में सहभागिता करेंगे। इसके पश्चात 6 अक्टूबर को सिंगापुर की प्रमुख कंपनियों से चर्चा करेंगे।

## जशपुर में 3.41 करोड़ का गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर/जशपुर/नवप्रदेश।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस ने लावाकेरा चेकिंग बैरियर पर बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटा आईसर ट्रक से 632 किलो 380 ग्राम गांजा बरामद किया है। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए गांजे को खाली बोतलों से भरी बोरियों के नीचे छिपा रखा था। पुलिस ने मामले में उत्तर प्रदेश निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांजा, ट्रक, मोबाइल और नकदी सहित कुल 3 करोड़ 41 लाख 47 हजार रुपये का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

# असेज वाओ के स्वयंसेवकों ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया

**रायपुर/नवप्रदेश।** चर्च ऑफ गॉड के असेज़ वाओ स्वयंसेवकों ने आज रायपुर रेलवे स्टेशन पर एक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य यात्रियों और स्थानीय समुदाय के बीच स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक चले इस अभियान में लगभग 120 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दस्ताने, झाड़ू और कचरा बैग लेकर, स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन के विभिन्न हिस्सों को साफ करने का काम किया। चूंकि युवा लोग स्वेच्छा से सामुदायिक विकास में भाग ले रहे थे, इसलिए रायपुर रेलवे स्टेशन के प्रबंधन कार्यालय ने दस्ताने, कचरा बैग और अन्य वस्तुएं प्रदान करके उनके स्वयंसेवा कार्य का समर्थन किया।

यह पहल सिर्फ एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि एक जागरूकता अभियान भी था। स्वयंसेवकों ने यात्रियों और स्टेशन कर्मचारियों के साथ बातचीत कर उन्हें कचरे के सही निपटान, गंदगी के हानिकारक प्रभावों और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए उठाए जाने वाले सरल कदमों के बारे में शिक्षित किया।

स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रयास से 17 बड़े कचरा बैग यानि लगभग 160 किलो कचरा इकट्ठे किए गए। इस तरह का ठोस परिणाम इस बात का प्रमाण है कि एक एकजुट समुदाय के प्रयास से कितना बड़ा बदलाव आ सकता है।

असेज वाओ के एक प्रवक्ता ने कहा, ÷हमारा मानना है कि स्वच्छता एक साझा जिम्मेदारी है। एक साथ काम करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि रायपुर रेलवे स्टेशन जैसे हमारे सार्वजनिक स्थान सभी के लिए स्वच्छ रहें।÷

चर्च ऑफ गॉड के एसेज वाओ स्वयंसेवक समुदाय की सेवा और एक बेहतर, स्वच्छ दुनिया बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में नियमित रूप से ऐसे समाज कल्याण के कार्य करते हैं। इस अभियान की रेलवे अधिकारियों और आम जनता ने सराहना की, जिन्होंने स्वयंसेवकों की पहल और समर्पण की सराहना की।

असेज वाओ ने रायपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा और सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों के साथ-साथ महाराष्ट्र, पंजाब, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक आदि राज्यों की सड़कों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों और बाजारों में विभिन्न स्वयंसेवा गतिविधियां संचालित की हैं।

असेज वाओ विश्वभर में Campaigns for Earth के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन का सामना करना, प्लास्टिक कम करना, स्थलीय पारिस्थिति की तंत्र की रक्षा तथा समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा जैसी गतिविधियां संचालित करता है। साथ ही ÒCampaigns for HumanityÓ के माध्यम से कल्याण संवर्धन, आपातकालीन राहत, शिक्षा सहायता तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी गतिविधियां भी विश्व भर में आयोजित करता है। इन सतत प्रयासों के लिए संगठन को अमेरिकी राष्ट्रपति स्वयंसेवा पुरस्कार, पेरू की संसद के अध्यक्ष का प्रशस्ति पत्र तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण पुरस्कार ग्रीन एप्पल अवार्ड और ग्रीन वर्ल्ड अवार्ड सहित लगभग 700 पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

## न्यूज गैलरी

### छत्तीसगढ़ में तीसरे मोर्चे की कवायद तेज, लगभग 50 दलों की संयुक्त बैठक

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तीसरे मोर्चे के गठन की कवायद तेज हो गई है। इस सिलसिले में विभिन्न क्षेत्रीय दलों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक मोर्चों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक तेलीबांधा स्थित होटल बेबीलॉन कैपिटल में आयोजित की गई। बैठक में तीसरे मोर्चे को एकजुट कर भाजपा और कांग्रेस के विकल्प के रूप में मजबूती से चुनाव मैदान में उतारने पर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन, क्षेत्रीय अस्मिता और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर संयुक्त रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में बहुजन समाज पार्टी प्रतिनिधि मंडल जोन प्रभारी खटकर, छत्तीसगढ़िया पार्टी - देवराज साहू, छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच - पुरन लाल साहू, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी - मिथलेश कुमार, भीम आर्मी / आजाद समाज पार्टी - मनोज बंजारे, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ - जितेन्द्र बंजारे, हमर राज पार्टी विनोद नागवंशी, बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा - नवनीत चांद, छत्तीसगढ़ महतारी पार्टी - विवेक पटेल आदि पार्टियों/संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, जल्द ही दूसरे चरण की बैठक कर सीट बंटवारे और साझा घोषणापत्र पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सभी ने एक स्वर में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफभी प्रस्ताव पारित किया की चुनाव में पारदर्शिता आवश्यक है जो वर्तमान में संदिग्ध नजर आ रहा है। नियमों व कानून के अनुसार ही प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

### लाखेनगर से चोरी एक्टिवा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** आजाद चौक थाना क्षेत्र के लाखेनगर में डेली नीड्स दुकान के सामने से एक्टिवा चोरी करने के मामले में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक्टिवा भी बरामद कर ली है, जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार लाखेनगर निवासी आकाश नाशा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 3991 को दुकान के सामने खड़ी कर अंदर चला गया था। कुछ देर बाद वापस लौटने पर एक्टिवा वहां नहीं मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी वाहन का पता नहीं चलने पर उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध क्रमांक 238/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया था। घटना की जांच के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त पुलिस टीम ने प्रार्थी से पूछताछ के साथ ही घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया और चोरी की एक्टिवा तथा आरोपी की तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिस को आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रमोद पाण्डेय को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ में उसने एक्टिवा चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सीजी 04 एनएक्स 3991 बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपी प्रमोद पाण्डेय (32) पिता सुभाष पाण्डेय कंडक्टर कॉलोनी, सुपेला भिलाई, मौर्या टॉकीज के पीछे, स्पर्श अस्पताल के पास, थाना सुपेला, जिला दुर्ग का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफआगे की कार्रवाई की है।

### शौचालय और उज्ज्वला योजना से संजू के परिवार को मिली सुविधा

**रायपुर/नवप्रदेश।** कोरिया जिले के बांधपारा कुडेली की 33 वर्षीय संजू राजवाड़े खेती-किसानी और मजदूरी के जरिए परिवार की जिम्मेदारियां संभालती हैं। शासकीय योजनाओं के माध्यम से उनके परिवार को आवास, स्वच्छता और रसोई से जुड़ी सुविधाओं का लाभ मिला है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत श्रीमती संजू के परिवार को शौचालय की सुविधा मिली है। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन का लाभ प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही परिवार के लिए आवास योजना का आवास स्वीकृत हुआ है।

## निधन

### कंवरलाल पाटनी (जैन)

**रायपुर/किशनगढ़/नवप्रदेश।** प्रसिद्ध मार्बल उद्योगपति एवं वरिष्ठ दानवीर भामाशाह समाजसेवी श्री अशोक पाटनी जी के पूज्य पिताजी, भामाशाह श्री कंवरलाल पाटनी जी का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से किशनगढ़ सहित सम्पूर्ण मार्बल उद्योग जगत और भारत वर्षीय जैन समाज एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। कंवरलाल जी पाटनी को समाजसेवा एवं जनकल्याण मानव सेवा के कार्यों के लिए जाना जाता था। उन्होंने सदैव समाज और जरूरतमंदों की सेवा में बढ़-चढ़कर योगदान दिया। परिजनों के अनुसार पूज्य कंवरलाल जी की अंतिम यात्रा मंगलवार 04-10-2026 को प्रातः10 बजे सावतसर स्थित मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई जहां विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

दुर्ग से मांढर तक 70 रूट किलोमीटर पर स्टैंडर्ड 'कवच' कमीशन

## 'कवच' से संरक्षित हो रही भारतीय रेल की रफ्तार

**रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश।** भारतीय रेल में आधुनिक तकनीक के माध्यम से रेल संरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। दुर्ग से मांढर तक 70 रूट किलोमीटर के सभी रेल मार्गों सहित सरोना-उरकुरा बाईपास लाइन पर स्टैंडर्ड 'कवच' की कमीशनिंग 03 अक्टूबर 2026 को पूर्ण की गई।

इस परियोजना के अंतर्गत 984 ट्रैकसाइड RFID टैग्स को अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था के साथ स्थापित एवं प्रोग्राम किया गया है। RFID प्रणाली का कार्यान्वयन कवच 4.0 के तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप किया गया है।

### क्या है 'कवच'

'कवच' भारतीय रेल के अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन द्वारा विकसित स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है। यह ट्रेनों की गति एवं स्थिति से संबंधित जानकारी के आधार पर संरक्षित परिचालन में सहायता करती है तथा आवश्यकता पड़ने पर स्वचालित ब्रेकिंग के माध्यम से ट्रेन को सुरक्षित रोकने में सक्षम है।

### प्रमुख संरक्षा लाभ

*'कवच' से लैस लोकोमोटिव में निम्न प्रमुख संरक्षा सुविधाएं उपलब्ध होती हैं–*

- आमने-सामने की संभावित टक्कर से बचाव।
- पीछे से होने वाली संभावित टक्कर से बचाव।
- ट्रेन के अनियंत्रित रूप से आगे बढ़ने (Roll-away) से सुरक्षा।
- स्टैंडस्टिल के दौरान अनावश्यक मूवमेंट से सुरक्षा।
- असामान्य रूप से ट्रेन रुकने की स्थिति में ऑनबोर्ड SOS सुरक्षा सुविधा।

रायपुर मंडल में कवच के इस विस्तार से आधुनिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली के दायरे में वृद्धि हुई है, जिससे संरक्षित एवं विश्वसनीय रेल परिचालन को और मजबूती मिलेगी।

### महाराष्ट्र में तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए अरुण साव

**रायपुर/बीड/नवप्रदेश।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव महाराष्ट्र के बीड में आयोजित अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक और सामान्य सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अधिवेशन में देशभर से पहुंचे पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ समाज के विकास, सामाजिक एकजुटता और समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में उप मुख्यमंत्री साव ने संगठन की गतिविधियों और समाज के समक्ष मौजूद विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि तैलिक समाज अपने परिश्रम और ईमानदारी के लिए देशभर में पहचान रखता है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में समाज की भागीदारी और प्रभावी प्रयासों पर भी जोर दिया। साव ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक संवाद और सहभागिता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं।

## गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व में वन्यजीव सप्ताह का आयोजन

**रायपुर/नवप्रदेश।** गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व में वन्यजीव सप्ताह 2026 के तहत विभिन्न जागरूकता और जनभागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों में जंगल की स्वच्छता, प्लास्टिक-मुक्त पर्यटन, ईको-टूरिज्म और वन्यजीव संरक्षण में स्थानीय लोगों की भागीदारी पर जोर दिया गया।

वन्यजीव सप्ताह के दौरान रिजर्व के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। ÷वेस्ट-फ्री गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व÷ और सतत ईको-टूरिज्म की अवधारणा को बढ़ावा देते हुए स्थानीय ग्रामीणों और पर्यटकों ने मिलकर बालमगढ़ी नेचर ट्रेल, टेडिया बांध और च्यूल जलप्रपात सहित अन्य स्थानों की सफाई की। अभियान के माध्यम से पर्यटकों को प्राकृतिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया गया।

### बाइक रैली से गांवों में पहुंचा संरक्षण का संदेश

वन्यजीव संरक्षण को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रामगढ़ के बफर क्षेत्र में बाइक रैली भी निकाली गई। इसमें वन विभाग के कर्मचारियों के साथ टाइगर ट्रैकर्स ने हिस्सा लिया। रैली के दौरान ग्रामीणों को जंगलों की सुरक्षा, अवैध शिकार की रोकथाम और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के महत्व की जानकारी दी गई।

वन विभाग ने लोगों को बताया कि वन्यजीव और जंगलों का संरक्षण केवल विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि स्थानीय समुदाय और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। ग्रामीणों से वन क्षेत्रों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी वन विभाग तक पहुंचाने और वन्यजीवों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने की अपील की गई।

## रायपुर के विद्यार्थियों ने रील्स में दिखाई आसपास की जैव विविधता

**रायपुर/नवप्रदेश।** वन्यजीव सप्ताह 2026 के अवसर पर रायपुर के विद्यार्थियों ने अपने आसपास मौजूद वन्यजीवन और जैव विविधता को कैमरे में कैद कर संरक्षण का संदेश दिया। ÷हमारे आसपास वन्यजीव-रील निर्माण प्रतियोगिता÷ में शहर के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर प्रकृति के छोटे-छोटे पहलुओं को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता का आयोजन वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में रायपुर वन मंडल, छत्तीसगढ़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने कलिंगा विश्वविद्यालय के ग्रीन क्लब एवं प्राणीशास्त्र विभाग के सहयोग से किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की कुल 26 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

**कैमरे में कैद किए पक्षी और छोटे जीव :** विद्यार्थियों ने अपने आसपास मौजूद प्राकृतिक वातावरण में तार पर बैठे पक्षियों, टहनियों पर आराम करती ड्रैगनफ्लाई और घरों के आसपास मौजूद हरियाली सहित विभिन्न जीवों और उनके आवासों को रील के माध्यम से प्रस्तुत किया। इन रील्स में विद्यार्थियों ने यह दिखाने का प्रयास किया कि शहर और उसके आसपास भी वन्यजीवन के लिए कई छोटे-छोटे प्राकृतिक स्थान मौजूद हैं।

## रायपुर सेंट्रल जेल में रेड, सेंट्रल जोन डीसीपी और एडीएम का जॉइंट ऑपरेशन

### जांच के लिए अचानक अफसरों के पहुंचने से मचा हड़कंप

**रायपुर/नवप्रदेश।** सेंट्रल जेल रायपुर में शनिवार को अचानक हड़कंप मच गया. कानून व्यवस्था की जांच के लिए अधिकारियों की फौज ने छापामार कार्रवाई की। रेड की इस कार्रवाई में सेंट्रल जेल में क्राइम एंड साइबर डीसीपी सेंट्रल जोन डीसीपी और एडिशनल कलेक्टर कि संयुक्त टीम शामिल रही। टीम ने जेल परिसर और विभिन्न बैरक में लगभग 4 घंटे तक जांच पड़ताल की।

रायपुर सेंट्रल जेल में रेड

जेल में रेड की इस कार्रवाई का मकसद जेल में अगर कोई प्रतिबंधित वस्त का इस्तेमाल किया जा रहा है, तो उसे पकड़ा जा सके। अफसरों ने करीब 50 पुलिस जवानों के साथ जेल के सभी बैरकों की जांच की। जांच के दौरान किसी भी तरह की कोई आपत्तिजनक वस्तु जेल के भीतर या परिसर से बरादम नहीं हुई। बताया जा रहा है कि रायपुर के साथ ही राज्य के दूसरे जेलों में भी सुरक्षा और त्योहार के मद्देनजर रेड की कार्रवाई की गई है।

तलाशी अभियान के दौरान कोई विशेष आपत्तिजनक अथवा प्रतिबंधित सामग्री बरामद नहीं हुई। कहा जा रहा है कि पुलिस एवं प्रशासन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के तलाशी लिए जाने का उद्देश्य, जेल की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखना और प्रतिबंधित सामग्री के संभावित प्रवेश एवं उपयोग को रोकना है। रेड कि इस कार्रवाई के दौरान पुलिस एवं प्रशासन की बड़ी टीम की एक साथ विभिन्न बैरकों में पहुंचने से जेल परिसर में हड़कंप मच गया।

### 50 जवानों की टीम ने 4 घंटे तक जेल परिसर की चेकिंग

रेड कि इस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने जेल परिसर के साथ-साथ विभिन्न बैरकों में एक साथ पहुंचकर कैदियों एवं उनके सामान की बारीकी से तलाशी ली। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर विभिन्न बैरकों के समानांतर रूप से चेकिंग कराई गई। इस अभियान की निगरानी डीसीपी सेंट्रल जोन विवेक शुक्ला, डीसीपी क्राइम एंड साइबर गौरव मंडल, टीआई कोतवाली दीपक मिश्रा और प्रशिक्षु डीएसपी अमित कोसमा के नेतृत्व में की गई।पुलिस अधिकारियों द्वारा गठित टीमों ने अलग-अलग बैरकों में पहुंचकर कैदियों, उनके सामान तथा बैरक परिसर की सघन तलाशी ली गई। महिला बैरक के लिए अलग टीम गठित कर विशेष रूप से चेकिंग कराई गई।

रायपुर के सेंट्रल जेल में संयुक्त रूप से की गई इस कार्रवाई में क्राइम एंड साइबर डीसीपी स्मृतिक राजनाला, सेंट्रल जोन डीसीपी तारकेश्वर पटेल और एडिशनल कलेक्टर उमाशंकर बाँधे मुख्य रूप से मौजूद रहे। अभियान में लगभग 50 पुलिस जवानों के साथ क्राइम ब्रांच, एसीसी यूनिट और सेंट्रल जोन के विभिन्न थानों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

## अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स को राष्ट्रीय सम्मान

### मध्य भारत में Most Emerging Jewellery Retailer in tiar 2-3 से समानित

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय आभूषण उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित मंच पर मध्य भारत के व्यापारिक कौशल ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। रायपुर के आभूषण जगत में दशकों पुराने और भरोसेमंद नाम अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स प्रा. लि. को इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित IIJA (India International Jewellery Awards) / IBJA Awards Night में संस्थान को Most Emerging Jewellery Retailer in tiar 2-3 की श्रेणी में सर्वोपरि चुना गया है।

यह राष्ट्रीय सम्मान ब्रांड की बेदाग शुद्धता, ग्राहकों के दशकों पुराने अटूट विश्वास, समकालीन एवं पारंपरिक डिज़ाइनों के अनूठे संगम और मध्य भारत में ब्रांड की सुदृढ़ व उत्कृष्ट रिटेल उपस्थिति का प्रमाण है।

आईबीजेए (IBJA - इण्डिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन) देश की सबसे पुरानी, प्रामाणिक और शीर्ष बुलियन संस्थाओं में शुमार है। इस भव्य IIJA अवार्ड नाइट में देश भर के चुनिंदा और अग्रणी ज्वेलरी ब्रांड्स को उनकी विनिर्माण उत्कृष्टता, डिजाइन नवाचार और खुदरा विपणन में असाधारण योगदान के लिए आंका जाता है, जहाँ अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स प्रा. लि. ने अपनी विशिष्ट जगह बनाई है।

इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश-विदेश की कई दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की, जिनमें IBJA के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट श्री पृथ्वीराज कोठारी और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज एवं गोल्ड गोल्ड मेटवेर्स के संस्थापक श्री जिग्नेश शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही बॉलीवुड के जाने-माने सितारे अरबाज खान, अमीषा पटेल, सेलिना जेटली, मीनाक्षी शेषाद्रि और संगीता बिजलानी जैसी मशहूर हस्तियों ने इस शाम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान देश-विदेश के कलाकारों द्वारा विशेष फैशन शो और रंगारंग प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसने इस आयोजन को बेहद खास बना दिया।

इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन तिलोकचंद बरडिया ने कहा की ÷यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्राहकों के उस अटूट भरोसे और स्नेह की मुहर है, जो उन्होंने पीढ़ी-दर-पीढ़ी हम पर बनाए रखा है। हमारी स्थापना के मूल में हमेशा से पारदर्शिता, शुचिता और ग्राहक-संतोष सर्वोपरि रहे हैं, और यही हमारी वास्तविक पूंजी है।

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर नितिन बरडिया ने कहा की ÷यह हमारे लिए बेहद गौरव का क्षण है कि राष्ट्रीय स्तर पर हमारे कार्य और गुणवत्ता को सराहा गया है। हम अपने ग्राहकों को हमेशा बेहतरीन और आधुनिक डिज़ाइनों के साथ बेहतरीन सर्विस देने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

### दिव्यांग बच्चों से पुलिस कमिश्नर ने किया आत्मीय संवाद

**रायपुर/नवप्रदेश।** संवाद से समाधान कार्यक्रम के तहत पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल, राजेंद्र नगर में प्रशिक्षणरत दिव्यांग बच्चों से मुलाकात कर उनके साथ आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, प्रशिक्षण और दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा उनके साथ सहजता से बातचीत की। कार्यक्रम का आयोजन सी-4 सभाकक्ष में किया गया। पुलिस कमिश्नर ने बच्चों से बातचीत के दौरान इशारों की भाषा यानी साइन लैंग्वेज की बेसिक बातें भी सीखीं। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना की।

# भाजपा के सेवा संकल्प अभियान की हुई समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन भी

**■ सेवा संकल्प अभियान - सेवा और संकल्प की भावना से ओतप्रोत जन सेवा का अभियान है: किरण देव**

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में रविवार को 'सेवा संकल्प अभियान' की प्रांतीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में अभियान के तहत अब तक संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा देशभर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चला रही है। 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के माध्यम से देश और प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। श्री देव ने कहा कि 17 सितंबर को प्रदेश में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में कीर्तिमान स्थापित किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आमजनों की सहभागिता रही। यह कार्यक्रम सेवा, समर्पण और राष्ट्र के प्रति संकल्प का प्रतीक बना। सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के 'सेवा ही संगठन' के मंत्र को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम है।

### हम सब एक ही पथ के पथिक हैं: कर्मवीर सिंह

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखकर कार्य किया है। श्री सिंह ने कहा कि हम सब एक ही पथ के पथिक हैं। भाजपा सत्ता में आकर समाज में परिवर्तन करती है और सेवा के माध्यम से लोगों तक पहुँचती है। कोरोना काल में जब पूरी दुनिया भयभीत थी, तब भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुँचकर लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान की थी।

### भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र के लिए समर्पित: अजय

महाराष्ट्र के प्रदेश संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भाजपा समाज में मंथन का कार्य कर रही है। इस अभियान के जरिए लाखों परिवारों, युवाओं, महिलाओं एवं सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से भाजपा कार्यकर्ता सतत संपर्क कर रहे हैं। संपूर्ण समाज में जन-जागरण का अभियान चल रहा है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्रीमोदी ने 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में यह अभियान भी एक महत्वपूर्ण पहल है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से हमें लाभार्थियों से संपर्क करना है और संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है।

### 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में प्रदेश में दो करोड़ दीये जलाए गए : यशवंत जैन

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम प्रभारी यशवंत जैन ने अभियान के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगभग दो करोड़ दीये जलाए गए, जो अपने आप में एक कीर्तिमान है।

### सेवा ज्योति यात्रा 07 अक्टूबर को

बैठक में सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने सेवा ज्योति यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि सेवा ज्योति यात्रा 07 अक्टूबर को प्रत्येक विधानसभा में एक समय में निकली जाएगी। 90 विधानसभा में शक्तिकेंद्रों, मंडलों के मुख्यालय से होकर विधानसभा केंद्रों में सेवा ज्योति यात्रा की तैयारी हो चुकी है। प्रत्येक विधानसभा में एक ज्योति कलश रथ बनाकर भेजा जा रहा है। सभी विधानसभा केंद्रों में प्रधानमंत्री जी के लाइव भाषण के लिए एलईडी मंच, स्थान, विधानसभा अनुसार तय की जा चुकी है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय ने किया।

### भाजपा विचारधारा आधारित पार्टी है, जिसके करोड़ों कार्यकर्ता हैं : पवन साय

झारखंड के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित पार्टी है, जिसके करोड़ों कार्यकर्ता हैं और यह जनसेवा को प्रभु सेवा मानकर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की पार्टी है। श्री साय ने कहा कि देशभर के 22 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, जो सेवा भाव के साथ कार्य कर रही हैं। भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करते हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच सेवा भाव से एक सहयोगी के रूप में पहुँचता है।

## न्यूज गैलरी

### दिव्यांगजनों के लिए रोजगार का अवसर, 7 को वॉक-इन इंटरव्यू

**रायपुर/नवप्रदेश।** दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समाज कल्याण विभाग, रायपुर द्वारा 7 अक्टूबर 2026 को वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन बीपीसीएल एवं मां एड एजेंसी के सहयोग से संभल केन्द्र, आईडीएमएसटी कॉम्प्लेक्स गांधी चौक के पास, रायपुर में किया जाएगा। वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से कुल 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें श्रवण बाधित दिव्यांगजनों के लिए 12 पद तथा अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए 8 पद निर्धारित किए गए हैं। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 8 हजार से 10 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा।वॉक-इन इंटरव्यू 7 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। समाज कल्याण विभाग ने पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाएं।

### कांग्रेस-प्रभारी सुखदेव भगत 6 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आएंगे

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत 6 अक्टूबर की रात रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद 7 से 9 अक्टूबर तक बस्तर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कांकेर और दंतेवाड़ा में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे।वहीं, दंतेवाड़ा के हितालकुड़म-बारसूर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर नुकसान की जानकारी लेंगे। सुखदेव भगत 6 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे रायपुर पहुंचेंगे। रात में रायपुर में ही रुकेंगे।

### मुख्य परीक्षा 2025 की कॉपी अभ्यर्थियों को दे आयोग: कांग्रेस

**रायपुर/नवप्रदेश।** पीएससी की 2025 के मुख्य परीक्षा में बैठे अभ्यर्थी अपनी उत्तरपुस्तिकायें अवलोकन करने मांग रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके मूल्यांकन में गड़बड़ी हुई है उन्हें न्यूनतम अंक अवश्य मिलता। इस वर्ष इंटरव्यू में भी पूरे अभ्यर्थी नहीं जा पा रहे है, ऐसे में इन छात्रों की मांग के अनुरूप पीएससी अपनी विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए छात्रों को उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करवा दे। ताकि अभ्यर्थियों का भरोसा भी बना रहे और आयोग की प्रतिष्ठा भी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला पीएससी अभ्यर्थियों को कापी दे, केवल साक्षात्कार स्थगित करना ही समाधान नहीं है। आयोग 2025 के मुख्य परीक्षा की कॉपी भी अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराये ताकि अभ्यर्थी उनको दिये गये नंबरों का स्वमूल्यांकन कर संतुष्ट हो सके। आयोग ने 2025 की परीक्षा को मुख्य परीक्षा में 265 पदों के विरूद्ध 795 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू के लिये चयनित नहीं किया है। आयोग ने केवल 608 अभ्यर्थियों को ही इंटरव्यू के लिये योग्य माना है। साक्षात्कार 187 अभ्यर्थी कम पहुंचे है, जो 1:3 के नियम के विरुद्ध है। पीएससी का कहना है कि 187 अभ्यर्थी न्यूनतम 66 और 46 नंबर नहीं प्राप्त कर पाये है। श्री शुक्ला ने कहा कि 2024 की परीक्षा में अभ्यर्थियों की जो उत्तर पुस्तिका सामने आयी है, उसके अनुसार मूल्यांकन में बड़े पैमाने पर गड़बड़िया सामने आई थी। अभ्यर्थियो को नंबर गलत दिये गये थे। इसलिये यदि आयोग का दावा है कि उसके मूल्यांकन में 187 अभ्यर्थी इंटरव्यू के लिये योग्य नही है तो उसे इसे प्रमाणित करने उत्तर पुस्तिकाये अभ्यर्थियो को इंटरव्यू के पहले उपलब्ध करवाना चाहिये।उन्होंने कहा कि सीजीपीएससी स्पष्ट करे कि इंटरव्यू स्थगित करने की आवश्यकता क्यों पड़ी, मूल्यांकन और शॉर्टलिस्टिंग को लेकर उठे सवालों की स्थिति क्या है, नई तारीख कब घोषित होगी तथा अभ्यर्थियों की आशंकाओं का निराकरण किस प्रक्रिया से किया जाएगा। कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता केवल परीक्षा कराने से नहीं, बल्कि हर चरण में पारदर्शिता से सुनिश्चित होना चाहिए।

**सुविधा :** अब शैक्षणिक दस्तावेजों के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

# लोक सेवा गारंटी के दायरे में आई माशिमं की कई महत्वपूर्ण सेवाएं

**■ डुप्लीकेट अंकसूची, माइग्रेशन प्रमाण-पत्र सहित कई सेवाओं के लिए 60 दिवस की समय-सीमा**

**रायपुर/नवप्रदेश।** विद्यार्थियों को शैक्षणिक दस्तावेजों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने से अब राहत मिलेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की महत्वपूर्ण सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयबद्ध किया गया है। इससे विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेज निर्धारित प्रक्रिया और समय-सीमा में उपलब्ध हो सकेंगे।

नई व्यवस्था के तहत डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र, डुप्लीकेट अंकसूची, उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तरपुस्तिका की फोटोकॉपी जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं को समय-सीमा से जोड़ा गया है। डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र और डुप्लीकेट अंकसूची के लिए 60 दिवस की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसी तरह उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन और फोटोकॉपी से संबंधित सेवाएं भी निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 60 दिवस की समय-सीमा में प्रदान की जाएंगी।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ही शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए परेशान होना पड़े, यह स्वीकार्य नहीं है। परीक्षा परिणाम के बाद विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण होता है। उच्च शिक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न शैक्षणिक कार्यों के लिए समय पर दस्तावेज उपलब्ध होना आवश्यक है। इसलिए विद्यार्थियों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

इस व्यवस्था का विशेष लाभ उन विद्यार्थियों को मिलेगा, जिन्हें उच्च शिक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षा अथवा अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए डुप्लीकेट अंकसूची, माइग्रेशन प्रमाण-पत्र या उत्तरपुस्तिका से संबंधित सेवाओं की आवश्यकता होती है। समय-सीमा तय होने से विद्यार्थियों और अभिभावकों को उनके आवेदनों के निराकरण को लेकर स्पष्टता मिलेगी और अनावश्यक विलंब पर भी अंकुश लगेगा।

### जवाबदेही-पारदर्शिता और बढ़ेगी

श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को अधिक विद्यार्थीकेंद्रित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी अपना समय पढ़ाई और भविष्य निर्माण में लगाएं, न कि जरूरी दस्तावेजों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने में। लोक सेवा गारंटी के दायरे में इन सेवाओं को शामिल किए जाने से व्यवस्था में जवाबदेही और पारदर्शिता भी बढ़ेगी।शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को विद्यार्थियों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी को दस्तावेज प्राप्त करने अथवा परीक्षा संबंधी प्रक्रिया के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# आयशर में ठूंस कर भरे गए 12 भैंसों की मौत, 2 गिरफ्तार

**■ मंदिर हसौद की घटना, ड्राइवर समेत कई फरार**

**रायपुर/नवप्रदेश।** मंदिर हसौद इलाके में मवेशियों को भरकर ले जा रहे खड़े आयशर वाहन में 12 भैंसें मृत मिलीं। पुलिस के मुताबिक, वाहन में मवेशियों के लिए चारा और पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। पुलिस के पहुंचने पर ड्राइवर और उसके कुछ साथी भाग गए। मौके पर मिले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मंदिर हसौद पुलिस को सूचना मिली थी कि, ग्राम उमरिया धान मंडी के पास आयशर वाहन एमपी 07 जीए-9910 खड़ा है। इसमें बड़ी संख्या में भैंसों को ठूंसकर ले जाया जा रहा है। पुलिस शिकायतकर्ता हरि साहू निवासी रामसागर पारा गुढ़ियारी और उनके साथियों के साथ मौके पर पहुंच पुलिस को देखकर वाहन ड्राइवर और उसके कुछ साथी वहां से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो अंदर 12 भैंसें मृत अवस्था में मिलीं। मौके पर मिले वीरू धृतलहरे और पप्पू उर्फ मनोज बघेल को पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार मवेशियों को अवैध रूप से कत्लखाने ले जाने के लिए परिवहन किए जाने की आशंका है।

### कई धाराओं में केस दर्ज

हरि साहू की शिकायत पर मंदिर हसौद थाने में अपराध क्रमांक 480/26 दर्ज किया गया है। वीरू धृतलहरे, पप्पू उर्फ मनोज बघेल और फरार आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, छत्तीसगढ़ पशु परिवहन अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट और बीएनएस की धाराओं में कार्रवाई की गई है।पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10, छत्तीसगढ़ पशु परिवहन अधिनियम 1978 की धारा 47ए, 49, 54 (1), (2), (3), मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 और बीएनएस की धारा 325, 3(5) के तहत केस दर्ज किया है।

### आगे की कड़ियां खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने मृत मवेशियों का पंचनामा तैयार कर मर्ग कायम किया है। इसके बाद शवों का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। पुलिस अब मामले में आगे और पीछे की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।मवेशियों को कहां से लाया गया था, इन्हें कहां ले जाया जा रहा था और इस परिवहन में और कौन-कौन लोग शामिल थे, इसकी जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस के मुताबिक मामले में सबूत जुटाए जा रहे हैं।

# 5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि, 50 विजेताओं को मिलेंगे 10-10 लाख

**■ सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज-2026 नवाचारों को मिलेगा बड़ा मंच**

**रायपुर/नवप्रदेश।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप, एमएसएमई एवं नवाचारकर्ताओं की प्रतिभा और नए विचारों को प्रोत्साहित करने तथा समाज की वास्तविक समस्याओं के नवाचार आधारित समाधान सामने लाने के उद्देश्य से 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज-2026' का आयोजन किया जा रहा है। चैलेंज के लिए कुल 5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। इसमें 10 प्रमुख क्षेत्रों से कुल 50 विजेताओं का चयन किया जाएगा और प्रत्येक विजेता को 10 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

चैलेंज के अंतर्गत कृषि, कानून एवं व्यवस्था, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, अधोसंरचना एवं मोबिलिटी, स्थिरता एवं जलवायु, उभरती तकनीक, शिक्षा एवं रोजगार सहित 10 प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार आधारित समाधान आमंत्रित किए गए हैं। प्रत्येक क्षेत्र से पांच विजेताओं का चयन किया जाएगा, जिनमें 3 ओपन फॉर ऑल, 1 महिला तथा 1 अंडर-21 श्रेणी के विजेता शामिल होंगे।

इस पहल की खास बात यह है कि चयनित नवाचारों को केवल पुरस्कार तक सीमित नहीं रखा जाएगा। नवाचारकर्ताओं को विशेषज्ञों, उद्योगों, शासकीय विभागों एवं निवेशकों से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा, जिससे उनके विचारों को वास्तविक धरातल पर लागू करने और प्रभावी समाधान के रूप में विकसित करने की संभावनाएं बढ़ेंगी।प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विद्यार्थी, शोधकर्ता, स्टार्टअप, एमएसएमई एवं नवाचारकर्ता भाग ले सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी सेवाइनोवेशनचैलेंज.इन पर आवेदन कर सकते हैं।

'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज-2026' के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान को नवाचार से जोड़ते हुए प्रदेश की युवा प्रतिभाओं और नए विचारों को समाज एवं शासन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान में सहभागी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है।

# फैक्ट्री का कर्ज चुकाने ज्वेलरी शॉप में की चोरी, दो गिरफ्तार

**■ दीवार में छेदकर घुसे, 14 लाख रुपये का सोना-चांदी बोरी में भरा**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में कर्ज और बिजली बिल चुकाने के लिए 2 लड़कों ने ज्वेलरी शॉप में घुसकर चोरी की। आरोपी दीवार में छेद कर श्री लक्ष्मी विनायक ज्वेलर्स शॉप के अंदर घुसे और करीब 14 लाख का सोना-चांदी चुराकर ले गए। घटना का सीसीटीवी सामने आया है।चोरों ने शॉप के अंदर आराम से बैठकर सामान चुराया। इस दौरान वे चोरी का सामान बोरी में भरते दिखे। मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी विशाल सचदेव ने बर्फ की फैक्ट्री शुरू करने के लिए लाखों का कर्ज लिया था। फैक्ट्री नहीं चलने से वह आर्थिक परेशानी में आ गया था। इसके अलावा फैक्ट्री का 7 लाख रुपए बिजली बिल भी बकाया था। इसे चुकाने के लिए उसने अपनी फैक्ट्री में काम करने वाले सूरज ढीमर और एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की।

दरअसल, कर्मा चौक मेन रोड स्थित श्री लक्ष्मी विनायक ज्वेलर्स शॉप है। संचालक सुनील जैन ने पुलिस को बताया कि वह 29 सितंबर की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन 30 सितंबर को सुबह 11 बजे दुकान खोलने पहुंचे। अंदर जाने पर राइट साइड की दीवार की प्लाई गिरी हुई थी।

**डिस्प्ले में रखी ज्वेलरी गायब थी:** फर्नीचर बिखरा था और दीवार में बड़ा छेद था। डिस्प्ले में रखी सोने-चांदी की ज्वेलरी भी गायब थी। इसके बाद उन्होंने गुढ़ियारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और पुलिस चौकी रामनगर की संयुक्त टीम बनाई गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के हजारों फुटेज खंगाले। साथ ही मुखबिरों से जानकारी जुटाई गई।

# रायपुर में अग्राथॉन-4.0 में लोगों ने लगाई देशभक्ति की दौड़

**■ 'वंदे मातरम्-रन फॉर नेशन' का दिया संदेश, देशभर से पहुंचे धावकों ने बढ़ाया उत्साह**

**रायपुर/नवप्रदेश।** अग्रवाल सभा और अग्रवाल युवा मंडल की ओर से रविवार को रायपुर के मरीन ड्राइव में अग्राथॉन 4.0 'वंदे मातरम्-रन फॉर नेशन' का आयोजन किया गया। राष्ट्रप्रेम, स्वास्थ्य और सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुई इस दौड़ में करीब 3500 से 4000 लोगों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के साथ उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और नोएडा से भी प्रतिभागी

पहुंचे। इस कार्यक्रम में रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अवनीश शरण सिंह ने दौड़ में हिस्सा लेकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। नगर निगम आयुक्त समबीत मिश्रा, बेमेतरा पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल और भाजपा कोषाध्यक्ष राम गर्ग सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। युवाओं, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कहा कि अग्राथॉन स्वास्थ्य, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला अभियान है। अग्रवाल युवा मंडल अध्यक्ष सीएस सौरभ अग्रवाल ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं को फिटनेस, सकारात्मक सोच और राष्ट्रसेवा से जोड़ना है।

**राजनीति:** कार्यक्रम में पहुंचे चिराग पासवान ने मीडिया से बातचीत में दी जानकारी

# छत्तीसगढ़ में भी लोजपा की राज्य ईकाई बनाने की घोषणा

**रायपुर/नवप्रदेश।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे हुए हैं। वे राजधानी रायपुर के जेल रोड स्थित मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित रोल बोल यूथ कान्क्लेव-2026 में शामिल होंगे। यह तीसरा यूथ कॉन्क्लेव है। युवाओं के साथ संवाद के अलावा चिराग पासवान प्रदेश इकाई के साथ पार्टी की चुनावी रणनीति को लेकर भी बैठक करेंगे।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोक जनशक्ति पार्टी की राज्य इकाई स्थापित की जाएगी।

रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारोंसे चर्चा के दौरान चिराग पासवान ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में युवाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग मंचों के माध्यम से युवाओं से संवाद करना बेहद जरूरी है। पार्टी की ओर से 'यूथ बोले' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) अलग-अलग राज्यों में अपना विस्तार करने की दिशा में काम कर रही है। उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी हम चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी चुनावी रणनीति को लेकर पार्टी की राज्य इकाई के साथ आज बैठक होगी।

### चुनाव आयोग पर क्या बोले चिराग पासवान?

चुनाव आयोग पर संदेह को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि देश में किसी भी मतदाता को यदि चुनाव आयोग पर संदेह है, तो आयोग को उनका विश्वास जीतना होगा। उन्होंने कहा कि एसआईआर में जितने भी नाम काटे गए हैं, वे आम लोग नहीं थे। अगर आम मतदाता का नाम कटता तो बड़े रूप में आंदोलन होता।कांग्रेस द्वारा सभी चुनाव रद्द कर दोबारा चुनाव कराने की मांग पर चिराग पासवान ने कहा कि क्या हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस दोबारा चुनाव कराएगी? क्या राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और जितने भी कांग्रेस के विधायक हैं, वे चुनाव लड़ेंगे? उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम आवाज उठाना है, लेकिन उनकी आवाज कुछ दिनों में खो जाती है। आज एसआईआर आने के बाद ईवीएम का मुद्दा कांग्रेस ने गायब कर दिया।

### छत्तीसगढ़ में बीजेपी को समर्थन के सवाल पर क्या बोले चिराग?

छत्तीसगढ़ में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की इकाई स्थापित होने के बाद क्या पार्टी यहां भी बीजेपी को सपोर्ट करेगी, इस सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि समय और परिस्थिति को देखते हुए राज्य इकाई निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में हम इंडिविजुअल कार्य कर रहे हैं।

## सुविचार

सुखी वो नही जिसके पास सब कुछ है, सुखी वो है जिसके पास संतुष्टि है : अज्ञात

## पुरुषों के खिलाफ नारेबाजी के मायने

देश की राजधानी नई दिल्ली पर एक यूनिवर्सिटी की हजारों छात्राओं ने पुरुषों के खिलाफ नारेबाजी कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। एक कचौड़ी दो समोसा, मर्दों का क्या भरोसा से लेकर एक सुट्टा दो चाय, मर्द जात हाय-हाय तक कई नारे गढ़े गए हैं। क्रिया की प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है। पुरुषों ने भी लगे हाथ महिलाओं के खिलाफ भी इससे मिलते जुलते नारे बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसे देखकर लगता है मानो दोनों के बीच अंताक्षरी चल रही है या फिर कव्वाली का मुकाबला हो रहा है। छात्राओं द्वारा ईजाद किए गए नारों का बहुत से लोग समर्थन कर रहे हैं तो बहुत सारे लोग इसका विरोध कर रह रहे हैं। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि पुरुषों के खिलाफ इस तरह के नारों के मायने आखिर क्या हैं? इन नारों का विरोध करने वालों का तर्क है कि कुछ मर्दों की काली करतूत के लिए पूरी पुरुष जाति पर आक्षेप लगाना गलत है। जो लड़कियां इस तरह के नारे लगा रही हैं क्या उनके घर में भाई या बाप नहीं है? यदि है तो क्या उन्हें अपने भाई और पिता पर भी भरोसा नहीं है। सीमा की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले फौजी भी पुरुष हैं क्या इन फौजियों पर भी लड़कियों को भरोसा नहीं है? वहीं दूसरी ओर ऐसा नारा लगाने वाली छात्राओं और उनका समर्थन करने वाले यह तर्क दे रहे हैं कि यह नारे सभी पुरुषों के लिए नहीं है बल्कि उन पुरुषों के खिलाफ है जो महिलाओं को अपमानित और प्रताड़ित करते हैं। यदि ऐसा है तो नारे में स्पष्टता होनी चाहिए। नारे तो ऐसे गढ़े गए हैं मानो पूरी पुरुष जाति ही अपराधी है। यह ठीक है कि पुरुष प्रधान इस समाज में आज भी महिलाओं को उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है। उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। महिलाओं के प्रति हिंसा और अपराध के मामले भी बढ़ रहे हैं। महिलाएं खुद को घर और बाहर कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है लेकिन इसके लिए पूरी पुरुष जाति पर आक्षेप नहीं लगाना चाहिए। पिता, पति, भाई और दोस्त के रूप में वही पुरुष महिलाओं की रक्षा भी तो करता है। भारतीय संविधान ने पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार दिए हैं। महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया भी बदल रहा है। महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान भी किए गए हैं। इसके बावजूद महिलाएं अपमानित और किसी भी रुप में प्रताड़ित हो रही हैं तो उन्हें अन्याय और अत्याचार का विरोध करने का पूरा अधिकार है। उन्हें अपनी लड़ाई लड़ने के लिए आगे आना भी चाहिए लेकिन पूरी पुरुष जाति को कटघरे में नहीं खड़ा चाहिए।

## सरकारी स्कूलों के दिन बहुरने की उम्मीद

छत्तीसगढ़ में सरकारी स्कूलों में एक बड़ी समस्या अध्ययन कक्षों की कमी रही है। साल दर साल विद्यार्थियों की संख्या तो बढ़ती जाती है लेकिन उस अनुपात में अतिरिक्त कमरे नहीं बन पाते। नतीजतन विद्यार्थियों को जर्जर शाला भवनों के खस्ताहाल कमरों में पढ़ाई करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। बहरहाल अब प्रदेश के बदहाल सरकारी स्कूलों के दिन बहुरने की उम्मीद बंधी है। छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण अब वीबी जी राम जी की सहायता से हो सकेगा। इसके अंतर्गत स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए एक लाख रुपये तक की राशि प्रदान की जाएगी। इस संदर्भ में वीबी जी राम जी के आयुक्त एवं लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। स्कूलों में अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता के बारे में स्कूल वार सूची लोक शिक्षण संचालनालय उपलब्ध कराएगा। इसके बाद ग्राम सभा के अनुमोदन के पश्चात अतिरिक्त कक्ष का निर्माण शुरू कराया जाएगा। निश्चित रुप से इससे सरकारी स्कूलों में स्थानाभाव की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। इसके साथ ही सरकार को चाहिए कि वह बाबा आदम के जमाने के पुराने जर्जर स्कूलों की भी सुध ले जो खंडहर के रूप में तब्दील हो रहे हैं और वहां छात्र छात्राएं अपनी जान हथेली पर रखकर पढ़ने के लिए विवश हैं। आज दिन ऐसे जर्जर शाला भवनों की छत टूटकर गिरने से कई छात्रों के हताहत होने की खबरें सामने आती रहती है। कई जगह स्थिति यह है खुद का शाला भवन कंडम होने के कारण किराए के मकानों में कक्षाएं संचालित करने की नौबत आ गई है जहां छात्र छात्राओं को शैक्षणिक वातावरण नहीं मिल पाता और पढ़ाई करने में भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। नतीजतन लोगों का सरकारी शालाओ से मोहभंग होने लगा है और वे निजी स्कूलों का रुख करने लगे हैं। सरकार को चाहिए कि वह खंडहर नुमा पुराने शाला भवनों की जगह नये शाला के निर्माण के लिए भी इसी तरह की पहल करे ताकि सरकारी स्कूलों की उपयोगिता कायम रहे।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली(वार्ता)।** 1793 - फ्रांसीसी क्रांति के दौरान फ्रांस में ईसाई धर्म विस्थापित हुआ। 1796 - स्पेन ने इंग्लैंड के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की। 1805 - भारत में ब्रिटिश राज के दूसरे गवर्नर जनरल व कमांडर इन चीफलार्ड कार्नवालिस का गाजीपुर में निधन। 1864 - कलकत्ता शहर में चक्रवात से लगभग 50,000 लोगों की मौत। 1915 - बुल्गारिया ने प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लिया। 1946 - पहले कान फिल्म समारोह का समापन। 1948 - तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्क़ाबात में भूकंप से 110,000 लोगों की मौत। 1962 - जेम्स बॉड सीरीज की पहली फिल्म 'डॉ. नो' रिलीज हुई। 1988 - ब्राजील की संविधान सभा ने संविधान को मंजूरी दी। 1989 - न्यायमूर्ति मीरा साहिब फ़ातिमा बीबी सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज बनी। 1995 - आयरलैंड के कवि एवं साहित्यकार हीनी को वर्ष 1995 के साहित्य पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा। 1997 - राजधानी कम्पाला से नील नदी को स्रोत जिन्जा में प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया, भारतीय टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस तथा महेश भूपति ने जिम कूरियर तथा एलेक्स ओ ब्रायन को पराजित कर 'चाईना ओपन टेनिस टूर्नामेंट' का ख़िताब जीता। 1999 - भारत ने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर होने वाली विशेष बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया। 2000 - यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति मिलोसेविच के ख़िलाफ़ विद्रोह।

# राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण रिपोर्ट : छत्तीसगढ़ की प्रगति और चुनौतियां

डॉ. शिवेन्द्र बहादुर
भूगोलविद्
उत्तर बस्तर कांकेर

**राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 (NFHS-6), 2023-24 की रिपोर्ट 29 मई 2026 को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी की गई। यह केवल एक स्वास्थ्य सर्वेक्षण नहीं, बल्कि भारत में स्वास्थ्य, पोषण, मातृ एवं शिशु कल्याण तथा सामाजिक विकास की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने वाला सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है। इस रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास की स्थिति कैसी है, इसे जानना एवं समझना महत्वपूर्ण है जो राज्य की वर्तमान उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य के विकास की दिशा को समझने की दृष्टि से अत्यंत कारगर है।**

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-6, 2023-24) की रिपोर्ट ने छत्तीसगढ़ के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य विकास की एक नई तस्वीर प्रस्तुत की है। वर्ष 2019-21 में प्रकाशित हस्र॥स-5 की तुलना में राज्य ने कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन साथ ही कुछ ऐसे संकेतक भी सामने आए हैं जो भविष्य के लिए गंभीर चिंता पैदा करते हैं। इस रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ कि छत्तीसगढ़ अब केवल कुपोषण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य जैसी पारंपरिक चुनौतियों से नहीं जूझ रहा है, बल्कि बदलती जीवनशैली, गैर-संचारी रोगों और सामाजिक व्यवहार से जुड़ी नई समस्याओं का भी सामना कर रहा है। इसलिए यह रिपोर्ट केवल उपलब्धियों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की विकास नीति के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक भी है।

रिपोर्ट का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में दिखाई देता है। राज्य में स्वास्थ्य बीमा का दायरा पिछले सर्वेक्षण की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। हस्र॥स-5 में जहां केवल 71.4 प्रतिशत परिवार किसी न किसी स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़े थे, वहीं NFHS-6 में यह आंकड़ा बढ़कर 90.5 प्रतिशत हो गया है। 19.1 प्रतिशत अंकों की यह वृद्धि बताती है कि आयुष्मान भारत योजना और राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अब पहले की तुलना में कहीं अधिक परिवारों तक पहुंचा है। इससे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों पर इलाज का आर्थिक बोझ कम हुआ है।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। गर्भावस्था की पहली तिमाही में प्रसवपूर्व जांच कराने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। प्रसवपूर्व कम से कम चार बार जांच कराने वाली महिलाओं का प्रतिशत भी पहले की तुलना में काफी बढ़ा है। सबसे उल्लेखनीय सुधार गर्भावस्था के दौरान 180 दिनों या उससे अधिक समय तक आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां सेवन करने वाली महिलाओं में देखा गया, जिनका प्रतिशत लगभग दोगुना हो गया है। इन सुधारों का सीधा संबंध मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और कम वजन वाले बच्चों के जन्म में कमी से है। यह संकेत देता है कि स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं अब गांवों तक पहले की तुलना में अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं।




शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ ने सकारात्मक प्रगति की है। दस या उससे अधिक वर्षों की स्कूली शिक्षा प्राप्त करने वाली महिलाओं का प्रतिशत बढ़ा है, वहीं पुरुषों की शैक्षणिक स्थिति में भी सुधार दर्ज किया गया है। इंटरनेट का उपयोग करने वाली महिलाओं की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है, जबकि पुरुषों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महिलाओं के बैंक खातों और स्वयं के मोबाइल फोन के उपयोग जैसे संकेतकों में सुधार यह दर्शाता है कि राज्य में महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक भागीदारी लगातार मजबूत हो रही है। घरेलू निर्णयों में महिलाओं की सहभागिता पहले से बेहतर हुई है और मासिक धर्म के दौरान स्वच्छ साधनों का उपयोग भी बढ़ा है। यह परिवर्तन केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि सामाजिक सोच में बदलाव का भी संकेत है।

रिपोर्ट का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि बाल विवाह में कमी आई है। 18 वर्ष से पहले विवाह करने वाली लड़कियों का प्रतिशत घटा है, जबकि पुरुषों में भी कम उम्र में विवाह की प्रवृत्ति में कमी दर्ज की गई है। यह सुधार शिक्षा के बढ़ते स्तर, सरकारी जागरूकता अभियानों और समाज में बदलती सोच का परिणाम है। इसके साथ ही दो से चार वर्ष आयु के बच्चों के प्री-स्कूल नामांकन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो प्रारंभिक शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।

पोषण के क्षेत्र में रिपोर्ट मिश्रित तस्वीर प्रस्तुत करती है। सकारात्मक पक्ष यह है कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में स्टंटिंग (आयु के अनुसार कम ऊंचाई) और गंभीर कुपोषण (सीवियर वेस्टिंग) में कमी दर्ज की गई है। यह दर्शाता है कि आंगनबाड़ी सेवाएं, पूरक पोषण कार्यक्रम और शिशु स्वास्थ्य योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव दिखाई देने लगा है। हालांकि यह सफलता पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती, क्योंकि इसी रिपोर्ट में बच्चों में वेस्टिंग (ऊंचाई के अनुसार कम वजन) एवं अंडरवेट (आयु के अनुसार कम वजन) के प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई है। इसका अर्थ है कि छत्तीसगढ़ में बच्चों के कुपोषण के कुछ संकेतकों में सुधार हुआ है, लेकिन वेस्टिंग और अंडरवेट में वृद्धि से स्पष्ट है कि बाल कुपोषण अभी भी एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। यह स्थिति बताती है कि केवल भोजन उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है, बल्कि संतुलित आहार, स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और संक्रमण से बचाव पर भी समान रूप से ध्यान देना होगा।

रिपोर्ट का सबसे चिंताजनक पक्ष जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का तेजी से बढ़ना है। महिलाओं और पुरुषों दोनों में उच्च रक्त शर्करा (डायबिटीज) के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। महिलाओं में मोटापे की दर भी तेजी से बढ़ी है और पुरुषों में भी इसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि राज्य अब संक्रमणजनित बीमारियों के साथ-साथ गैर-संचारी रोगों की चुनौती का भी सामना कर रहा है। बदलती खान-पान की आदतें, शारीरिक श्रम में कमी, बढ़ता तनाव और असंतुलित जीवनशैली इस स्थिति के प्रमुख कारण हैं।

विडंबना यह है कि एक ओर मोटापा बढ़ रहा है तो दूसरी ओर कम वजन वाले वयस्कों की संख्या भी बढ़ी है। अर्थात् छत्तीसगढ़ एक साथ दो प्रकार की पोषण संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है। इसे ÷डबल बर्डन ऑफ मालन्यूट्रिशन÷ कहते हैं, जहां समाज का एक वर्ग पर्याप्त पोषण नहीं प्राप्त कर पा रहा है, जबकि दूसरा वर्ग असंतुलित भोजन और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण मोटापा और मधुमेह जैसी बीमारियों का शिकार हो रहा है। यह स्थिति भविष्य में स्वास्थ्य व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती है।

# युवा जनसंख्या, जेन जी पर राष्ट्र बोध की वैचारिकता जरूरी

संजीव ठाकुर

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, वर्तमान का कठोर श्रम सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होता है। इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 80 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 141 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि ÷आशाओं पर आकाश टिका हुआ है÷ और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।

## पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरे ख्वाबों में मैं होता हूँ, एक अनन्त आकाश होता है ,मेरी आँखों में सूरज सी चमक होती है , मेरे जिस्म में ऊर्जा का भंडार होता है , मेरे जिस्म में उजली सी चमक निकल रही होती है ,मेरे ख्वाबों में मैं होता हूँ , मुझमे मेरी रूह की मौजूदगी होती है, मेरी पीठ पर निकले पर होते है , उजली सी मेरी तस्वीर होती है, मेरे ख्वाबों में मैं होता हूँ, न कोई जंजीर होती है, ना कोई रोक होती है, मेरे ख्वाबों में मैं होता हूँ, हर बंधन से मुक्त ,स्वत्रंत उड़ती मेरी रूह होती है।

**- नमन कुमार मिश्रा**

वापसी का सफ़र बड़ा कठिन होता है, न राह कटती है, न कोई मुकाम आता है। सिर पर ढोना पड़ता है खोए हुए रिश्तों का बोझ, और मन की गहराइयों में टूटे हुए सपनों की फेहरिस्त चुपचाप सुलगती रहती है।

**- सरिता सेल**

अजनबी राहें अंजानी मंज़िल मिला वो अजनबी मुसाफिर मासूम चेहरा कुछ गहरी आँखें बिखरे-बिखरे बाल अचानक से साथ चलते चलते एक छोटी-सी मुलाकात थोडी सी बातें कुछ अपनी कुछ उसकी थोड़ा सा अपनापन थोड़ा सा प्यार जिन्दगी भर के बहुत सा सुकून और... उम्र भर के लिये मधुर स्मृति दे जाते हैं...!!- **डॉ. अर्चना खण्डेलवाल**

उठी दीवार आंगन में बहन आंसू बहाती है अगर माँ बीच में होती तो बटवारा नहीं होता। खुदा का घर दिलों में है ये इंसाँ जान लेता गर न मंदिर मस्जिदें होतीं ओ गुरद्वारा नहीं होता।

**- सतीश मैथिल तनुज**

आज छोटी है मगर ये कल बड़ी हो जाएगी; चल रही है पेट के बल कल खड़ी हो जाएगी। ये लकीरें हैं नदी सी एक सी रहती नहीं , आज की गंगोतरी कल सुरसरी हो जाएगी। मसखरी मत कर निशाने रख किसी की रहबरी, देहरी उस की कहीं कल कचहरी हो जाएगी। गल रही है आग पी किरणें अभी है दुपहरी, देखना यह साँझ तक गल सुनहरी हो जाएगी। जिसको कहते फालतू हैं यह महज तुकबंदियां, चढ़ गई जो मंच पर कल शायरी हो जाएगी ।

**- पंकज कुमार बसंत**

मुस्कुराते हुए देखा करती हूँ अब मैं - अतीत का चलचित्र, पक्षियों ने दिये हैं मुझे पँख भविष्य की उड़ानों के लिए और सिखाया है अब जीना, तुम अव्वल हो बेशक हर हुनर में और रहोगे भी सदा है यह गुमान भी तो तुम्हें,, परंतु मेरी जीत निश्चित है अब कि तुम्हें अब जीना कल भी न आया था और न कल ही आएगा क्योंकि तुम आलिम हो और मैं तो हूँ बेवकूफ़ तुम्हारी नज़र में। **- शुचि 'भवि'**

भारती की शान बन भारतीय आन बन बन राज भाष हर घर मुसका रही।। सूर, तुलसी, कबीर यां वो हिंद के हों वीर राज भाषा हिंद की ही सबको लुभा रही।। गाओ गान हिन्द वासी, राष्ट्र? के तुमही हो वासी भेद जैसे हिन्दी भाषा दिल के भुला रही।। साथ साथ मिल चलो सीरिता समान बहो जैसे हिन्दी भाषा साथ सबको बहा रही।।

**- रानी इंदु**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेषः** आज दिन के कुछ भाग को छोड़ शेष समय अशुभ फलदायी रहेगा। दिन के आरम्भ से ही विवाद का भय रहेगा आज किसी की बातों में ना आए अन्यथा दांपत्यजीवन में कलह-क्लेश हो सकता है।

**वृषः** आज का दिन आपको अनुकूल फल देगा। आज आपका स्वभाव एवं व्यवहार बनावटी रहेगा दिखावा अधिक पसंद करेंगे।

**मिथुनः** आपका आज का दिन आनंददायक रहेगा। आज के दिन आपका बुद्धि विवेक जाग्रत रहेगा प्रत्येक कार्य सोच समझ कर ही करेंगे।

**कर्कः** आज का दिन प्रतिकूल रहने से लगभग सभी कामो में अड़चने आएंगी। पूर्व में किये निवेश का धन फंसने अथवा हानि होने से मानसिक व्याकुलता रहेगी।

**सिंहः** आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में समाज के श्रेष्ठ लोगो से पहचान होगी परन्तु घर के ही किसी सदस्य को इससे परेशानी होसकती है फिर भी निकट भविष्य को देखते हुए लाभदायक रहेगी।

**कन्याः** आज आपका दिन का अधिकांश भाग कार्य करते हुए भी आनंद, मनोरंजन में बीतेगा। कार्य क्षेत्र पर कई दिनों से बन रही बाधाएं दूर होने से नए प्रयोग अपनाएंगे।

**तुलाः** आज दिन आपके लिए आपके लिए लाभदायी रहेगा। आज प्रातःकाल के समय दिनचर्या थोड़ी सुस्त रहेगी लेकिन मध्यान आते आते गति पकड़ लेगी।

**वृश्चिकः** आज का दिन आपके लिए उतार चढ़ाव से भरा रहेगा। दिन के आरम्भ से ही किसी अन्य के काम से भाग दौड़ करनी पड़ेगी फिर भी तुरंत कोई निष्कर्ष ना निकलने पर मायूस होंगे।

**धनुः** आज आप का दिन लाभदायक सिद्ध होगा। आज भौतिक सुख के साधनो में वृद्धि होगी इसके ऊपर खर्च भी बजट से ज्यादा होगा फिर भी आज व्यापार में उन्नति के साथ-साथ पुराने रुके धन की उगाही होने पर खर्च अखरेगा नही।

**मकरः** आज का दिन आपको मिला-जुला फल देगा। आज दिन के आरम्भ से ही बे फिजूल की मानसिक दुविधाओं और उलझनों के कारण कार्य में उत्साह नहीं रहेगा।

**कुंभः** आज का दिन शुभफलदायी है। आज आपको प्रातः काल से ही धन लाभ की संभावनाएं बनने लगेंगी लेकिन टलते टलते मध्यान के आस पाँच ही हो पाएगी।

**मीनः** आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा। पूर्व में बरती लापरवाही एवं असंयमित खान-पान एवं कार्य की अधिकता के कारण सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। सर पेट, कमर, घुटनो की समस्या रहने से बेचैनी रहेगी।

## QUIZ TIME

1. भारत में प्रवेश करने के बाद कर्णाली नदी को किस नाम से जाना जाता है?
2. किस शहर में एक सड़क का नाम बदलकर डोनाल्ड ट्रम्प एवेन्यू रखा गया?
3. दुनिया की पहली न्यूक्लियर प्रोसेस हीट-आधारित हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा किस देश ने शुरू की है?
4. लद्दाख का पहला हेरिटेज विलेज किसे घोषित किया गया है?
5. एशियाई खेल 2026 में महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में भारत की विथ्या रामराज ने कौन-सा पदक जीता?

उत्तरमाला- (1) घाघरा नदी | (2) हैदराबाद | (3) भारत | (4) कुम्कि | (5) कांस्य

RamaQuiz

## पहेली

**शब्द सामर्थ्य -180**

# विकसित भारत 2047 के विजन को रखने के लिये प्राचार्य एवम शिक्षक उतरे रंग मंच पर

**नगरी/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यालय को सामाजिक चेतना का केंद्र बनाने की बात की गई है। एक ऐसा केंद्र जहाँ समूचे समाज के सम्पूर्ण विकास हेतु मार्गदर्शन मिले। इसी बात को ध्यान में रखकर सेजेस सिंगपुर के प्राचार्य एवम शिक्षकों ने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। विशाल स्वास्थ्य शिविर में हजारों की संख्या में उपस्थित पालकों के समक्ष विकसित भारत के चार स्तम्भ युवा, महिला ,गरीब एवम किसान की वर्तमान स्थिति से लेकर विकसित भारत के बाद की स्थिति का बखूबी चित्रण नाटक के जरिये किया गया।

विकसित भारत 2047 को प्रदर्शित इस नाटक की खास बात यह रही कि नाटक के पूरे पात्र शिक्षक ही थे। संकोच को छोड़कर प्राचार्य एवम शिक्षकों ने मंच का रंग ऐसा जमाया कि आसपास से उपस्थित पालकों के साथ जिला एवम राज्य से आये डॉक्टरों ने भी नाट्य प्रदर्शन पर खूब तालियां बजायी। भावुक क्षणों में लोगों की आंखों से आँसू भी निकले और नाटक के अंत में देश भक्ति का जोशीला भाव भी देखने को मिला।

उपस्थित लोग देश भक्ति गानों के साथ झूमने पर मजबूर हो गए नाटक में युवाओं के लिए सन्देश यह था कि वे नशे से दूर रहकर प्राचीन शिक्षा, भारतीय संस्कारों के साथ टेक्नोलॉजी , इन्नोवेशन एवम उद्यमिता को अपनाएं। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवम अधिकारियों ने जाना एवम समझा कि महिलाओं को सामाजिक ,आर्थिक एवम राजनीतिक दृष्टि से सक्षम बनाते हुए समुद्र के नीचे से आकाश तक बराबर का हक देने से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। गरीबों की समुचित मदद कर उन्हें मूलभुत सुविधा यथा आवास,पेयजल,चिकित्सा,शिक्षा उपलब्ध कराए बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। किसानों की आय को बढ़ाना,कृषि कार्य में तकनीकों का उपयोग, नवाचार को बढ़ावा देने की वकालत नाटक में की गई। स्वस्थ जीवन के लिए कुप्रथाओं, अंधविश्वासों को छोड़ योग,ध्यान , परस्पर सहयोग,उचित खानपान के साथ आधुनिक चिकित्सा को अपनाने की सीख नाटक के जरिये दी गई।इस नाटक की खास बात यह थी कि सेजेस सिंगपुर के प्राचार्य से लेकर चपरासी तक सभी ने नाटक में भाग लेकर पालकों का दिल जीत लिया। ग्राम पंचायत तथा एस एम डी सी सदस्य,पालकों के साथ बाहर से आये हुए चिकित्सकों ने सेजेस स्टाफ का सम्मान किया। इस गरिमामय सम्मान समारोह के साक्षी बनने वालों में वीरेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष,टीकाराम कंवर जिला पंचायत सदस्य,खिलेश साहू उपाध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष,रोहित मोहन साहू ब्लॉक अध्यक्ष भाजपा,विजय यदु, बबीता योगेश्वर ध्रुव, हेमलता ध्रुव जिला उपाध्यक्ष भाजपा,गजेंद्र दीवान जनपद सदस्य, राधेलाल साहू सोसायटी अध्यक्ष,धनन्जय साहू उपाध्यक्ष भाजपा,अयूब खान सदस्य भाजपा,सरपंच लोमेश्वर साहू,जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. के.टोंडर , बी. एम .ओ. शारदा ठाकुर, डॉ. प्रिया कंवर,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,डॉ. खगेश्वर रात्रे,डॉ. प्राची साहू, डॉ. विभोर नंदा, डॉ. भूपेंद्र सोनी, डॉ. अनिल जैन,माधव सिंह ठाकुर, सेजेस सिंगपुर के अध्यक्ष डिगेंद्र निर्मलकर, डॉ हेमंत साहू ,रोहित बोर्झा, मुकेश कुमार साहू,आदि के नाम प्रमुख हैं।

नाटक के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने एक जिम्मेदार नागरिक बनते हुए विकसित भारत 2047 के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

विद्यालय को बताया जीवन की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव

# जहां गढ़ा व्यक्तित्व, वहीं लौटे अजय चंद्राकर

■ **चित्रकला में 20 और भाषण में 5 विद्यार्थी राज्यस्तर के लिए चयनित**

**कुरूद/नवप्रदेश।** कुछ जगहें केवल ईंट-पत्थरों से बनी इमारतें नहीं होतीं, वे जीवन की नींव होती हैं। ऐसी ही स्मृतियों से जुड़ा अपना पुराना विद्यालय परिसर जब पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर ने देखा तो वर्तमान के बीच अतीत जैसे सामने आ खड़ा हुआ। कभी जिन गलियारों में विद्यार्थी बनकर कदम बढ़ाए थे, उसी परिसर में लौटकर उन्होंने कहा–÷मैं आज जहां पर हूं, जैसा हूं और जिस मुकाम पर खड़ा हूं, उसमें इस परिसर का बहुत बड़ा प्रभाव है।÷ उनके इस भावुक जुड़ाव के बीच सेवा संकल्प पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विकसित भारत, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिजिटल इंडिया और राष्ट्र निर्माण के विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकर्ण साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, रविकांत चंद्राकर, त्रिलोकचंद जैन, मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू, कल्याण सिंह, कृष्णकांत साहू सहित जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, तहसीलदार सूरज बंछोर, सहायक संचालक रघुनंदन वर्मा, एसडीएम पीयूष तिवारी, ब्लॉक शिक्षक/शिक्षा अधिकारी राजेश बैंस, बीआरसी कुलेश्वर सिन्हा, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, पालकगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

चित्रकला प्रदर्शनी में दिखी विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच

कार्यक्रम के दौरान श्री चंद्राकर ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का भी उत्साहवर्धन किया। भाषण प्रतियोगिता में 5 छात्र-छात्राओं का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ, जबकि चित्रकला में 20 विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया। श्री चंद्राकर ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**पुराने विद्यालय में लौटे तो बचपन फिर सामने आ गया:** अपने पुराने विद्यालय परिसर में पहुंचने का अनुभव श्री चंद्राकर के लिए भावनात्मक रहा। उन्होंने कहा, ÷आज उसी परिसर में खड़े होकर लगा, जैसे समय कुछ पल के लिए ठहर गया हो। उसी विद्यालय की गलियों में मेरा बचपन फिर लौट आया। पुरानी यादें आंखों के सामने ताजा हो गईं और लगा, जैसे वर्षों पहले का वह विद्यार्थी आज फिर अपने विद्यालय की दहलीज पर खड़ा है।

उन्होंने कहा कि इस विद्यालय ने उनके व्यक्तित्व को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय की चौखट पर लौटे श्री चंद्राकर के लिए यह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अपने विद्यार्थी जीवन और उन स्मृतियों से दोबारा जुड़ने का अवसर रहा, जिन्होंने उनके जीवन की दिशा तय करने में भूमिका निभाई।

जन-सहयोग से बना विद्यालय, आज भी मजबूत पहचान

श्री चंद्राकर ने कहा कि जन-सहयोग से निर्मित इस विद्यालय की संरचना आज की कई आधुनिक इमारतों की तुलना में भी मजबूत रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की असली ताकत केवल उसकी इमारत नहीं, बल्कि उससे जुड़ा समाज होता है।

### ‘राष्ट्र प्रथम’ की भावना को बनाया जीवन का आधार

राष्ट्र निर्माण पर चर्चा करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि किसी भी योजना, कार्य और निर्णय के केंद्र में ‘राष्ट्र प्रथम’ की भावना होनी चाहिए। उन्होंने भारत की संस्कृति, सभ्यता और लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति सम्मान के साथ प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी पर जोर दिया।

### शिक्षा में क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने पर जोर

श्री चंद्राकर ने शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने की आवश्यकता पर भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा और आधुनिक संस्थानों की पहुंच दूरस्थ क्षेत्रों तक बढ़नी चाहिए। उन्होंने नए विश्वविद्यालयों और संस्थानों के विस्तार के साथ कौशल विकास को भी समय की जरूरत बताया।

### डिग्री के साथ कौशल भी जरूरी

उन्होंने कहा कि आज के दौर में केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को अपने ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल, तकनीकी समझ और नवाचार की क्षमता विकसित करनी होगी। यही क्षमता उन्हें बदलती दुनिया में नई संभावनाओं के लिए तैयार करेगी।

### शिक्षक राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी

श्री चंद्राकर ने शिक्षकों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाले व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और विचारों को दिशा देने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को स्मरण करते हुए शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर जोर दिया।

# घटुला में दौड़ा जोश युवाओं ने दिखाया दमखम

**1600 मीटर दौड़ समेत एथलेटिक्स स्पर्धाओं में ग्रामीण प्रतिभाओं ने मारी बाजी**

**नगरी/नवप्रदेश।** गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को ग्राम घटुला के शीतला देवी हाई स्कूल मैदान (ठाकुर देव प्रांगण) में आयोजित एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में युवाओं का जोश और जुनून देखते ही बना। युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में अंचल के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बालक-बालिकाओं ने 1600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और गोला फेंक जैसी स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अग्निवीर, टीए (प्रादेशिक सेना), बस्तर फाइटर सहित पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों की भर्ती की तैयारी कर रहे ग्रामीण युवाओं को अभ्यास और प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना था। मैदान में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। ÷पसीने की स्याही से जो लिखते हैं इरादों को, उनके मुकद्दर के सफेद पन्ने कभी कोरे नहीं होते÷ जैसे प्रेरक संदेश ने युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया।

1600 मीटर बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे प्रतिभागी को ?2100, द्वितीय को ?1500, तृतीय को ?1000, चतुर्थ को ?500 तथा पंचम स्थान प्राप्त करने वाले को ?300 का पुरस्कार दिया गया। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम ?1500, द्वितीय ?1000, तृतीय ?800, चतुर्थ ?500 एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी को ?300 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

लंबी कूद, ऊंची कूद एवं गोला फेंक में बालक और बालिका दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को क्रमशः ?700, ?500 एवं ?300 की नकद राशि से सम्मानित किया गया।

# डोंगरगढ़ के युवक का म्यूल अकाउंट साइबर ठगी में इस्तेमाल, 91.85 लाख के लेन-देन का मामला

**डोंगरगढ़ के युवक का म्यूल अकाउंट साइबर ठगी में इस्तेमाल**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जामरी निवासी धनीराम सिन्हा (43) को राजनांदगांव पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के बैंक खाते का इस्तेमाल छह राज्यों में हुई कुल 91 लाख 85 हजार रुपए की साइबर ठगी की रकम को प्राप्त करने और आगे ट्रांसफर करने में किया गया। सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक, भारत सरकार के गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के पोर्टल से मिली जानकारी के आधार पर साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे म्यूल बैंक खातों की जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान आईसीआईसीआई बैंक के खातों में 91.85 लाख रुपए की संदिग्ध साइबर धोखाधड़ी की राशि के लेन-देन का पता चला।मामले की जांच आगे बढ़ने पर बैंक खाते के धारक के रूप में धनीराम सिन्हा, पिता हीराराम सिन्हा, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम जामरी, पोस्ट जटकन्हार, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव की पहचान हुई। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए तलब किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। इस मामले में सिटी कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 611/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(4) और 317(5) में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस अब मामले से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है और बैंक खातों के माध्यम से हुए पूरे लेन-देन की जांच की जा रही है।

**कार्रवाई में इनकी रही भूमिका**

कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, प्रशिक्षु उप निरीक्षक नितेश कुमार कर्ष, प्रधान आरक्षक जी. सिरिल कुमार एवं प्रधान आरक्षक अखिल अम्बादे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में की गई।

# दुर्गा चौक में गांधी जयंती एवं गणेशोत्सव आय व्यय बैठक संपन्न

**नगरी/नवप्रदेश।** अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष में दुर्गा चौक नगरी में गांधी जयंती* एवं इस वर्ष के दुर्गा चौक गणेशोत्सव के आय व्यय के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित की गई । उक्त बैठक में सेवानिवृत्त प्र पा शारदा प्रसाद ग्वाले शिक्षक रणजीत सोम कोष अध्यक्ष अरुण सार्वा अतिथि सुरेश नाग एवं गणेशोत्सव समिति की पदाधिकारी माताएं शामिल हुए । सर्वप्रथम महात्मा गांधी के चित्र की पूजा अर्चना करके अतिथियों का गुलाल वंदन से स्वागत किया गया । तत्पश्चात महात्मा गांधी के जीवन चरित्र के बारे में विचार व्यक्त किए गए । शारदा प्रसाद ग्वाले* ने गांधी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों और बलिदानों के बारे में बताया गया । गांधी जी के जन्म से लेकर भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों में उनके योगदान को याद किया गया। रणजीत सोम ने गांधीजी के स्वच्छता अभियान तथा नशामुक्ति अभियान के बारे में विचार व्यक्त करते हुए आजकल के बच्चों में बढ़ रहे नशाखोरी की प्रवृत्ति और उनके दुष्परिणाम पर विचार रखे गए । उन्होंने प्रत्येक परिवार की माताओं और नागरिक जनों से इस ओर ध्यान देकर नशामुक्त समाज बनाने हेतु प्रयास करने का आह्वान किया । कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में दुर्गा चौक गणेशोत्सव समिति द्वारा आय व्यय की जानकारी दी गई । कार्यक्रम का संचालन सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ता ओम प्रकाश पटेल के द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया।

# बाइक चोरी के खेल का खुलासा, 4 गिरफ्तार

■ **1,500 से ?5,000 में बेचते थे चोरी के वाहन, पुलिस ने 6 बाइक-स्कूटी बरामद की**

**डोंगरगढ़/नवप्रदेश।** डोंगरगढ़ पुलिस ने लगातार हो रही मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और उनकी निशानदेही पर चोरी की 06 मोटरसाइकिल व स्कूटी बरामद की हैं। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी चोरी के वाहनों को महज ?1,500 से ?5,000 तक में बेच देता था।

पुलिस के अनुसार मामले की शुरुआत रेलवे कॉलोनी निवासी हरीहर महतो की एक्टिवा चोरी होने की रिपोर्ट से हुई। 28 सितंबर को हरीहर महतो अपनी ग्रे कलर की एक्टिवा क्रमांक रूा 49८ङ्ग 2090 को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के स्टाफ वाहन पार्किंग में खड़ी कर ड्यूटी पर चले गए थे। रात करीब 11 बजे लौटने पर वाहन गायब मिला। इसके बाद 29 सितंबर को थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की एक्टिवा एक बत्ती पांच रास्ता क्षेत्र में अजय यादव के पास है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की तो अजय ने एक्टिवा को गिरवर उर्फ गोलू यादव से 1,500 में खरीदना बताया। वाहन चोरी का पाए जाने पर पुलिस ने उसे जब्त कर लिया।

इसके बाद पुलिस ने गिरवर यादव की तलाश शुरू की और उसे छिरपानी डोंगरगढ़ के पास पकड़ लिया।

**तीन खरीदार भी पुलिस की गिरफ्त में**

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरवर यादव ने चोरी की एक एक्टिवा अजय यादव, एचएफडीलक्स मोटरसाइकिल वासु मंडावी और पैशन प्रो मोटरसाइकिल आकाश यादव को बेची थी। पुलिस ने तीनों को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के वाहन बरामद किए।

# पंचशील नगर एवं गार्डन चौक के उद्यान संधारण हेतु 1 करोड 22 लाख स्वीकृत

**बलौदाबाजार/नवप्रदेश।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य प्रवर्तित योजना मद से नगर के उद्यानों के सुधार संधारण एवं आम नागरिकों के उपयोग के लिए उपयुक्त बनाए जाने हेतु राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने पार्षद गणों एवं अधिकारियों के साथ उद्यान का निरीक्षण किया एवं नागरिकों के बैठने व बच्चों के खेलने के साधनों की व्यवस्था गजिबो बनाने फाउंटेन, पेड़ व फूल पौधे लगाए जाने के संबंध में चर्चा की गई, नगर पालिका के वार्ड क्रमांक एक स्थित पंचशील नगर के उद्यान हेतु 57 लाख व गार्डन चैक के उद्यान के लिए 65 लाख की स्वीकृति टंकराम वर्मा जी कैबिनेट मंत्री के सहयोग से नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन प्रयासों से कराया गया इसके लिए नपा अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा आभार व्यक्त कर कार्य के लिए राशि आबंटन पर धन्यवाद ज्ञापित भी किया गया। नगर क्षेत्र में उद्यानों में मनोरंजन एवं घूमने योग्य बनाए जाने से स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बेहतर उद्यान की व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है इस संबंध में नगर वासियों के द्वारा भी बेहतर उद्यान की मांग समय-समय पर की जाती रही है उक्त उद्यान के सुधार संधारण कार्य हेतु स्वीकृति पर नगर पालिका के सभापति एवं पार्षद गणों ने मंत्री के सहयोग एवं नगर पालिका अध्यक्ष के प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया, उद्यान निरीक्षण के दौरान मुख्य नपा अधिकारी आशीष तिवारी, नगरपालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, सभापति कन्हैया सेन,पार्षद रोहित साहू, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला,सुभाष राव, गोविंद पात्रे, भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, नगरपालिका के उप अभियंता रितेश स्थापक, कमलेश्वरी जायसवाल, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य वार्डवासी व नागरिक गण उपस्थित थे।

**डांडिया:** चंद्राकर भवन में उमड़ा महिलाओं व युवतियों का उत्साह; 10 अक्टूबर तक चलेगा गरबा अभ्यास, 11 से सजेगा मुख्य उत्सव

# श्रीरामजानकी सर्व महिला गरबा महोत्सव’ के प्रशिक्षण का भव्य आगाज

**कुरुद/नवप्रदेश।** नगर में आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर अभी से उत्सव का माहौल बनने लगा है। ‘श्रीरामजानकी सर्व महिला गरबा महोत्सव 2026’ के तहत रविवार, 4 अक्टूबर को चंद्राकर भवन में गरबा प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के पहले ही दिन से नगर की महिलाओं एवं बालिकाओं में डांडिया और गरबा के पारंपरिक ताल को लेकर गजब का उत्साह देखा गया।

प्रशिक्षण का दौर पूरा होते ही 11 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक चंद्राकर भवन में भव्य मुख्य गरबा महोत्सव का आयोजन होगा, जिसका समय प्रतिदिन रात्रि 7:30 बजे से 10:00 बजे तक रहेगा।

**आकर्षक थीम, पारंपरिक वेशभूषा और खास व्यवस्थाएं :** महोत्सव को सांस्कृतिक गरिमा और आकर्षण के साथ आयोजित करने के लिए समिति ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है।

**पारंपरिक वेशभूषा व थीम:** प्रतिभागियों के लिए विशेष रंग-बिरंगी थीम और पारंपरिक परिधान निर्धारित किए जा रहे हैं।

**अनुशासन व पूजन:** नित्य माता की पूजा, आरती एवं प्रसाद वितरण की सुचारु व्यवस्था की गई है।

**संस्कृति से जुड़ाव:** आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य नारी शक्ति को पारंपरिक गरबा विधा और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है।

### दो पालियों में 10 तक चलेगा अभ्यास, 11 से मुख्य आयोजन

समिति की ओर से तय कार्यक्रम के अनुसार, 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2026 तक विशेष गरबा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक दो अलग-अलग शिफ्टों में अभ्यास कराया जा रहा है।

### समिति पदाधिकारियों के कुशल नेतृत्व में तैयारियां तेज

महोत्सव का संचालन समिति अध्यक्ष नेहा चंद्राकर, उपाध्यक्ष नमिता चंद्राकर और सचिव सुरेखा चंद्राकर के नेतृत्व में किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने कहा कि नगर की बालिकाओं व महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रबंध किए गए हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों को सुरक्षा, मंच सज्जा, वेशभूषा और व्यवस्थाओं से जुड़े अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं।

### इन सदस्यों की रही सक्रिय भागीदारी

?आयोजन की रूपरेखा एवं तैयारियों को अंतिम रूप देने में समिति की अमृता देवांगन, भारती साहू, गायत्री चंद्राकर, श्वेता अग्रवाल, फूलबासन चंद्राकर, अंबिका चंद्राकर, मनीषा साहू, संध्या गोस्वामी, रजनी साहू, कमलेश्वरी, सीमा साहू, अंजू साहू तथा दीक्षांशी सेन सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति पूरी सक्रियता से जुटी हुई हैं।

# झाड़ू थामकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने की राजिम महानदी घाट की सफाई

■ **सेवा संकल्प अभियान के तहत पुराना मंच से लक्ष्मण झूला तक चला विशेष स्वच्छता अभियान**

**स्वच्छता में हर नागरिक दे अपना योगदान : विधायक रोहित साहू**

**राजिम/गरियाबंद/नवप्रदेश।** जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शनिवार को राजिम के महानदी घाट में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह 7 बजे आयोजित अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी ने हाथों में झाड़ू थामकर पुराना मंच से लक्ष्मण झूला तक घाट एवं नदी तट क्षेत्र की साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू सहित सैकड़ों लोगों ने श्रमदान किया। स्वच्छता अभियान में नगर पालिका राजिम अध्यक्ष महेश यादव, एसडीएम विशाल महाराणा, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग गरियाबंद एस.के. बर्मन सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, स्वच्छता दीदियां, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। अभियान के दौरान सभी ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए घाट परिसर एवं नदी तट पर मौजूद कचरे और प्लास्टिक को एकत्र किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता कार्य में सहभागिता निभाई। बड़ी संख्या में नागरिकों के एक साथ सफाई अभियान में शामिल होने से पूरे क्षेत्र में स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश दिखाई दिया। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि 17 सितंबर से पूरे प्रदेश और देश में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में राजिम के त्रिवेणी संगम में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें जिला अधिकारी-कर्मचारी, जल संसाधन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी -कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्वच्छता दीदियां और विभिन्न वर्गों के नागरिक सहभागी बने।

### जनभागीदारी से साकार हो रहा 'स्वच्छ राजिम-सुंदर राजिम' का संकल्प

राजिम धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। महानदी घाट पर वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आवागमन होता है। ऐसे में घाट एवं नदी तट की स्वच्छता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से 'स्वच्छ राजिम, सुंदर राजिम' की भावना के साथ आयोजित स्वच्छता अभियान में विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागिता निभाई। अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों और आम नागरिकों की सामूहिक भागीदारी ने यह संदेश दिया कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से स्वच्छता को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने और अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। इस दौरान हमारा हस्ताक्षर - स्वच्छ महानदी, सुंदर घाट, सेल्फी जोन बनाया गया था।

### 'स्वच्छ राजिम-सुंदर राजिम' का दिया संदेश

## न्यूज गैलरी

### सारंगढ़ में खेल और शिक्षा को मिली नई सौगात, सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड

**सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश।** सारंगढ़ की धरती पर खेल प्रतिभा, उत्साह और खेल भावना के संगम के साथ रविवार को 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। जिले के प्रभारी एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव और सांसद राधेश्याम राठिया ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री यादव ने जिले में खेल एवं शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए सारंगढ़ में सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड और डाइट कॉलेज प्रारंभ करने की घोषणा की। उन्होंने जिले में नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव आगे की प्रक्रिया में होने की जानकारी देते हुए स्कूल भवन निर्माण, अधोसंरचना विकास एवं आवश्यक मरम्मत कार्यों के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया। खेलभांठा मैदान सारंगढ़ में 4 से 7 अक्टूबर तक आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग के कुल 330 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में फुटबॉल बालक 14 वर्ष, सॉफ्टबॉल बालक एवं बालिका 17 वर्ष तथा क्रिकेट बालिका 17 वर्ष की स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। उद्घाटन समारोह में सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े, बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय भूषण जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी बंजारे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जवाहर नायक, ज्योति पटेल एवं सुभाष जलान सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### तिरुपति बालाजी से लौटने पर पदाधिकारियों का नगर पंचायत में भव्य स्वागत

**भटगांव/नवप्रदेश।** तिरुपति बालाजी के दर्शन करके लौटे भाजपा के जिला मंत्री रेवती चंद्र जी, मंडल अध्यक्ष धीरज दीक्षित जी एवं मंडल महामंत्री श्याम साहू जी का नगर पंचायत कार्यालय भटगांव में आत्मीय स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे जी एवं समस्त पार्षदगण द्वारा श्रीफल एवं साल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तिरुपति यात्रा से लौटे अतिथियों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और नगर के विकास में सबके सहयोग की बात कही। स्वागत समारोह के दौरान नगर पंचायत कार्यालय में हर्ष का माहौल रहा।

### स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प के तहत मुक्तिधाम में श्रमदान

**भटगांव/नवप्रदेश।** स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत भटगांव के मुक्तिधाम, वार्ड क्रमांक 02 में सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने मिलकर परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता कार्य किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे , सभापति एवं वार्ड क्रमांक 04 पार्षद लीलाधर वैष्णव, वार्ड क्रमांक 02 पार्षद महादेवा यादव, वार्ड क्रमांक 08 पार्षद प्रतिनिधि रमाकांत पटेल सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी देव कुमार पटेल, जिला समन्वयक शुभम् नायक सफाई दरोगा सत्येंद्र सिंह बिसेन एवं नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने श्रमदान कर स्वच्छ एवं सुंदर परिसर बनाए रखने का संदेश दिया।

### सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर आज भाठीगढ़ में

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** 04 अक्टूबर 2026/ सेवा सेतु अभियान- 'सरकार आपके द्वार' के तहत सेवा सेतु शिविर मैनपुर विकासखण्ड में 05 अक्टूबर को भाठीगढ़ के उन्मुक्त प्ले ग्राउंड में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है।

बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा ने हितग्राहियों को बांटे प्रमाण पत्र, कहा- अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य

# भाटापारा बोडतरा में सेवा सेतु शिविर का आयोजन

**भाटापारा/नवप्रदेश।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोडतरा में शनिवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। शिविर स्थल पर पहुंचते ही दोनों वरिष्ठ नेताओं का ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया।

इसके पश्चात दोनों नेताओं ने राजस्व, पंचायत, खाद्य, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का बारी-बारी से निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान बृजमोहन अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा ने आमजनों से सीधा संवाद स्थापित किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जैसे राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आवास, पेंशन, आयुष्मान कार्ड एवं स्वामित्व योजना से संबंधित अपनी बात रखी, जिस पर दोनों नेताओं ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में सैकड़ों हितग्राहियों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नवीन राशन कार्ड,आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण अतिथियों के हाथों किया गया। प्रमाण पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

### जनता के बीच रहकर सेवा करना ही भाजपा का संस्कार है : सांसद

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र ही सेवा, समर्पण और संकल्प है। उन्होंने कहा सेवा सेतु शिविर केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, यह शासन और जनता के बीच एक सेतु है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन वाली सरकार का उद्देश्य है कि हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कांग्रेस की सरकार में लोग दफ्तरों के चक्कर लगाते थे, हमारी सरकार में दफ्तर खुद जनता के दरवाजे पर चलकर आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भाटापारा क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है और यहां के हर गांव को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाएगा।

### ये हुई घोषणाएं

- ग्राम बोडतरा में सामुदायिक भवन का निर्माण।
- 20 लाख की लागत से महतारी सदन, 5 लाख से बालिका शौचालय और 7 लाख से अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना।
- ब्लॉक के 20 ग्राम पंचायतों को 10-10 लाख रुपये की विकास निधि की घोषणा।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, राकेश तिवारी, अश्वनी शर्मा, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, सविता अनंत, योगेश अनंत, पवन वर्मा, भोलाराम वर्मा, अदिति बघमार सहित पार्टी के मंडल अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं रहेगा: शिवरतन शर्मा

वहीं कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा विधानसभा के प्रत्येक गांव में सेवा सेतु शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि भाटापारा का कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजना से वंचित न रहे। चाहे वह आवास योजना हो, आयुष्मान हो हर पात्र को उसका हक मिलना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता के रूप में हम जनता के सेवक हैं और जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करना ही हमारा धर्म है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में आए हर आवेदन को गंभीरता से लें और समय सीमा में उसका निराकरण करें।

# महामाई मंदिर फरसियां में नवरात्रि पर जलेगी मनोकामना ज्योति

■ **वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना है महामाई धाम, नवरात्रि में दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु**

**नगरी/नवप्रदेश।** आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर माँ महामाई मंदिर फरसियां में तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। सर्वधर्म तीर्थ स्थल 16 पाली सेवा समिति, फरसियां के तत्वावधान में नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आस्था एवं विश्वास का प्रतीक मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाएगी।

इसके लिए समिति द्वारा आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। माँ महामाई धाम फरसियां क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए लंबे समय से आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र रहा है। नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए यहां पहुंचते हैं। विशेष रूप से अपनी मनोकामना की पूर्ति एवं सुख-समृद्धि की कामना को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है।

### वर्षों से चली आ रही आस्था की परंपरा

*समिति के अध्यक्ष शिवदयाल साहू,सचिव नीरज सोन एवं कैलाश सोन ने बताया कि महामाई मंदिर फरसियां में विगत कई वर्षों से नवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति जलाई जाती रही है। श्रद्धालु माता के चरणों में अपनी मनोकामना रखते हुए विधि-विधान से ज्योति प्रज्वलित करते हैं और नवरात्रि के नौ दिनों तक माता की आराधना एवं भक्ति में लीन रहते हैं। मान्यता है कि श्रद्धा और विश्वास के साथ माता की आराधना करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। यही आस्था प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं को महामाई धाम की ओर आकर्षित करती है। समिति द्वारा नवरात्रि को लेकर समिति की विशेष तैयारीयां की जा रही है। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर सर्वधर्म तीर्थ स्थल 16 पाली सेवा समिति फरसियां द्वारा मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट, श्रद्धालुओं के आवागमन, मनोकामना ज्योति के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।*

# डोंगरगढ़ में पिलग्रिम फैसिलिटेशन सेंटर के काम में तेजी के निर्देश

**पर्यटन आयोग अध्यक्ष ने लिया औचक जायजा, अधूरे कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश**

**डोंगरगढ़/नवप्रदेश।** मां बम्लेश्वरी की धर्मनगरी डोंगरगढ़ में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत निर्माणाधीन पिलग्रिम फैसिलिटेशन सेंटर के काम में अब तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार शाम छत्तीसगढ़ पर्यटन आयोग के अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं पर्यटन विभाग के एमडी स्वप्निल चौबे ने निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से जानकारी लेते हुए अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण की वर्तमान स्थिति, शेष कार्य और श्रद्धालुओं के लिए प्रस्तावित सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों का जोर इस बात पर रहा कि परियोजना का काम निर्धारित गति से आगे बढ़े और इसका लाभ जल्द से जल्द डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को मिल सके। नवरात्रि में बढ़ती भीड़ को देखते हुए अहम परियोजना डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### सूचना केंद्र से मिलेगी पर्यटन स्थलों की जानकारी

फैसिलिटेशन सेंटर का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य श्रद्धालुओं और पर्यटकों को डोंगरगढ़ तथा आसपास के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराना भी है। सूचना एवं सहायता केंद्र के माध्यम से दर्शन व्यवस्था, प्रमुख स्थलों, आवागमन और अन्य आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था यात्रियों के लिए उपयोगी साबित हो सकती है। इससे पहली बार डोंगरगढ़ आने वाले पर्यटकों को अलग-अलग स्थानों पर जानकारी तलाशने के बजाय एक ही स्थान पर मार्गदर्शन मिलने की सुविधा मिल सकती है।

### पार्किंग और कनेक्टिविटी भी महत्वपूर्ण

नवरात्रि और अन्य बड़े आयोजनों के दौरान डोंगरगढ़ में वाहनों का दबाव काफी बढ़ जाता है। ऐसे में पर्यटन सुविधाओं के साथ सुगम पहुंच और व्यवस्थित आवागमन भी महत्वपूर्ण है। प्रसाद योजना में भी तीर्थ स्थलों तक बेहतर कनेक्टिविटी और पर्यटकों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया जाता है। फैसिलिटेशन सेंटर के पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं के आवागमन एवं पर्यटन गतिविधियों को व्यवस्थित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### स्थानीय कारोबार को भी मिलेगा लाभ

पर्यटन सुविधाओं के विस्तार का सीधा असर स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या तथा ठहराव बढ़ने पर होटल, भोजनालय, ऑटो-टैक्सी, प्रसाद, फूल-माला, पूजा सामग्री और अन्य छोटे कारोबार से जुड़े लोगों को लाभ मिलने की संभावना है। पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय रोजगार और व्यापार को भी बढ़ावा मिल सकता है।

# राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की जातिवार गणना की मांग

■ **ओबीसी महासभा ने प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय जनगणना 2027 में पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का जातिवार डेटा संकलित करने तथा जनगणना की अनुसूची में पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से कॉलम जोड़ने की मांग को लेकर ओबीसी महासभा जिला गरियाबंद द्वारा प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी गरियाबंद को ज्ञापन सौंपा गया।

यह ज्ञापन केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर गांधी मैदान गरियाबंद में जिला अध्यक्ष फलेंद्र सिंह साहू के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फलेंद्र सिंह साहू ने कहा कि राष्ट्रीय जनगणना में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की तरह देशभर में पिछड़ा वर्ग की भी अलग से जातिवार गणना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त 2026 को प्रकाशित गजट में पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से कोई कॉलम नहीं होने से ओबीसी समाज में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि देश में पेड़-पौधों से लेकर जंगल के वन्यजीवों तक की गणना की जाती है, ऐसे में देश की बड़ी आबादी वाले पिछड़ा वर्ग की जातिवार गणना क्यों नहीं की जा रही है। उन्होंने इसे पिछड़ा वर्ग समाज के हितों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए जनगणना की अनुसूची में ओबीसी के लिए अलग कॉलम जोड़ने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 एवं 15(4) में पिछड़ा वर्ग के हितों और समान अवसरों से संबंधित प्रावधान किए गए हैं। ऐसे में पिछड़ा वर्ग की वास्तविक जनसंख्या एवं सामाजिक स्थिति का आंकड़ा सामने आना आवश्यक है, ताकि समाज के विकास और कल्याण के लिए नीतियां बनाने में आंकड़ों का उपयोग किया जा सके। ओबीसी महासभा ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय जनगणना 2027 में पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से कॉलम निर्धारित कर जातिवार डेटा संकलित करने की मांग रखी।

इस दौरान जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती लता सोनी, शिवदयाल साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष छुरा मनोहर चक्रधारी, ब्लॉक उपाध्यक्ष गरियाबंद उमेद यादव, जिला उपाध्यक्ष यज्ञदत्त वर्मा, घनश्याम देवगन, गंगाराम सिन्हा, विधानसभा राजिम प्रभारी जीतेश्वर साहू, गयाराम साहू, जीवन साहू सहित ओबीसी महासभा के पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सेवा संकल्पः शासन की योजनाओं और सेवाओं से सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के अंतर्गत आज छुरा विकासखण्ड के ग्राम दुल्ला में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल लगाए गए। शिविर में ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं की जानकारी लेने के साथ अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देते हुए इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर योजनाओं से लाभान्वित किया।

शिविर में राजिम विधायक रोहित साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत पूरे देश में शिविर लगाकर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही अंतिम से अंतिम पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी और सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार उनका लाभ उठाएं और अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी योजनाओं से जोड़ने में सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत दुल्ला के सरपंच के अनुरोध पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण, उचित मूल्य की दुकान भवन, स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं गायत्री परिवार दुल्ला के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही भुनेश्वरी कंवर को 10 हजार रूपये आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य भंडार निगम के अध्यक्ष चंद्रूलाल साहू ने कहा कि सरकार द्वारा गरीब, जरूरतमंद और वंचित परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सेवा सेतु शिविर के माध्यम से इन योजनाओं की जानकारी सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रही है और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी आसान हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की चिंता करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में शारदीय क्वांर नवरात्र की तैयारियां अंतिम चरण में

■ समिति व श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित किए जाएंगे ज्योति कलश

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम में शारदीय क्वांर नवरात्र 11 अक्टूबर रविवार से 19 अक्टूबर सोमवार तक हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही ज्योत प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित है। इसके अलावा इस वर्ष शरद पूर्णिमा पर 25 अक्टूबर रविवार को स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को जड़ीबुटी युक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव

शक्ति सिद्धपीठ में भी 11 अक्टूबर रविवार से 19 अक्टूबर 2026 सोमवार तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा पाठ के अलावा आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित है।

नौ दिन होंगे श्रद्धा भक्ति भावपूर्ण आयोजन

शारतीय क्वांर नवरात्रि प्रतिपदा एकम 11 अक्टूबर रविवार को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के मध्य गौरी गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ ही माता व भोलेनाथ की आरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात मनोकामना ज्योति कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाएगी। 15 अक्टूबर गुरुवार को नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, भगवान पातालेश्वर महादेव सहित द्वादश ज्योतिलिंगों, हनुमान जी, गणेश जी व भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

आयोजन में मिल रहा इनका सहयोग

इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यगणों ने आम श्रद्धालुओं से अपेक्षा की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में माता का दर्शन लाभ कर आशीर्वाद प्राप्त करें। इसके अलावा संस्था ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है।

### महाअष्टमी हवन 18 व ज्योति कलश विसर्जन 19 को

इस बार नवरात्र पर पड़ने वाली महाअष्टमी का यंत्र रुपी यज्ञशाला में हवन 18 अक्टूबर रविवार को संध्या 6 बजे से व दुर्गा नवमी 19 अक्टूबर सोमवार को प्रातः कुंवारी कन्या भोजन, महाआरती एवं ज्योति कलश विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित है।

शरद पूर्णिमा पर बटेगी जडीबुटीयुक्त खीर प्रसाद

संस्था द्वारा पिछले 27 वर्षों से भी अधिक समय से मानव सेवा एवं जनकल्याण के तहत बांटी जाने वाली निःशुल्क खीर प्रसाद का वितरण इस वर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर 2026 रविवार की रात्रि स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को पौराणिक मान्यता अनुसार निःशुल्क जड़ी बुटी युक्त खीर प्रसाद का वितरण करने का निर्णय भी लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 3 किलो अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** चौकी देवरबीजा की संयुक्त पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री में संलिप्त पर कार्रवाई तेज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 03 किलो 392 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 61,056 रूपये एवं चेस परिचेस नगदी रकम 200 रूपये, कुल जुमला कीमती लगभग 61,256 रूपये को जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।चौकी देवरबीजा बेमेतरा पुलिस टीम को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि नेमसिंह पटेल ग्राम कंदई अपने खेत (बाडी) मोतेसरा खार में अवैध रूप से धन अर्जित करने मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने हेतु रखा है कि कि सूचना पर, उक्त सूचना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा सूचना के अधार पर ग्राम कंदई का खेत (बाडी) मोतेसरा खार में रेड कार्यवाही कर आरोपी नेमसिंह पटेल निवासी कंदई को अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे मादक पदार्थ गांजा के साथ पकडा गया।

### साजा पुलिस टीम की गौवंश तस्करी पर कार्रवाई

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** साजा पुलिस ने गौवंश तस्करी कर रहे अलग-अलग प्रकरण में 6 आरोपिओं को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से 13 नग गौवंश, प्रयुक्त 03 नग पीकप वाहन जुमला कीमती लगभग 10,01,000 रूपये जप्त किया गया7 उनके विरोध धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं धारा 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 का अपराध घटित होना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### नौकरी लगाने का झांसा देकर 8 लाख 38 हजार रूपये की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** ग्राम बोतका निवासी खेमन लाल वर्मा ने पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा द्वारा एक लिखित शिकायत में शैलेन्द्र पात्रे द्वारा इसकी नौकरी मंत्रालय रायपुर में वाहन चालक के पद पर लगाने के नाम पर मेरे फूफेरा भाई यशवंत वर्मा के घर ग्राम लालपुर में इससे नगद व आनलाईन माध्यम से एक लाख रूपये, तथा यशवंत वर्मा से 3,88,000 रूपये, धर्मेन्द्र वर्मा निवासी लालपुर से 3,50,000 रूपये, कुल 8,38,000 रूपये लेकर नौकरी नहीं लगाया और ना ही पैसा रूपए को वापस किया। धोखाधड़ी करने से शैलेन्द्र पात्रे के विरूद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने आवेदन दिया आवेदक खेमन लाल वर्मा उर्फपप्पू वर्मा के आवेदन पत्र अवलोकन पर प्रथम दृष्टया शैलेन्द्र पात्रे निवासी वार्ड नंबर 14 तिल्दा नेवरा थाना तिल्दा जिला रायपुर के द्वारा धारा 318 (4) बीएनएस के तहत धोखाधड़ी का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी शैलेन्द्र पात्रे को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ करने पर अपना अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी से घटना से संबंधित एक एंड्राईड मोबाईल, कीमती 15,000 रूपये एवं नगदी रकम 500 रूपये को जप्त किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर जागरुकता एवं स्वास्थ कैंप आयोजित

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के मुख्य प्रावधानों के संबंध में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशन में सरोज नंद दास, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के मार्गदर्शन एवं स्वर्णलता ओम यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की उपस्थिति में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के मुख्य प्रावधानों के संबंध में जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम स्थान-वृद्धा आश्रम कँवलिया बेमेतरा, ग्राम कटई, नवागांव, बहेरा, मौहभट्ठा, तालुका स्तर पर ग्राम परसबोड़ में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि वरिष्ठ नागरिक, जिसकी आयु 60 वर्ष अथवा उससे ज्यादा है इसके अंतर्गत माता-पिता भी आते है, जो स्वयं आय अर्जित करने में असमर्थ है अथवा उनके स्वामित्वाधीन संपत्ति में से स्वयं का भरण-पोषण करने में असमर्थ है, ऐसे व्यक्ति उक्त अधिनियम के अंतर्गत भरण-पोषण हेतु आवेदन करने हेतु हकदार है। वरिष्ठ नागरिक, माता-पिता को भरण पोषण खर्च, आय अर्जित करने वाले वयस्क पुत्र, पुत्री, पौत्री से प्राप्त करने का अधिकार है। इस बात का भी प्रावधान किया गया है कि वरिष्ठ नागरिक के जीवन और संपत्ति की रक्षा को सुनिश्चित करने के सभी उपाय राज्य सरकार द्वारा किये जायेंगे। इसके साथ ही सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धा आश्रमों की साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधित जाँच नियमित रूप से किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा निःशुल्क विधिक सहायता/सलाह प्रदान किये जाने के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया।

नौ माह में 1.35 लाख से अधिक मरीजों को मिला उपचार

# जिला अस्पताल कबीरधाम में स्वास्थ्य सेवाओं का बढ़ा दायरा

■ 3.12 लाख से अधिक लैब जांच, 8,256 एक्स-रे, 6,122 सोनोग्राफी और 1,804 सीटी स्कैन किए गए

**कवर्धा/नवप्रदेश।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और बेहतर चिकित्सा सेवाओं का लाभ बड़ी संख्या में मरीजों को मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निर्देशों तथा स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार किए जा रहे सुधारों के परिणामस्वरूप जिला अस्पताल कबीरधाम में जनवरी 2026 से सितंबर 2026 तक विभिन्न चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में मरीजों का उपचार किया गया। अस्पताल में उपचार, जांच और विशेषज्ञ सेवाओं का दायरा बढ़ने से जिलेवासियों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

जनवरी से सितंबर 2026 की अवधि में जिला अस्पताल की ओपीडी में 1 लाख 35 हजार 49 मरीजों ने उपचार कराया। वहीं 11 हजार 505 मरीजों को आईपीडी के माध्यम से भर्ती कर उपचार प्रदान किया गया। इस अवधि में अस्पताल में कुल 3,016 प्रसव हुए, जिनमें 866 प्रसव सर्जरी के माध्यम से कराए गए। इससे गंभीर एवं जटिल प्रसव के मामलों में जिला अस्पताल की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई है।

### सर्जरी एवं गंभीर रोगों के उपचार में भी बढ़ी क्षमता

सर्जरी के क्षेत्र में भी जिला अस्पताल द्वारा महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जनवरी से सितंबर 2026 के बीच 1,115 मेजर सर्जरी तथा 1,230 माइनर सर्जरी की गईं। इससे सामान्य से लेकर जटिल मामलों में मरीजों को जिला स्तर पर ही आवश्यक उपचार उपलब्ध हो सका। किडनी रोगियों के लिए अस्पताल में संचालित डायलिसिस सेवा का भी मरीजों को निरंतर लाभ मिल रहा है। इस अवधि में 32 मरीजों को कुल 3,192 बार डायलिसिस की सुविधा प्रदान की गई। इसी प्रकार कैंसर मरीजों के उपचार के लिए कीमोथेरेपी सेवा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे गंभीर रोगों से जूझ रहे मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधा मिल रही है।

### जांच सुविधाओं का बढ़ा लाभ

जिला अस्पताल में उपलब्ध जांच सुविधाओं का भी बड़ी संख्या में मरीजों ने लाभ उठाया। नौ माह की अवधि में 8,256 एक्स-रे, 6,122 सोनोग्राफी और 1,804 सीटी स्कैन किए गए। वहीं पैथोलॉजी एवं अन्य प्रयोगशाला जांचों को मिलाकर कुल 3 लाख 12 हजार 413 लैब जांच की गईं। इन सुविधाओं से मरीजों को बीमारी की समय पर पहचान और उपचार में काफी सहायता मिली।

### जिले में ही बेहतर उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से कबीरधाम जिले के लोगों को उपचार और आवश्यक जांच के लिए दूसरे बड़े शहरों एवं अस्पतालों पर निर्भरता कम करने में मदद मिल रही है। विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं, आधुनिक जांच सुविधाओं, सर्जरी, प्रसव, डायलिसिस और कीमोथेरेपी जैसी सुविधाओं की उपलब्धता से जिला अस्पताल की सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ा है।

### मेडिकल कॉलेज से स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

कबीरधाम जिले में मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेडिकल कॉलेज के संचालन से चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, बेहतर उपचार और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### शासन की योजना का लाभ देने वार्ड नं. 14 से 28 के लिये शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव/नवप्रदेश** ।सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नागरिको की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजना का लाभ देने सेवा सेतु कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत वार्डो में शिविर आयोजित कर रही है। शिविर के द्वितीय चरण में 5 अक्टूबर 2026 सोमवार को नगर निगम परिसर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मैगा कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें वार्ड नं. 14 से 28 तक के वार्डो के नागरिको की मांग एंव शिकायत संबंधी आवेदन लेकर शासन की योजनाओ का लाभ लेने जानकारी दी जावेगी। समस्या के समाधान हेतू आवेदन करने शिविर में उपस्थित होकर सेवा सेतु अभियान का लाभ उठाने हमारे वार्ड न 22 के नागरिको से अपील करते है।

## मतदाता सूची से नाम काटकर लोकतंत्र का गला घोंट रही भाजपा सरकार : चौबे

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से राजीव भवन में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर केंद्र सरकार एवं चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा शासनकाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए चौबे ने कहा कि लोकतंत्र के साथ हो रहे इस कथित खिलवाड़ के पीछे निर्णय लेने वाले लोगों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। चौबे ने कहा कि संविधान सभा के नेताओं ने देश के नागरिकों को मताधिकार देकर अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया था। लेकिन आज चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची को लेकर जिस तरह के सवाल उठ रहे हैं, वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के दौरान देश में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी करीब 25 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने फॉर्म-16 के आधार पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने के मामलों की भी जांच की मांग की।

## अवैध शराब पर कबीरधाम पुलिस का शिकंजा आबकारी एक्ट के 10 मामलों में 12 गिरफ्तार

**तीन दिनों में 29.640 लीटर देशी शराब, 2520 रुपए नकद और बाइक समेत 44,560 रुपए का माल जब्त**

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कबीरधाम जिले में अवैध शराब की बिक्री, शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने और सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 2, 3 और 4 अक्टूबर को कार्रवाई करते हुए आबकारी एक्ट के तहत 10 प्रकरण दर्ज कर 12 आरोपियों के खिलाफवैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 29.640 लीटर देशी शराब, शराब बिक्री की 2520 रुपए नकद राशि तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। जब्त शराब, नकदी और वाहन की कुल कीमत 44,560 रुपए बताई गई है।

**कोतवाली क्षेत्र में चार कार्रवाई**

थाना सिटी कोतवाली कवर्धा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर अवैध शराब बिक्री के चार मामलों में कार्रवाई की। राजनांदगांव बायपास तिराहा नहर किनारे से धनुष सिंह ठाकुर के कब्जे से 10.800 लीटर शराब और 320 रुपए नकद जब्त किए गए। वहीं 132 केवी सब स्टेशन के पास भोरमदेव रोड से कुंदन मोंगरे के कब्जे से 3.780 लीटर शराब और 360 रुपए नकद बरामद हुए।

वन अधिकार पट्टा बनवाने का झांसा देकर तीन लोगों से ऐंठे थे रुपए, सत्यापन में दस्तावेज निकले फर्जी

## फर्जी वन अधिकार पट्टा बनाकर 2.10 लाख रुपए की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कबीरधाम जिले के झलमला थाना क्षेत्र में फर्जी वन अधिकार पट्टा तैयार कर लोगों से 2.10 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा बनवाकर देने का झांसा देकर उनसे रुपए लेता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों की प्रतियां जब्त की हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जिला जेल कबीरधाम भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम अंजना निवासी पंछू सिंह धुर्वे ने थाना झलमला में शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव के ही राजेन्द्र धुर्वे ने उसके और उसकी पत्नी के नाम पर वन अधिकार पट्टा बनवाने का झांसा देकर 1 लाख रुपए लिए थे। आरोपी द्वारा दिया गया वन अधिकार पट्टा लेकर जब वह केसीसी ऋण एवं खाद लेने सोसायटी पहुंचा, तब दस्तावेज के फर्जी होने का पता चला।

तीन लोगों से लिए 2.10 लाख रुपए

विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने वन अधिकार पट्टा बनवाने के नाम पर संतोष धुर्वे से 60 हजार रुपए और चमर सिंह कुशरे से 50 हजार रुपए भी लिए थे। इस तरह आरोपी ने तीन लोगों से कुल 2 लाख 10 हजार रुपए लिए थे।

### वन विभाग के सत्यापन में खुली पोल

पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच करते हुए संबंधित वन अधिकार पट्टों का वन विभाग कवर्धा से सत्यापन कराया। सत्यापन में इन पट्टों का विभागीय रिकॉर्ड में कोई उल्लेख नहीं मिला। जांच में दस्तावेजों को फर्जी एवं कूटरचित पाया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी राजेन्द्र धुर्वे पिता छत्तर सिंह धुर्वे, उम्र 36 वर्ष, निवासी अंजना, थाना झलमला, जिला कबीरधाम ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर फर्जी वन अधिकार पट्टा तैयार करना स्वीकार किया। आरोपी के पास रखे फर्जी दस्तावेजों की प्रतियां पुलिस ने जब्त कर लीं।

पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र धुर्वे को 3 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जिला जेल कबीरधाम भेज दिया। मामले में थाना झलमला में अपराध क्रमांक 14/2026, धारा 318(4), 338 एवं 336(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

## मारो नगर पंचायत चुनाव को लेकर हुई कांग्रेस की बैठक

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदघाट के तत्वावधान में को नगर पंचायत मारो स्थित मावली माता मंदिर प्रांगण में आगामी नगर पंचायत निर्वाचन को लेकर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक सुनील माहेश्वरी ने कहा कि कार्यकर्ता और जनता के बीच लोकप्रिय चेहरे को कांग्रेस उम्मीदवार बनाया जाएगा। मारो नगर पंचायत में भाजपा सरकार के बाद विकास कार्य ठप पड़ा है। स्मार्ट मीटर को लेकर भाजपा सरकार ने लूट मचाई है, जिसके खिलाफ घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वार्ड स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर चुनाव जीतने की रणनीति बनाई जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि सभी में

समन्वय बनाकर एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और जीत की हैट्रिक लगाएंगे। पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने कहा कि जितने भी संभावित अध्यक्ष एवं पार्षद दावेदार हैं, वे अपने वार्ड में सक्रिय हो जाएं। टिकट आमजन की रायशुमारी से तय किया जाएगा। बैठक में झम्मन बघेल, छोटेलाल साहू, विजय बघेल, शशिप्रभा गायकवाड़, सुशीला जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी अनंत, संबलपुर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राजपूत, हीरा भारती, प्रमोद शर्मा, विजय ठाकुर, सतीश मारकंडे, पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर मीरी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व पार्षद भोला राम मिश्रेकर पंचतत्व में हुए विलीन

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** स्थानीय लोहार पारा निवासी स्वामी विवेकानंद वार्ड के पूर्व पार्षद भोला राम मिश्रेकर का अंतिम संस्कार आज लखोली नाका स्थित मुक्ति धाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र मनोज मिश्रेकर ने दी। मुक्ति धाम के सभागार में आयोजित शोक सभा को संबोधित करते हुए शहर के प्रथम नागरिक मधुसूदन यादव ने कहा कि मिश्रेकर ने पार्षद के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए राजनांदगांव नगर निगम एवं वार्डवासियों के मध्य सरल एवं सहज व्यक्तित्व के रूप में पहचान बनाई थी। उनके निधन से हमें अपूरणीय क्षति हुई है। अंतिम यात्रा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा, पार्षद अमित कुशवाहा, पूर्व पार्षद गप्पू सोनकर, हीरालाल निर्मलकर, पार्षद प्रतिनिधि संतोष निर्मलकर, अरुण दामले,राजेश बिसने, लेखेंद्र साहु सहित क्षेत्र के नागरिक एवं दूर दराज से आए सगे संबंधी बड़ी संख्या में शामिल हुए।शोक सभा के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भोला राम मिश्रेकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया।

### कुष्ठ उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एनएमए दौवा राम चक्रधारी सेवानिवृत्त

**गरियाबंद /नवप्रदेश।।** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में लगातार 37 वर्षों से अधिक समय तक सेवाएं देने वाले एनएमए दौवा राम चक्रधारी 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति पर रविवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने भावभीनी विदाई दी। वक्ताओं ने उनके सेवाकाल, विशेषकर कुष्ठ रोग उन्मूलन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद किया।खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता हुमने ने कहा कि चक्रधारी ने अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से निर्वहन किया। कुष्ठ रोगियों की पहचान, उन्हें उपचार से जोड़ने और बीमारी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि लेप्रोसी डायग्नोसिस में चक्रधारी की विशेष दक्षता थी और उनके द्वारा चिन्हित मामलों की सटीकता पर विभाग को भरोसा रहता था। उनकी कार्यकुशलता और सरल व्यवहार के कारण वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे।उन्होंने बताया कि 1990 के दशक में कुष्ठ रोग को लेकर कई भ्रांतियां थीं। उस समय चक्रधारी और उनकी टीम ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों को जागरूक किया और मरीजों को नियमित उपचार के लिए प्रेरित किया। एक सर्वे अभियान में एक ही दिन 37 कुष्ठ मरीजों की पहचान करना उनके सेवाकाल की उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल रहा। क्षेत्र में कुष्ठ उन्मूलन के प्रयासों के लिए फिंगेश्वर-राजिम क्षेत्र की पहचान बनाने में भी उनकी टीम का योगदान रहा।वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं पूर्व बीएमओ डॉ. हिरोंदिया ने कहा कि 37 साल से अधिक समय तक जन्मभूमि में ही सेवा देना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, ÷किस्मत वालों को ही यह सौभाग्य मिलता है कि उनकी जन्मभूमि ही कर्मभूमि बने।

### सोलर हाईमास्ट से रोशन हुआ चोरभट्टी दूरस्थ गांव में बढ़ी सुरक्षा और सुविधा'

**केरबा / नवप्रदेश।** पहले शाम ढलते ही घर से बाहर निकलने से पहले रास्ते की चिंता रहती थी। हाथ में टॉर्च या मोबाइल की रोशनी लेकर चलना पड़ता था, बारिश में सड़क किनारे की झाड़ियां और रास्ता ठीक से दिखाई नहीं देता था। अब गांव के चौक पर सोलर हाईमास्ट की रोशनी रहती है, इसलिए रात में बाजार से लौटना हो या किसी जरूरी काम से बाहर जाना, रास्ता साफनजर आता है।÷ ग्राम चोरभट्टी के एक ग्रामीण की यह बात गांव में सोलर हाईमास्ट से आए बदलाव को बयां करती है।कटघोरा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम चोरभट्टी में पहले शाम के बाद चौक और आसपास के रास्तों पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से ग्रामीणों को रात के आवागमन में परेशानी होती थी। बच्चों और बुजुर्गों के देर से लौटने पर परिवार के लोगों को चिंता रहती थी। अंधेरे में जंगली जानवरों तथा सांप-बिच्छू की आशंका के कारण भी ग्रामीणों को अतिरिक्त सावधानी रखनी पड़ती थी।ग्रामीणों की इस जरूरत को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) से स्वीकृत राशि के माध्यम से क्रेडा विभाग के सहयोग से ग्राम चोरभट्टी में सोलर हाईमास्ट लाइट स्थापित की गई है। अब चौक और आसपास का क्षेत्र रात में पर्याप्त रोशनी से प्रकाशित रहता है। मौसम खराब होने अथवा विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर बैटरी बैकअप से भी प्रकाश की सुविधा मिलती है।

## स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण से सरस्वती कतलाम को मिला सम्मान

**○ व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण के लिए मिली 12 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** स्वच्छ और स्वस्थ जीवन के लिए घर में शौचालय की सुविधा का होना बेहद महत्वपूर्ण है। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराकर खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करने के साथ-साथ महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम भैंसरा की सरस्वती कतलाम के जीवन में घर में बने शौचालय ने सकारात्मक बदलाव लाया है।

सरस्वती कतलाम का परिवार मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करता है। आर्थिक स्थिति सामान्य होने के कारण पहले उनके घर में शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में परिवार के सदस्यों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता था।

विशेषकर महिलाओं को अंधेरे में घर से बाहर जाने के दौरान असुरक्षा और परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसरा में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए पात्र परिवारों का चिन्हांकन एवं सूची तैयार की गई। जिसमें सरस्वती कतलाम का नाम भी शामिल किया गया। पंचायत द्वारा उन्हें व्यक्तिगत शौचालय के महत्व और स्वच्छता के लाभों की जानकारी दी गई। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत उनके घर में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय का निर्माण कराया गया। शौचालय निर्माण एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उन्हें 12 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई।

सरस्वती कतलाम ने बताया कि घर में शौचालय बनने से परिवार को खुले में शौच की मजबूरी से मुक्ति मिली है। विशेषकर महिलाओं के लिए यह सुविधा सुरक्षा और सम्मान से जुड़ी महत्वपूर्ण राहत बनी है। घर में स्वच्छता की सुविधा उपलब्ध होने से परिवार के सदस्यों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि पहले शौचालय नहीं होने के कारण उन्हें जंगल की ओर जाना पड़ता था और इस दौरान उन्हें डर भी लगता था। अब घर में ही शौचालय की सुविधा मिलने से उन्हें काफी राहत और खुशी महसूस होती है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत घरेलू शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु भैया को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राजनांदगांव-खैरागढ़ मार्ग का निर्माण अधूरा, बढ़ते हादसों के खतरे से परेशान

# ९० करोड़ की सड़क पर गड्ढों का सफर, धूल के गुबार में जिंदगी

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** करीब 90 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन राजनांदगांव-खैरागढ़ मुख्य मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली को लेकर सुर्खियों में है। सड़क का निर्माण पूरा होने से पहले ही जगह-जगह गड्ढे, उखड़ा डामर और बिखरी गिट्टी राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। हालात ऐसे हैं कि इस मार्ग से गुजरना लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है।राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगढ़ और महाराष्ट्र को जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहन, कार और दोपहिया वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के कारण लोगों को लंबे समय से परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश के दौरान निर्माण कार्य बंद रहने के बाद कुछ दिनों पहले काम फिर शुरू हुआ, लेकिन सड़क की स्थिति अब भी सुधर नहीं पाई है।

निर्माणाधीन सड़क पर सबसे बड़ी परेशानी धूल की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी द्वारा नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। भारी वाहन गुजरते ही सड़क पर धूल का गुबार उठता है, जिससे कुछ समय के लिए सामने का रास्ता तक दिखाई नहीं देता। इससे आमने-सामने से आने वाले वाहनों के बीच दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

धूल के कारण सड़क किनारे स्थित दुकानदारों को भी परेशानी हो रही है। दुकानों और सामान पर धूल की परत जम रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि लगातार उड़ रही धूल से आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं।

**स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता**

सड़क पर उड़ने वाली धूल और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित हैं। धूल के कारण दृश्यता कम होने से किसी बड़े हादसे की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

**खैरागढ़ से बढ़ईटोला तक सबसे खराब स्थिति**

खैरागढ़ से बढ़ईटोला के बीच सड़क का हिस्सा सबसे ज्यादा खराब बताया जा रहा है। कई स्थानों पर गिट्टी बिछाकर छोड़ दी गई है, जबकि कुछ जगहों पर बिछाया गया डामर बारिश के बाद उखड़ चुका है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों को काफी सावधानी से गुजरना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी खतरनाक बनी हुई है।

**सरकार को बदनाम करने और ठेकेदार को लाभ पहुंचाना ही मुख्य उद्देश्य**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष भरत लाल वर्मा जी ने राजनांदगांव से खैरागढ़ मार्ग की खुद शिकायत की एवं उन्होंने कहा कि ऐसा घटिया कार्य उन्होंने अपने जीवन में कभी नहीं देखा उन्होंने आगे कहा कि ये हमारी पार्टी को बदनाम करने एवं ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिऐ अधिकारी लोग ठेकेदार के साथ मिल कर काम कर रहे है

सड़क के चौड़ीकरण के चक्कर में करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं और सालों साल पुराने वृक्ष को चौड़ीकरण के नाम पर काटा जा रहा है काटे गए पेड़ों को कौन कहां ले गया इसकी कोई जानकारी नहीं है और वृक्षारोपण का ठेकेदार द्वारा कराया जाना यह भी कहीं नजर नहीं आ रहा है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर बस स्टैण्ड में चलाया गया स्वच्छता ही सेवा अभियान

**○ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पुष्पाजलि अर्पित की गई**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा पुराना बस स्टैण्ड एवं नया बस स्टैण्ड में स्वच्छता ही सेवा के तहत श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पुष्पाजलि अर्पित की गयी। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता ही सेवा के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के आस पास साफ-सफाई की गयी तथा बस स्टैण्ड की साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण निर्मित करने का प्रयास किया गया।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश में स्वच्छता का संदेश दिया है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को स्वच्छता से जोडने तथा स्वच्छता को जन अभियान बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन चलाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए हर वर्ष सितम्बर माह में गांधी जयंती तक स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया। जिसका देशवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आयी और नागरिक स्वच्छता एवं पौधरोपण के लिए जागरूक हुए। उन्होंने नगरवासियों से अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने करने की अपील की। साथ ही

इस अवसर पर नगर पालिक निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, छत्तीसगढ़ बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, छत्तीसगढ़ केशकल्याण बोर्ड के सदस्य देवशरण सेन, आयुक्त जीआर मरकाम सहित स्वच्छता अभियान में महापौर परिषद् के प्रभारी सदस्यगण सर्व सुनील साहू,राजेश जैन रानू, सावन वर्मा, शैकी बग्गा, डीलेश्वर साहू, पार्षदगण सर्व शिव वर्मा, हेमंत शेखर यादव, श्रुति जैन, मनोहर यादव, प्रमोद झंझाडे, कुलेश्वर ध्रुव, झामित सेन, चन्द्रशेखर लश्करे, सतीश साहू, अरूण साहू, आदि उपस्थित थे।

## मंत्री बघेल ने किया महिलाओं का सम्मान 49.97 लाख के मिनी स्टेडियम का किया भूमिपूजन

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड नवागढ़ में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खाद्य दयाल दास बघेल शामिल हुए। उन्होंने महिलओं का सम्मान कर उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न महत्वाकां योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर मंत्री जी ने 49.97 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन कर क्षेत्र के युवाओं को सौगात दी। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। मंत्री बघेल बच्चों का अन्नप्राशन कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, वहीं गर्भवती माताओं की गोद भराई कर उन्हें पोषण किट प्रदान किया। बघेल ने 49.97 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित मिनी स्टेडियम का

लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मंच और सुविधा देने की। यह मिनी स्टेडियम नवागढ़ क्षेत्र के युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यहां से निकलने वाले खिलाड़ी प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और ग्रामीण महिलाओं के बीच जलेबी दौड़, मटका फोड़, रस्सा कसी, कुर्सी दौड़, कंचा-चम्मच दौड़, फुगड़ी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे प्रत्येक विधा के विजेता महिलाओं को मंत्री जी ने 11 - 11 हजार रूपये की राशि अपने हाथों से पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अजय साहू, सरपंच, महिला बाल विकास अधिकारी रितेश टंडन,महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 'स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज और गांधीजी' विषय पर संगोष्ठी

**पिपरिया/नवप्रदेश।** पीएम सेजेस पिपरिया, छत्तीसगढ़ प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन पाठक मंच कवर्धा इकाई एवं कबीरा खड़ा बाज़ार में प्रगतिशील वैचारिक मंच पिपरिया के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज और गांधी जी' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से की गई । तत्पश्चात उपस्थित वक्ताओं और अतिथियों का शाला परिवार की ओर से पुष्पगुच्छ प्रदान कर एवं तिलक लगाकर किया गया ।

सर्वप्रथम स्वास्थ्य पर परिचर्चा की शुरुआत डॉक्टर विनोद चंद्रवंशी खंड शिक्षा अधिकारी पिपरिया ने की, उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने जीवन शैली को सही रखने की सलाह दी। बताया कि हमारे शरीर की भी एक घड़ी होती है जिसके अनुसार हमारी दिनचर्या होनी चाहिए । आज के

दौर में दिनचर्या का सही न होना ही सबसे बड़ी समस्या है और कई रोगों का कारण है। उन्होंने सोशल मीडिया और शोर्ट वीडियोज रील्स के नशे से भी सभा को सचेत कराया, बताया कि यह न केवल हमें अपने एल्गोरिदम के नशे में फंसाकर हमारा समय बर्बाद कर रहा है बल्कि हमारे एकाग्रता, ध्यान तर्क की क्षमता को ख़त्म करते हुए हमारे सही फ़ैसले लेने की आदत भी ख़त्म कर रहा है। उन्होंने लड़कियों में लाइफ स्टाइल रोग जैसे पीसीओएस, पीसीओडी, पीरियड्स में अनियमितता, ब्लड एनीमिया, एचपीवी जैसे विभिन्न अहम मुद्दों पर चर्चा कि। लड़कों के कम उम्र या किशोरावस्था में ही नशे के आदि हो जाने को चिंताजनक बताया साथ ही नशे को फैशन समझना कितना नुकसान देह हो सकता है इसकी भी जानकारी दी।

शाला की छात्रा शीतल द्वारा पूछे जाने पर की हम कैसे एकाग्र रहें यह बताया की किसी भी एक समय में यदि हम एक कार्य करें अपनी प्राथमिकता तय करें तो एकाग्र रहने में सहायता मिल सकती है। दूसरे वक्ता नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और कबीरखड़ा बाज़ार में प्रगतिशील वैचारिक मंच के संरक्षक डॉक्टर एम.एल. चंद्रवंशी ने गांधी जी के स्वच्छता प्रेम को संवाद में लाते हुए बताया की स्वच्छ जीवन शैली के तीन प्रमुख आधार स्तंभ हैं।

## पेज 1 का शेष....

**24 साल बाद लड़कों से आगे...**

बराबर ही गोल्ड जीते हैं लेकिन ज्यादा सिल्वर के आधार पर भारत चौथे स्थान पर है। रविवार को अगर उज्बेकिस्तान कोई गोल्ड नहीं जीतता है तो भारत चौथे स्थान पर ही फिनिश करेगा।

मेडल टैली में 44 साल से चीन की चौधराहट कायम

चीन ने इस बार 169 गोल्ड सहित 341 मेडल जीते हैं। नंबर-2 पर रहे जापान ने 83 गोल्ड जीते हैं। चीन से आधे से भी कम। चीन 1982 से अब तक हर एशियन गेम्स में टेबल टॉपर रहा है। भारत ने पोजीशन के लिहाज से पिछले एशियन गेम्स के प्रदर्शन की बराबरी की है। लेकिन, इस बार 7 गोल्ड सहित कुल 21 मेडल की कमी आई है।

**कोल घोटाला: ईओडब्ल्यू आज...**

सामने पेश होने के निर्देश दिए गए हैं।एजेंसी का दावा है कि आईएएस जयप्रकाश ने प्रॉपर्टी, एमएलए देवेंद्र यादव ने चुनाव और चंद्रदेव ने ज्वेलरी में करोड़ों रुपए खर्च किए। एफआईआर में नामजद आरोपियों के खिलाफ जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया जाएगा।

8 नेताओं और अफसरों को मिला ज्यादा फायदा

ईडी की चार्जशीट के मुताबिक 570 करोड़ में सबसे ज्यादा फायदा 8 नेताओं और अफसरों को मिला। नेताओं और अफसरों ने कोल स्कैम के पैसों से जमकर प्रॉपर्टी खरीदी। गहने खरीदे और चुनाव में करोड़ों रुपए उड़ाए।कोल स्कैम के मास्टरमाइंड सूर्यकांत तिवारी से सौम्या चौरसिया ने 169 बार में 31 करोड़ लिए, निलंबित आईएएस रानू साहू ने 13 बार में 5.52 करोड़ रुपए लिए।आरोप है कि विधायक देवेंद्र यादव को 11 बार में 3 करोड़ रुपए मिले। देवेंद्र यादव ने पैसों को खैरागढ़ उपचुनाव और क्क्चुनाव में खर्च किए।आरोप के अनुसार कांग्रेस के पूर्व विधायक चंद्रदेव राय ने सूर्यकांत से 2 बार में 46 लाख रुपए लिए, 42 लाख को क्क्चुनाव में खर्च किए, जबकि 4 लाख रुपए में रायपुर की एक ज्वेलरी शॉप से पत्नी के लिए 60 ग्राम सोने का हार खरीदा।कोल वाशरी और ट्रांसपोर्टर्स से वसूलकर सूर्यकांत तिवारी अपने कर्मचारियों के माध्यम से अफसरों और नेताओं तक पैसों को पहुंचवाया। निखिल चंद्राकर पैसे भेजने में मेन रोल में रहा। अधिकतर लोगों तक इसी ने पैसे पहुंचाए हैं।

**नीट पेपर लीक: सीबीआई...**

सेंटर संचालक, बिचौलिए और परीक्षार्थी शामिल होंगे। सीबीआई ने इस मामले में अब तक राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र से 13 लोगों को गिरफ्तार किया है, इन्हीं लोगों को इस मामले में मुख्य आरोपी भी बनाया गया है।

पहली चार्जशीट में जुलाई में दाखिल की गई थी

सीबीआई ने 28 जुलाई को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। ऐजेंसी ने तब कहा था कि 'अन्य साजिशकर्ताओं' की भूमिका की जांच खुली रखी गई है। सीबीआई को केंद्रीय फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, गवर्नमेंट एग्जामिनर ऑफ क्वेश्चन्ड डॉक्यूमेंट्स और दिल्ली यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों की राय रिपोर्ट का इंतजार था। सीबीआई की पहली चार्जशीट के मुताबिक, एनटीए ने नीट-यूजी 2026 का पेपर तैयार करने के कई चरणों में उन्हीं तीन विषय विशेषज्ञों को दोबारा लगाया।

**दीपांशु काबरा करेंगे डांगी...**

भेजे गए प्रस्ताव में आईपीएस दीपांशु काबरा को नया जांच अधिकारी और आईपीएस प्रशांत कुमार अग्रवाल को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी बनाने की जानकारी हाईकोर्ट में दी गई है।

इस मामले में पीड़िता एसआई की पत्नी ने प्राथमिक जांच में पक्षपात का आरोप लगाते हुए रतन लाल डांगी को बचाने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने किसी महिला आईएएस अधिकारी से जांच कराने की मांग की थी। अब हाईकोर्ट की निगरानी में आगे की कार्रवाई होगी। पीड़िता के वकील अभिषेक पांडेय ने बताया कि, मामले की अगली सुनवाई अगले हफ्ते होगी।

एसआई की पत्नी ने लगाया यौन-उत्पीड़न का आरोप- दरअसल, पुलिस विभाग में पदस्थ एसआई की पत्नी ने आईपीएस डांगी पर यौन-उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पीड़िता ने 15 अक्टूबर 2025 को पुलिस मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि पिछले 7 साल से आईपीएस डांगी उसका शारीरिक और मानसिक शोषण कर रहे हैं।यौन-उत्पीड़न के आरोपों के बीच आईपीएस डांगी को पद से हटा दिया गया था। गृह विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता ने इसका आदेश जारी किया था। बाद में उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। हालांकि, इन आरोपों को रतनलाल डांगी ने झूठा बताया था। मामला अभी कोर्ट में चल रहा है।

**घर में घुसा तेंदुआ, 6 को...**

बाद रायपुर रेफर किया गया। घटना के बीच घायल होने के बावजूद परिवार के सदस्यों ने असाधारण साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए तेंदुए को एक कमरे में बंद कर दिया। इससे बड़ी अनहोनी टल गई। बाद में वन विभाग की 10 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया।

जानकारी के अनुसार, रात करीब 1.30 बजे यादव परिवार की उत्तरी बाई (55) बाथरूम जाने के लिए घर से बाहर निकली थीं। इसी दौरान अचानक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। महिला के शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य मदद के लिए दौड़े। इसी बीच तेंदुआ घर के भीतर घुस गया और वहां मौजूद सरजु यादव (60), जनक यादव (36), मनीष यादव (18), कृष्णा यादव (14) और सुनीता यादव (32) पर भी हमला कर दिया। कुछ ही देर में तेंदुए ने परिवार के छह लोगों को घायल कर दिया।

सफारी जंगल से पहुंची 10 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम

उधर, तेंदुए के घर के कमरे में बंद होने की सूचना मिलते ही वन विभाग ने रेस्क्यू की तैयारी शुरू कर दी। मौके पर वन अमले की निगरानी बढ़ा दी गई और ग्रामीणों को घर से दूर रहने की हिदायत दी गई। तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सफारी जंगल से 10 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ग्राम झिटकी पहुंची। टीम ने मौके की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद बेहद सावधानी से कमरे के भीतर पिंजरा लगाया। रेस्क्यू टीम की रणनीति के मुताबिक तेंदुए को पिंजरे में सफलतापूर्वक कैद कर लिया गया। तेंदुए के सुरक्षित रेस्क्यू के बाद वन विभाग के साथ ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली।

**सीएम साय की 'गार्डन्स बाय...**

और जैव विविधता से परिपूर्ण प्रदेश है। गार्डन्स बाय द बे की विशेषज्ञता और अनुभवों का लाभ नवा रायपुर में बॉटनिकल गार्डन के विकास के साथ ही प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर लैंडस्केपिंग और हरित क्षेत्रों के विस्तार में लिया जा सकता है। इससे छत्तीसगढ़ में पर्यटन की संभावनाओं को नया विस्तार मिलेगा, पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और सैकड़ों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

**जशपुर में 3.41 करोड़...**

सामान जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफलगातार कार्रवाई की जा रही है। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में जिले की पुलिस टीम उड़ीसा सीमा से आने वाले संदिग्ध वाहनों पर विशेष निगरानी रख रही है।

इसी क्रम में 4 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे एंटी नारकोटिक्स टीम और थाना तपकरा पुलिस लावाकेरा चेकिंग बैरियर पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उड़ीसा की ओर से आ रहे टाटा आईसर ट्रक क्रमांक यूपी 47 एटी 9839 को संदेह के आधार पर रोका गया।

ट्रक की जांच करने पर ऊपर की तरफखाली बोतलों से भरी बोरियां रखी मिलीं। पुलिस ने इन बोरियों को हटाकर नीचे रखी बोरियों की तलाशी ली तो टेप से लिपटे पैकेट मिले। पैकेट खोलने पर उनमें गांजा बरामद हुआ। गवाहों की मौजूदगी में की गई जांच में कुल 20 बोरियों से 597 पैकेट मिले, जिनका कुल वजन 632 किलो 380 ग्राम निकला।

ट्रक में मौजूद व्यक्ति से गांजे के संबंध में दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद कुमार गुप्ता (42) निवासी ग्राम बेरिया खलीलपुर, थाना देहात कोतवाली, जिला बहराइच, उत्तर प्रदेश बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह गांजा उड़ीसा से लेकर उत्तर प्रदेश जा रहा था।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 632.380 किलो गांजा, तस्करी में इस्तेमाल टाटा आईसर ट्रक, दो मोबाइल फोन और 3 हजार रुपये नकद जब्त किए हैं। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 3 करोड़ 16 लाख 19 हजार रुपये, ट्रक की कीमत करीब 25 लाख रुपये और मोबाइल की कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई गई है। नकदी सहित कुल 3 करोड़ 41 लाख 47 हजार रुपये की जब्ती की गई है। मामले में थाना तपकरा में अपराध क्रमांक 87/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(सी) में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**दो दिन में दूसरी बड़ी कार्रवाई**

जशपुर पुलिस ने इससे पहले 2 अक्टूबर को भी लावाकेरा चेकिंग बैरियर पर टाटा आईसर मिनी ट्रक से 440 किलो 630 ग्राम गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

**राजस्व मामले मे नोटिस**

**न्यायालय तहसीलदार लवन, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

राजस्व मामला संख्या 20241021340004

मामले का विषय अ-6 (नामांतरण)

पक्षकारो का विवरण- आवेदक पक्षकार दशरथ पिता दयाराम वगै.

अनावेदक पक्षकार विहाबाई पिता लतेल वगै.

भूमि का विवरण जिसके संबंध में विवाद विचारधीन है जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा तहसील लवन प0ह0नं0 39 [खसरा (रकबा)] कोहरौद

आवेदक/अनावेदक/ गवाह जिसे नोटिस जारी किया जा रहा है :-

नाम :- गौरीबाई पिता लतेल जाति तेली साकिन कोहरौद तहसील लवन जिला- बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 27/11/2024 दिन के 11:00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार लवन पर होगी।

विषय उपस्थिति बाबत् ।

नोटिस दिनांक :- 14.11.2024

मुहर

**राजस्व अधिकारी**

**पदनाम**

# भारत पर बढ़ा वैश्विक भरोसा, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास क्षमता से निवेशकों की पसंद बना

**नई दिल्ली।** कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2026 में दुनिया भर से आए अर्थशास्त्रियों और नीति विशेषज्ञों ने रविवार को वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच देशों की आर्थिक मजबूती बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन में भारत की विकास संभावनाओं, वैश्विक व्यापार व्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु जोखिमों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

स्वीडिश अर्थशास्त्री एरिक बर्गलोफने बातचीत में कहा कि वह इस सम्मेलन से इसकी शुरुआत से जुड़े रहे हैं और समय के साथ इसकी गुणवत्ता तथा अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि इस बार पहले की तुलना में कहीं अधिक देशों और प्रतिनिधियों की भागीदारी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां अत्यधिक अनिश्चित हैं और इसी संदर्भ में सम्मेलन की चर्चाएं महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा, व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़े जोखिमों के बीच अर्थव्यवस्थाओं को अधिक लचीला और सक्षम बनाने पर विचार-विमर्श समय की जरूरत है। एरिक बर्गलोफ ने कहा, भारत की विकास संभावनाएं मजबूत हैं और कोविड-19 के बाद देश ने प्रभावशाली आर्थिक गति हासिल की है।÷उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में मजबूत वृद्धि की क्षमता बनी हुई है। हालांकि उन्होंने कहा कि ईरान से जुड़े संघर्ष और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर भारत समेत कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है।उन्होंने आगे बताया कि सरकार ने आम लोगों और कारोबारों को राहत देने के प्रयास किए हैं, लेकिन इससे राजकोषीय दबाव भी बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकटों के बीच विकास गति बनाए रखना नीति निर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है। इसके अलावा, ब्राजील स्थित क्लाइमेट पॉलिसी इनिशिएटिव के कार्यकारी निदेशक जुलियानो असुन्साओ ने कहा कि आज दुनिया जिस सबसे बड़े साझा जोखिम का सामना कर रही है, वह जलवायु परिवर्तन है। उन्होंने कहा, ÷जलवायु संकट किसी एक देश का मुद्दा नहीं है और इससे निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी होगा। भारत और ब्राजील न केवल जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सामना कर रहे हैं, बल्कि समाधान का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकते हैं । जुलियानो असुन्साओ ने आगे कहा कि भारत और ब्राजील के बीच ब्रिक्स जैसे मंचों के माध्यम से पहले से कई संस्थागत संबंध मौजूद हैं। इसके अलावा भारतीय कंपनियों का ब्राजील में निवेश भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के सामने विकास, जलवायु, कृषि और सतत आर्थिक वृद्धि जैसी कई समान चुनौतियां हैं। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच सहयोग की संभावनाएं और अधिक मजबूत हो सकती हैं।

वहीं, न्यूजीलैंड के अर्थशास्त्री प्रो. जॉन गिब्सन ने बात करते हुए कहा कि कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं के बीच संवाद का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि यहां केवल भारत ही नहीं, बल्कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो रही है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में बढ़ती अनिश्चितता और नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था पर बढ़ते दबाव के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) स्थिरता प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने भारत और न्यूजीलैंड के बीच हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नियम-आधारित और अधिक व्यवस्थित आर्थिक सहयोग का उदाहरण है। इसके साथ ही, जापान के इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइकॉनॉमिक्स के निदेशक काजुतो सुजुकी ने कहा कि आज के दौर में अर्थव्यवस्था, भू-राजनीति और जियोइकॉनॉमिक्स एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव की विशेषता यही है कि यह केवल आर्थिक मुद्दों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उन भू-राजनीतिक कारकों पर भी चर्चा करता है जो आर्थिक फैसलों को प्रभावित करते हैं। काजुतो सुजुकी ने कहा कि चीन के साथ जटिल संबंधों के चलते जापानी उद्योग लंबे समय से भारत को एक महत्वपूर्ण और संभावनाओं से भरे बाजार के रूप में देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में जापानी कंपनियां भारत में निवेश अवसर तलाश रही हैं और देश को दीर्घकालिक विकास एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में देख रही हैं। उन्होंने बताया कि भारत की बाजार क्षमता, जनसांख्यिकीय ताकत और आर्थिक विस्तार की संभावनाएं विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं।

## भाजपा ने उत्तराखंड से दिनेश आर्य और पश्चिम बंगाल से कोयल मल्लिक को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने उत्तराखंड में होने वाले राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव और पश्चिम बंगाल में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव 2026 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। भाजपा ने उत्तराखंड से दिनेश आर्य और पश्चिम बंगाल से रुक्मिणी मल्लिक (कोयल मल्लिक) को उम्मीदवार बनाया है। दिनेश आर्य उत्तराखंड में राज्यस्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष (दर्जा राज्यमंत्री), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जनसंपर्क अधिकारी, भाजपा के नैनीताल के पूर्व जिलाध्यक्ष और अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रह चुके हैं।

वहीं, रुक्मिणी मल्लिक अभिनेत्री और राजनेता हैं, जिन्हें पेशेवर तौर पर कोयल मल्लिक या सिर्फकोयल के नाम से जाना जाता है। उन्हें मुख्य रूप से बंगाली फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। रुक्मिणी मल्लिक टीएमसी से राज्यसभा सदस्य रह चुकी हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की 1 सीट पर द्विवार्षिक चुनाव होंगे जबकि पश्चिम बंगाल की एक सीट पर उपचुनाव होगा। इन सभी सीटों पर 16 अक्टूबर को मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 11 राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल नवंबर 2026 में खत्म हो रहा है। इसकी वजह से इन सीटों पर चुनाव कराया जा रहा है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में एक सीट खाली हुई है। यहां से तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सांसद रुक्मिणी मल्लिक ने 16 जुलाई को इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल 2032 तक था। इसी खाली सीट को भरने के लिए उपचुनाव होगा। चुनाव आयोग के अनुसार, नामांकन भरने की आखिरी तारीख 6 अक्टूबर तक है। 7 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 9 अक्टूबर शुक्रवार तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 16 अक्टूबर को होगा। वोटिंग का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। उसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती शुरू होगी। चुनाव की पूरी प्रक्रिया 19 अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएगी।

चुनाव आयोग ने इस चुनाव के लिए एक खास नियम भी बताया है। वोट डालने के लिए बैलेट पेपर पर पसंद बताने के लिए केवल इंटीग्रेटेड वॉयलेट कलर के स्केच पेन का ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह पेन रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दिया जाएगा। किसी और पेन से वोट नहीं डाला जा सकेगा। आयोग ने कहा है कि चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और चुनाव प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

### जैव विविधता के संरक्षण में पशुओं की अहम भूमिका

# धरती पर हर जीव का महत्व, विश्व पशु दिवस देता है संरक्षण का संदेश

**नई दिल्ली।** बदलते पर्यावरण, घटते प्राकृतिक आवास, जलवायु परिवर्तन, अवैध शिकार और बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप के बीच पशुओं के संरक्षण और उनके प्रति संवेदनशीलता की जरूरत लगातार बढ़ रही है। धरती पर जीवन का संतुलन केवल इंसानों से नहीं, बल्कि असंख्य पशु-पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं से भी बना है। इसी महत्व को रेखांकित करने और पशु कल्याण, संरक्षण एवं अधिकारों के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस मनाया जाता है। पशुओं के प्रति जिम्मेदार व्यवहार और उनके प्राकृतिक आवासों का संरक्षण न केवल जैव विविधता, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

पशुओं के प्रति संवेदनशीलता को अक्सर केवल दया और करुणा से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन इसका दायरा इससे कहीं बड़ा है। पशु कल्याण में उनके भोजन, पानी, आश्रय, स्वास्थ्य, सुरक्षित वातावरण और अनावश्यक पीड़ा से बचाव जैसे पहलू शामिल हैं। घरेलू पशुओं से लेकर वन्यजीवों तक, हर प्रजाति की अपनी प्राकृतिक जरूरतें होती हैं। इन जरूरतों की अनदेखी न केवल पशुओं के लिए समस्या पैदा करती है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी प्रभावित कर सकती है।

प्रकृति में प्रत्येक जीव की अपनी भूमिका होती है। जंगलों में शिकारी प्रजातियां खाद्य श्रृंखला को संतुलित रखने में योगदान देती हैं, जबकि कई पशु और पक्षी बीजों के प्रसार और परागण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समुद्री जीव भी समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने में योगदान देते हैं। किसी एक प्रजाति की संख्या में बड़ी गिरावट का असर दूसरी प्रजातियों पर भी पड़ सकता है।

### पशु क्रूरता रोकने के लिए जागरूकता जरूरी

पशुओं के साथ क्रूरता कई रूपों में सामने आ सकती है। उन्हें अनावश्यक रूप से पीटना, लंबे समय तक भूखा या प्यासा रखना, घायल होने के बाद उपचार न कराना या मनोरंजन के लिए उनका शोषण करना गंभीर चिंताएं हैं। कानून पशुओं के प्रति क्रूरता को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन केवल कानूनी प्रावधान पर्याप्त नहीं हैं। समाज में जागरूकता, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता बढ़ाना भी आवश्यक है। बच्चों को कम उम्र से ही पशु-पक्षियों के प्रति दयालु और जिम्मेदार व्यवहार की शिक्षा देने से लंबे समय में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

### भारत में वन्यजीव संरक्षण की लंबी परंपरा

भारत जैव विविधता की दृष्टि से दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में शामिल है। यहां हिमालय से लेकर पश्चिमी घाट, सुंदरबन से लेकर रेगिस्तानी क्षेत्रों तक अलग-अलग पारिस्थितिकी तंत्र पाए जाते हैं। बाघ, हाथी, गैंडा, एशियाई शेर, हिम तेंदुआ, मगरमच्छ और अनेक दुर्लभ पक्षी एवं अन्य वन्यजीव भारत की प्राकृतिक विरासत का हिस्सा हैं। इनके संरक्षण के लिए राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभयारण्यों और संरक्षित क्षेत्रों का नेटवर्क विकसित किया गया है। विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं।

### तेजी से बदलती दुनिया में बढ़ते खतरे

शहरीकरण, औद्योगिकीकरण और बुनियादी ढांचे के विस्तार के कारण कई वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास लगातार प्रभावित हुए हैं। जंगलों का क्षरण, नदियों और जलस्रोतों का प्रदूषण, प्लास्टिक कचरा, अवैध शिकार तथा जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियां अनेक प्रजातियों के अस्तित्व के लिए खतरा बन रही हैं। सड़क और रेल परियोजनाओं के विस्तार के साथ वन्यजीवों के आवागमन वाले क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी सामने आती हैं। ऐसे में विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन कायम करना महत्वपूर्ण हो जाता है।

### सड़कों पर रहने वाले पशुओं के प्रति संवेदनशीलता

शहरों में बड़ी संख्या में बेसहारा पशु दिखाई देते हैं। सड़क दुर्घटनाएं, बीमारी, भूख और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियां इनके लिए बड़ी चुनौतियां हैं। ऐसे पशुओं के प्रति मानवीय व्यवहार अपनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी का हिस्सा हो सकता है। घायल पशु दिखाई देने पर स्थानीय पशु चिकित्सा सेवा या संबंधित पशु कल्याण संगठन से संपर्क करना, गर्मी और सर्दी के दौरान पानी उपलब्ध कराना तथा जिम्मेदारी के साथ पशु जन्म नियंत्रण और टीकाकरण जैसे उपायों को बढ़ावा देना व्यावहारिक कदम हो सकते हैं।

## झारखंड की बेटियों का रांची एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

### एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर लौटीं

**नई दिल्ली।** जापान के आइची-नागोया में एशियन गेम्स 2026 में इतिहास रचने के बाद झारखंड की चार हॉकी चैंपियन बेटियां रविवार को जब रांची पहुंचीं, तो बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का माहौल किसी खेल मैदान की जीत का जश्न बन गया। हाथों में फूल-मालाएं, गूंजते ढोल-नगाड़े और हर तरफ उठते जयकारों के बीच भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, ओलंपियन निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग का जोरदार स्वागत किया गया।

जापान से बेंगलुरु होते हुए रांची पहुंचीं चारों खिलाड़ियों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर हॉकी झारखंड के पदाधिकारी, प्रशिक्षक, खिलाड़ी, खेल प्रेमी और उनके परिजन पहले से मौजूद थे। जैसे ही खिलाड़ी बाहर आईं, वहां मौजूद लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन शुरू कर दिया। फूल-मालाओं और बुके से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कई खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने हॉकी स्टिक उठाकर अपनी चैंपियन साथियों के प्रति सम्मान जताया। यह उत्साह उस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न था, जिसने भारतीय महिला हॉकी को 44 साल बाद एशियन गेम्स का स्वर्ण दिलाया है। भारतीय टीम ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस सफलता में झारखंड की चार खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सलीमा टेटे ने टीम की कप्तानी की, जबकि निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग ने भी स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा बनकर राज्य का गौरव बढ़ाया। एयरपोर्ट पर सबसे भावुक क्षण तब आया, जब लंबे इंतजार के बाद खिलाड़ियों की मुलाकात उनके परिजनों से हुई। बेटियों को सामने देखते ही परिवार के सदस्यों की खुशी चेहरे पर साफदिखाई दी।

खिलाड़ियों ने माता-पिता और अन्य परिजनों से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान कई भावुक पल भी देखने को मिले। इसके बाद हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने चारों चैंपियन बेटियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। एयरपोर्ट परिसर लगातार नारों से गूंजता रहा। 'भारत माता की जय' और 'झारखंड की बेटियां जिंदाबाद' के जयघोष के बीच खिलाड़ी भी मुस्कुराते हुए अपने प्रशंसकों का अभिवादन करती रहीं।

# आरबीआई की एमपीसी बैठक से पहले ब्याज दरों में बढ़ोतरी के आसार

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक अगले हफ्ते होने वाली है। बैठक से पहले अर्थशास्त्रियों का मानना है कि सेंट्रल बैंक अब ब्याज दरें बढ़ाने का सिलसिला शुरू कर सकता है। पहले दिसंबर में बढ़ोतरी की उम्मीद थी लेकिन अब इसे अक्टूबर में ही शुरू होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

बैंक ऑफ अमेरिका (बीओएफए) के मुताबिक, बढ़ती ऊर्जा कीमतों, खाद्य महंगाई और चौतरफा महंगाई के दबाव के कारण अक्टूबर में 25 बेसिस पॉइंट्स (बीपीएस) की बढ़ोतरी संभव है जबकि पहले यह दिसंबर में अनुमानित थी। बीओएफए ने कहा, लगभग दो साल की मौद्रिक नरमी के बाद, आरबीआई अक्टूबर एमपीसी में नीतिगत समर्थन वापस लेने के शुरुआती कदम उठाने के लिए तैयार दिख रहा है। ऐसे में हमें लगता है कि आरबीआई अक्टूबर एमपीसी में 25बीपीएस की दर से बढ़ोतरी करेगा।

एसबीआई रिसर्च ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस समय 25-बीपीएस की दर से बढ़ोतरी का जोखिम काफी बढ़ गया है। महंगाई का दायरा बढ़ना, वैश्विक हालात बिगड़ना, लिक्विडिटी की स्थिति और वैश्विक स्तर पर जोखिमों का दोबारा मूल्यांकन, पहले से कार्रवाई करने की जरूरत को मजबूत कर रहा है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5 से 7 अक्टूबर तक होनी है, जिसमें बेंचमार्क रेपो रेट पर फैसला लिया जाएगा। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल के दाम का जोखिम और वैश्विक जोखिमों के दोबारा मूल्यांकन को देखते हुए, हमारे लिए कर्व से पीछे रहने के बजाय पहले से ही कार्रवाई करना समझदारी होगी। महंगाई अब तेजी से बढ़ रही है। सीपीआई महंगाई अगस्त में बढ़कर 4.82 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 4.45 प्रतिशत थी। मजबूत अल नीनो और अक्टूबर में सामान्य से कम बारिश रबी की पैदावार के लिए और जोखिम पैदा कर सकती है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, महंगाई और वैश्विक स्तर पर बॉन्ड यील्ड बढ़ने से आरबीआई के लिए दरों को यथावत रखने की गुंजाइश कम हो गई है। बीएनपी पारिबा इंडिया की एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कुछ हफ्तों में भारत का मैक्रो-आउटलुक कमजोर हुआ है, क्योंकि ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चला गया है और अमेरिका के 10-साल के ट्रेजरी यील्ड 5 प्रतिशत की ओर बढ़ गए हैं। ग्लोबल ब्रोकरेज नोमुरा के विश्लेषकों के अनुसार, आरबीआई मौजूदा साइकिल में ब्याज दरों में बढ़ोतरी को 25-50 बेसिस पॉइंट्स तक ही सीमित रख सकता है, जबकि बाजार इससे ज्यादा सख्ती की उम्मीद कर रहा है।

## तिमाही नतीजे और पश्चिम एशिया तनाव जैसे अहम कारक तय करेंगे बाजार की दिशा

### मार्केट आउटलुक : अगले हफ्ते आरबीआई पॉलिसी

**मुंबई।** छुट्टियों के कारण छोटे रहे कारोबारी सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार पर वैश्विक दबाव हावी रहा और प्रमुख सूचकांक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक स्तरों से नीचे फिसल गए। अब अगले सप्ताह निवेशकों की निगाहें आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा, दूसरी तिमाही (क्यू2) के कॉरपोरेट नतीजों और पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव पर रहेंगी, जो बाजार की अगली दिशा तय कर सकते हैं। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत मिलते हैं, तो भारतीय बाजार में तेज राहतभरी तेजी देखने को मिल सकती है। वहीं दूसरी ओर, आरबीआई की नीति, महंगाई पर उसका दृष्टिकोण और आर्थिक वृद्धि के अनुमान घरेलू ब्याज दरों तथा वित्तीय बाजारों के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे।

पिछले सप्ताह बाजार में कमजोरी की शुरुआत पहले कारोबारी दिन से ही दिखाई दी। सोमवार को सेंसेक्स 1.52 प्रतिशत गिरा, जबकि अगले दो सत्रों में भी कमजोरी बनी रही। गुरुवार को सूचकांक में 0.79 प्रतिशत की और गिरावट दर्ज की गई। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 1,670.84 अंक टूटकर 71,909.70 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 3 प्रतिशत से अधिक गिरकर 22,421.95 पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार यह गिरावट बाजार में जारी करेक्शन के दौर को दर्शाती है।

## साइबर हमलों से बैंकों के ग्राहकों का डेटा लीक

### दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने दिए जांच के आदेश

**सोल।** दक्षिण कोरिया में हाल में हुए साइबर हमलों में हाना बैंक, केबी कूकमिन बैंक और शिनहान बैंक समेत कई वित्तीय कंपनियों के ग्राहकों की जानकारी लीक होने के मामले सामने आने के बाद रविवार को दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने संस्थानों पर हुए लगातार साइबर हमलों की पूरी जांच करने का आदेश दिया। इन हमलों में ग्राहकों की निजी जानकारी लीक हुई है।
योनहाप न्यूज एजेंसी के मुताबिक, राष्ट्रपति की प्रवक्ता कांग यू-जुंग ने एक प्रेस रिलीज में कहा, राष्ट्रपति ली को हाल में वित्तीय और सरकारी संस्थानों में हुए डेटा लीक और उनसे निपटने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने अधिकारियों को इस मामले को गंभीरता से लेने, पूरी जांच करने और समस्या से निपटने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा है। गुरुवार को शिनहान बैंक ने बताया कि उसके करीब 25 हजार ग्राहकों की निजी जानकारी लीक हुई है। इसमें ग्राहकों के नाम, फोन नंबर और सालाना आय जैसी जानकारियां शामिल थीं। सूत्रों के मुताबिक, बैंक पर हमला करने वाले हैकरों ने एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का इस्तेमाल किया था। हाना बैंक के 89 ग्राहकों की निजी जानकारी भी लीक होने का पता चला है। वहीं, वूरी बैंक और एनएच नोंगह्युप बैंक को भी इसी तरह के साइबर हमलों में निशाना बनाने की कोशिश की गई। हालांकि, इन बैंकों ने अपने सिस्टम में बिना इजाजत दाखिल होने की कोशिश को रोक दिया, जिससे ग्राहकों की निजी जानकारी लीक नहीं हुई।

## भदोही का नाम बदलकर अब होगा संत रविदास नगर, सीएम योगी का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ल।** यूपी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम योगी ने बड़ी घोषणा की है। रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने भदोही जिले का नाम बदलने की घोषणा की। भदोही में आयोजित एक कार्यक्रम में घोषणा करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'अब हमारा भदोही जिला 'संत रविदास नगर भदोही' के नाम से जाना जाएगा।'
योगी आदित्यनाथ भदोही में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने 1,340 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 112 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि संत रविदास नगर (भदोही), मिर्जापुर और वाराणसी को सिल्क क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाएगा।

# भारत-पाकिस्तान क्रिकेट और हॉकी के मैचों ने तोड़े व्यूअरशिप रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के इतिहास में भारत-पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट फाइनल और पुरुष हॉकी सेमीफाइनल सबसे अधिक देखे जाने वाले मुकाबले रहे। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि आइची-नागोया खेलों में खिलाड़ियों को 'सर्वश्रेष्ठ माहौल' उपलब्ध कराया गया, जिसका प्रमाण 212 रिकॉर्ड हैं।
भारत ने काकामिगाहारा के गिफू प्रांतीय ग्रीन स्टेडियम में पुरुष हॉकी के सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 4-3 से हराया। इसके बाद भारत ने फाइनल में मलेशिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने पुरुष क्रिकेट के फाइनल में पाकिस्तान को 19 रन से हराया। ओसीए समन्वय समिति के अध्यक्ष तैयब इकराम ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''प्रसारण को खेलों के इतिहास में सबसे अधिक दर्शक मिले। इसके पीछे दो बड़े मुकाबले रहे। कल पाकिस्तान-भारत क्रिकेट मैच खेलों का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला मुकाबला रहा और उससे एक दिन पहले (गुरुवार को) पाकिस्तान-भारत हॉकी मैच खेलों के इतिहास में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला मुकाबला था।''
पारंपरिक खेल गांव को खत्म करके लागत घटाने के फैसले, सीमित जगह वाले आवास और परिवहन संबंधी परेशानियों के कारण इन खेलों की व्यवस्थाओं की आलोचना हुई। आयोजकों ने पारंपरिक खेल गांव की जगह करीब 17,000 खिलाड़ियों और अधिकारियों के रहने के लिए होटल के कमरों, अस्थायी लकड़ी के कंटेनरों और एक क्रूज जहाज का इस्तेमाल किया।

### कई रिकॉर्ड टूटे

खिलाड़ियों के आवास के बारे में उन्होंने कहा, ''खिलाड़ियों ने इसे काफी अच्छी तरह स्वीकार किया। यह अनुकूलन का विषय था। बड़े खेल गांव का बाद में कोई उपयोग नहीं होता, यह अलग मॉडल था। हां, भविष्य में इस पर विचार किया जा सकता है।'' ओसीए के महानिदेशक हुसैन अल-मुसल्लम ने कहा कि आइची-नागोया खेलों के दौरान 54 विश्व रिकॉर्ड, 11 जूनियर विश्व रिकॉर्ड, 89 एशियाई रिकॉर्ड और 212 एशियाई खेल रिकॉर्ड टूटे। उन्होंने कहा, ''यह उपलब्धि आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों के लिए बनाए गए सर्वश्रेष्ठ माहौल के बिना संभव नहीं थी।'' हुसैन ने कहा, ''अगर खिलाड़ी अच्छी नींद नहीं लेते, अच्छा खाना नहीं खाते और उनके लिए अच्छी परिवहन व्यवस्था नहीं होती तो वे प्रदर्शन नहीं कर सकते। हमें खुशी है कि आयोजन समिति पर कोई बड़ा वित्तीय बोझ नहीं पड़ा और नागोया या कहीं भी कोई ऐसी बड़ी स्थायी परियोजना नहीं बची जिसका बाद में उपयोग नहीं हो।'

### हमेशा कुछ चुनौतियां होती हैं

हालांकि इकराम ने कहा कि इतने बड़े बहु-खेल आयोजनों में संचालन संबंधी चुनौतियां हमेशा रहती हैं। उन्होंने कहा, ''हम जानते हैं कि कुछ शिकायतें थीं और कुछ मुद्दे सामने आए। निश्चित रूप से कुछ चुनौतियां थीं, लेकिन हमने जिस तरह उन चुनौतियों का सामना किया, उसे अधिक महत्वपूर्ण तरीके से रेखांकित किया जाना चाहिए।'' इकराम ने कहा, ''हमने अपने खिलाड़ियों को बेहतर परिस्थितियां, लॉजिस्टिक्स और संचार व्यवस्था देने की कोशिश की।

# खल्लारी में सड़कों के विकास को मिली रफ्तार, 32.96 करोड़ से दो प्रमुख मार्ग होंगे चौड़े और मजबूत

### भुरकोनी-सेखड़ादरहा और ओवराडबरी-कोमा-कोकदा-खसुर्पाली मार्ग को मिली मंजूरी, 18.25 किमी सड़क का होगा उन्नयन

**महासमुंद/नवप्रदेश।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में बड़ी सौगात मिली है। खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों से दो महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए कुल 32 करोड़ 96 लाख 43 हजार रुपए की शासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्यों से कुल 18.25 किलोमीटर सड़क का उन्नयन होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने का रास्ता साफहुआ है। शासकीय स्वीकृति के तहत भुरकोनी, सेखड़ादरहा मार्ग के किमी 1 से किमी 11/4 तक 10.25 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 19 करोड़ 58 लाख 15 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। वहीं ओवराडबरी, कोमा, कोकदा, खसुर्पाली मार्ग के किमी 7 से किमी 14 तक 8 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 13 करोड़ 38 लाख 28 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। यह कार्य वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल है।

### किसानों और विद्यार्थियों को मिलेगा सीधा लाभ

दोनों प्रमुख मार्गों के उन्नयन से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आवागमन सुगम होने की उम्मीद है। सड़कें बेहतर होने से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, वहीं विद्यार्थियों और नौकरी-पेशा लोगों के लिए रोजाना का आवागमन आसान होगा। ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों और बाजारों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलने के साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है।

### लंबे समय से थी सड़क सुधार की मांग

इन मार्गों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। सड़क कार्यों की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के ग्रामीणों और आम नागरिकों ने खुशी जताते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़कें मजबूत और चौड़ी होने से आवागमन के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी।

### विधायक बोले- मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई सहित मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दोनों सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। दो प्रमुख मार्गों के लिए मिली 32.96 करोड़ रुपए की स्वीकृति को खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में अहम उपलब्धि माना जा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### 6 अक्टूबर को टाउन हॉल में होगा युवा उड़ान का आयोजन

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में युवाओं को प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत विजन 2047 से जोड़ने तथा विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के संयुक्त तत्वाधान में युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय कलेक्टर (खेल एवं युवा कल्याण विभाग) से प्राप्त जनकारी के अनुसार यह कार्यक्रम 06 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे से टाउन हॉल बेमेतरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में युवाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले के मेधावी विद्यार्थी, महाविद्यालयीन प्रवीण छात्र, कला, साहित्य, सांस्कृतिक एवं खेल क्षेत्र में राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी, खेल अकादमियों के प्रशिक्षणार्थी, छ्तक्ष्स्ष्ट/क्ष्स्ष्ट की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी, इंजीनियरिंग, मेडिकल, कृषि, पॉलिटेक्निक एवं ढ्ढञ्जढ्ढ के विद्यार्थी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, कौशल विकास प्रशिक्षणार्थी, छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थी, दिव्यांगजन एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली युवाओं को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में विषय-विशेषज्ञों द्वारा युवाओं के साथ संवाद, प्रश्नोत्तर एवं सुझाव सत्र आयोजित होंगे। परिचर्चा के प्रमुख विषय केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाएं, वन नेशन वन इलेक्शन तथा विकसित छत्तीसगढ़ से विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका होंगे।

### बुचिपुर में चला स्वच्छता का अभियान

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत युवा संघ द्वारा माँ महामाया धाम बुचिपुर में भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। युवा संघ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों एवं समस्त ग्रामवासियों ने एक साथ श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर, पंचायत परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ्-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। आस्था के केंद्र में युवाओं को झाड़ू लगाते देख ग्रामीणों में भी जबरदस्त उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में युवा संघ विजय वर्मा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि युवा संघ द्वारा अभियान के तहत स्वच्छता सहित 13 प्रमुख सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्वच्छता किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हमारी दैनिक आदत और सामूहिक जिम्मेदारी बननी चाहिए। ओमकार साहू ने कहा कि माँ महामाया धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, ऐसे धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। युवा संघ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में लगातार सक्रिय है। कार्यक्रम में रामसागर साहू, रानी साहू, मखनपुर संतु साहू, कुंवा बलराम यादव, सचिव राजकुमार साहू, रोजगार सहायक खोमराम ध्रुव, नरेश वर्मा, सुरेश वर्मा, जीवन डेहरे, गया वर्मा, अनीता साहू सहित बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने की आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश7 थाना बेमेतरा, नांदघाट, खम्हरिया, चंदनू एवं चौकी देवकर, कंडरका, खण्डसरा पुलिस टीम के द्वारा जरिये मुखबिर से सूचना पर जिले के विभिन्न स्थानों वार्ड नं. 12 जिला अस्पताल के पीछे सिंघौरी बेमेतरा, ग्राम अकोली चौक थाना नांदघाट, बडे पुल के नीचे नांदघाट, वार्ड नं. 14 शमशान घाट नदी के पास खम्हरिया, खिसोरा डामर प्लांट के सामने नारधी रोड किनारे मैदान, तेलीमठ नाला के पास ग्राम आंदु थाना चंदनू, ग्राम हरदी चौक रोड किनारे एवं ग्राम करचुवा से सेमरिया रोड पुलिया मोड के पास में 08 आरोपियों को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करते पकड़ा गया। कब्जे से 108 पौवा कीमती 11,680 रूपये एवं व बिक्री रकम 2,290 रूपये सहित कुल जुमला लगभग 13,970 रूपये को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई हैं।

### एसपी ने आधी रात चौकी खण्डसरा का किया निरीक्षण

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा त्रिलोक बंसल ने देर रात पुलिस चौकी खण्डसरा पहुंचकर चौकी की व्यवस्थाओं एवं पुलिस ड्यूटी का निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी मुस्तैद पाए गए। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी एवं जवानों को सदैव सतर्क एवं सुरक्षित रहकर ड्यूटी करने तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने चौकी के अभिलेखों, जनरल डायरी, ड्यूटी रजिस्टर, लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, शिकायतों एवं जब्ती माल की समीक्षा की। उन्होंने सभी लंबित प्रकरणों एवं शिकायतों का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ÷अनुशासन ही पुलिस व्यवस्था की बुनियाद है÷, इसलिए ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पुलिस चौकी प्रभारी खण्डसरा सहायक उप निरीक्षक कंवल सिंह नेताम, शशांक शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गौसेवा, गौ आहार, स्वच्छता और परिसर विकास को लेकर बनी ठोस कार्ययोजना

# श्री कृष्ण गौशाला पिंजरापोल में नई कार्यकारिणी ने संभाली कमान

**डोंगरगढ़/नवप्रदेश।** श्री कृष्ण गौशाला पिंजरापोल डोंगरगढ़ में आयोजित आवश्यक बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन कर सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। गौशाला के सुचारू संचालन, गौवंश की बेहतर देखभाल और व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर बैठक में व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई। दीपावली से पूर्व गौशाला परिसर को व्यवस्थित एवं सुसज्जित करने के साथ ही गौ आहार के पर्याप्त भंडारण, स्वच्छता, पार्किंग और गौसेवा को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष श्री गोविंदलाल चोपड़ा ने जिम्मेदारियां सौंपते हुए कहा कि यह पद नहीं, बल्कि गौसेवा के प्रति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसे सभी सदस्यों को विश्वास, निष्ठा और जवाबदेही के साथ निभाना होगा। उन्होंने सभी सदस्यों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए गौशाला की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का आह्वान किया।

नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष श्री गोविंदलाल चोपड़ा, उपाध्यक्ष श्री सुनील तापड़िया, श्री मनमोहन अग्रवाल एवं श्री राजू छाजेड़, महामंत्री श्री श्रेयस भैया, सहमंत्री श्री विवेक मोनू भंडारी एवं श्री विनय रिंकू बंसल, कोषाध्यक्ष श्री सोनू नरेड़ी तथा सह-कोषाध्यक्ष श्री रितेश पचेरिवाल एवं श्री मनीष दरगड़ को जिम्मेदारी सौंपी गई।

गौशाला के विभिन्न कार्यों के लिए विभागवार प्रभार भी निर्धारित किए गए। दुग्ध प्रबंधन की जिम्मेदारी श्री गोविंद चोपड़ा, श्री विनय बंसल, श्री राहुल दरगड़, श्री राजू छाजेड़ एवं श्री गणेश नरेड़ी को दी गई। गौ आहार एवं चारा प्रबंधन का दायित्व श्री गोविंद चोपड़ा, श्री सोनू नरेड़ी, श्री श्रेयस भैया, श्री प्रकाश अग्रवाल एवं श्री राजू भूत को सौंपा गया। गौसेवा एवं संरक्षण की जिम्मेदारी श्री सोनू नरेड़ी, श्री गणेश नरेड़ी, श्री मनमोहन अग्रवाल, श्री गोपाल दम्माणी एवं श्री राजू भूत संभालेंगे। परिसर प्रबंधन एवं स्वच्छता का दायित्व श्री राजू छाजेड़, श्री विजय चौरड़िया, श्री राजू भूत, श्री रितेश पचेरिवाल एवं श्री गोपाल दम्माणी को तथा जनसंपर्क एवं समन्वय की जिम्मेदारी श्री गोविंद चोपड़ा, श्री राजू छाजेड़, श्री विजय चौरड़िया, श्री रितेश पचेरिवाल एवं श्री विवेक मोनू भंडारी को दी गई।

बैठक में प्रत्येक प्रभारी के कार्यक्षेत्र की स्पष्ट जवाबदेही तय करने और कार्यों की नियमित समीक्षा करने का निर्णय लिया गया। गौसेवा एवं संरक्षण, स्वच्छता, पारदर्शिता, बेहतर आहार व्यवस्था और सुव्यवस्थित संचालन को गौशाला की आगामी कार्ययोजना का प्रमुख आधार बनाया गया है। अध्यक्ष श्री गोविंदलाल चोपड़ा ने सभी सदस्यों से समन्वय एवं सहयोग के साथ कार्य करते हुए गौशाला को बेहतर व्यवस्थाओं के साथ विकसित करने का आह्वान किया।

**दीपावली से पूर्व गौशाला के पूरे प्रांगण को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं सुसज्जित करने का लक्ष्य**

बैठक में शासन के नियमों के अनुरूप पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने पर भी चर्चा हुई। दीपावली से पूर्व गौशाला के पूरे प्रांगण को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं सुसज्जित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत साफ-सफाई, आवश्यक मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, रंग-रोगन एवं अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में गौ आहार एवं चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप स्टॉक रखने की योजना बनाई गई। विशेषज्ञों की सलाह से गौवंश की आवश्यकता एवं पोषण के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले आहार का चयन करने तथा उसकी गुणवत्ता एवं उपलब्धता की नियमित निगरानी करने पर भी जोर दिया गया।

# नवरात्रि से पहले युवाओं ने संभाली स्वच्छता की कमान

### ■ आजाद चौक में संगम समिति की पहल, बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**सिमगा/नवप्रदेश।** बलौदाबाजार जिले के सिमगा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मनहोरा के आजाद चौक में नवरात्रि पर्व के आगमन से पहले युवाओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए साफ्-सफाई अभियान चलाया। मां भवानी के स्वागत की तैयारी के रूप में संगम समिति के सदस्यों ने आसपास के क्षेत्र की साफ्-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की सुंदर पहल की।

संगम समिति के युवाओं ने आजाद चौक सहित आसपास के स्थानों में जमा कचरा और गंदगी हटाकर परिसर को व्यवस्थित किया। इस दौरान युवाओं के साथ बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया। बच्चों और युवाओं की सहभागिता ने अभियान को और खास बना दिया। समिति के सदस्यों ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि आपसी एकता, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का भी संदेश देता है। मां भवानी के आगमन से पहले अपने आसपास के स्थानों को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ यह पहल की गई। स्वच्छता अभियान में पंच नारायण निषाद, देवेंद साहू, रमेश निषाद, अजय निषाद, दीपक सेन, रवि साहू, भारत भूषण देवांगन, जागेश्वर साहू (जीत), दीपक साहू, कुंदन निषाद, जागेश्वर साहू (गेल), धर्मेन्द्र निषाद, नमन सेठ सहित संगम समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बैंक खाता खुलवाने का झांसा देकर साइबर ठगी का नेटवर्क

### 20 हजार रुपए कमीशन का लालच देकर ग्रामीणों के खाते खुलवाते थे आरोपी

**महासमुंद/नवप्रदेश।** बैंक खाता खुलवाने के नाम पर ग्रामीणों को 20 हजार रुपए तक कमीशन का लालच देकर उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक और सिम कार्ड हासिल कर साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को बसना पुलिस ने आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी बी. लक्ष्मणा डोरा को 2 अक्टूबर को आंध्रप्रदेश के पोलावरम से घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के खिलाफ बसना थाने में धारा 318(4), 319(2), 3(5), 317(4) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

*एटीएम-चेकबुक और सिम साइबर अपराधियों को बेचकर कराते थे भारी लेन-देन*

पुलिस के अनुसार ग्राम मनकी निवासी राजकुमार तांडी ने 20 अगस्त को बसना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि ओडिशा निवासी सुनील दुर्गा और थिमोथी छतरिया ने उसे और अन्य ग्रामीणों को बैंक खाता खुलवाने पर 20 हजार रुपए तक कमीशन दिलाने का झांसा दिया था। ग्रामीणों के खाते खुलवाने के बाद आरोपियों ने कंपनी में वेरीफिकेशन कराने की बात कहकर उनके एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक और सिम कार्ड अपने कब्जे में ले लिए और बाद में इन्हें साइबर अपराधियों को बेच दिया।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने सुनील दुर्गा, थिमोथी छतरिया और हेमलाल चौहान को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे आंध्रप्रदेश निवासी बी. लक्ष्मणा और चंद्राराव के कहने पर ग्रामीणों के बैंक खाते खुलवाकर उन्हें उपलब्ध कराते थे। इसके बदले उन्हें कमीशन मिलता था। पुलिस जांच में सामने आया कि इन बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर फ्रॉड, शेयर ट्रेडिंग और ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े बड़े पैमाने के पैसों के लेन-देन के लिए किया जा रहा था।

यानी ग्रामीणों के नाम पर खोले गए बैंक खाते साइबर अपराधियों के लिए लेन-देन का जरिया बनाए जा रहे थे। पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर बसना पुलिस ने आंध्रप्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। लगातार पतासाजी के बाद पुलिस टीम ने 2 अक्टूबर को पोलावरम में घेराबंदी कर बी. लक्ष्मणा डोरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों तथा साइबर अपराध में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों और लेन-देन की जानकारी जुटा रही है।

# धान खरीदी केंद्रों पर किसान कांग्रेस की रहेगी पैनी नजर

### पिथौरा में जिला किसान कांग्रेस की बैठक; सभी खरीदी केंद्रों में निगरानी समितियों के गठन और किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण पर बनी कार्ययोजना

**महासमुंद/नवप्रदेश।** आगामी धान खरीदी सीजन को लेकर महासमुंद जिला किसान कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। किसानों को धान बेचने के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो और खरीदी प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से संचालित हो, इसके लिए जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में निगरानी समितियों को सक्रिय करने का निर्णय लिया गया है। इसी मुद्दे को लेकर जिला किसान कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक पिथौरा रेस्ट हाउस में आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश किसान कांग्रेस के संभाग प्रभारी दीपक पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी धान खरीदी सीजन की तैयारियों, खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा किसानों की संभावित समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि खरीदी के दौरान केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### किसानों की समस्याओं पर सक्रिय रहेगी किसान कांग्रेस

जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानिक साहू ने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों की समस्याओं को लेकर सजग है। धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी खरीदी केंद्रों में निगरानी समितियों को सक्रिय किया जाएगा। समितियां किसानों से जुड़ी समस्याओं पर नजर रखेंगी और जरूरत पड़ने पर उनके समाधान के लिए संबंधित स्तर पर पहल करेंगी। बैठक में जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान, दिलीप जैन, केशव चौधरी, परमानंद साहू, नवदीप चंद्राकर, रोहित साहू, मन्नू जांगड़े, मनोज जांगड़े, पीयूष चंद्राकर, भरत साहू, लेखराम साहू सहित किसान कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस शंकर पटेल, डिगेश्वर सत्यम, अंजोर सिंह ठाकुर, थलेश चंद्राकर, केशव साव, वीरेंद्र प्रधान, दिनेश कालसा, विश्वनाथ नायक, दिलीप साहू, फार्म पटेल, भगत पटेल, राजेश सिन्हा, अक्षय कुमार, मुन्ना जांगड़े, भागीरथी ठाकुर, पुरुषोत्तम साहू, सुंदर मनी साव और मनोज ढिढ़ी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बैठक में सहभागिता की।

### ■ हर खरीदी केंद्र पर निगरानी की तैयारी

बैठक में जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में निगरानी समितियों के गठन एवं विस्तार को लेकर कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। समितियों के माध्यम से खरीदी प्रक्रिया पर नजर रखने, किसानों की शिकायतों और समस्याओं को सामने लाने तथा संबंधित स्तर पर उनके निराकरण के लिए पहल करने की बात कही गई। किसान कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि धान खरीदी किसानों के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। ऐसे में खरीदी केंद्रों पर व्यवस्था, पारदर्शिता और किसानों की सुविधा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने खरीदी अवधि के दौरान केंद्रों में नियमित रूप से निगरानी रखने और किसानों के हित से जुड़े मुद्दों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाने का संकल्प लिया।

# विधायक के नाम से फर्जी लेटरहेड बनाकर इंजीनियर की शिकायत

### सीएम को भेजा गया था लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर के गुणवत्ताहीन कार्य का शिकायत पत्र, जांच में विधायक कार्यालय ने पत्र को बताया फर्जी

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सरायपाली विधायक चातुरी नंद के नाम और लेटरहेड का कथित तौर पर फर्जी इस्तेमाल कर लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर के खिलाफ मुख्यमंत्री को शिकायत भेजने का मामला सामने आया है। विधायक कार्यालय की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना से संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार विधायक चातुरी नंद के निज सहायक विभीषण चौहान ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि विधायक के आधिकारिक लेटरहेड का डुप्लीकेट तैयार कर उसका इस्तेमाल करते हुए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, नया रायपुर के नाम एक शिकायत पत्र जारी किया गया। पत्र क्रमांक 80/2026, दिनांक 18 सितंबर 2026 में महासमुंद जिले के लोक निर्माण विभाग उप संभाग सरायपाली में पदस्थ सब इंजीनियर द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य कराए जाने का आरोप लगाया गया था।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर विधायक के नाम का इस्तेमाल

पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 319(2), 336(3) एवं 340(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस अब फर्जी लेटरहेड तैयार करने, पत्र जारी करने और उसे संबंधित कार्यालय तक पहुंचाने वाले व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है।

### विधायक कार्यालय के रिकॉर्ड में नहीं मिला पत्र

शिकायत के बाद विधायक कार्यालय द्वारा उक्त पत्र का अवलोकन किया गया। इसमें सामने आया कि संबंधित शिकायत पत्र विधायक चातुरी नंद द्वारा जारी नहीं किया गया था। साथ ही पत्र पर दर्ज क्रमांक भी विधायक कार्यालय के अधिकृत अभिलेख से संबंधित नहीं पाया गया। इसके बाद विधायक के निज सहायक ने थाने में शिकायत देकर फर्जी लेटरहेड तैयार कर विधायक के नाम से पत्राचार करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफकार्रवाई की मांग की।

# सेवा सेतु शिविर में तीन लोगों ने लिया देहदान का संकल्प

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोसरंगी में आयोजित सेवा सेतु शिविर में सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल देखने को मिली। शिविर में तीन लोगों ने देहदान का संकल्प लिया। इस पुनीत निर्णय के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उन्हें शॉल, श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। शिविर में विधायक सिन्हा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध सामग्री के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों तक उनका लाभ पहुंचने की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों से पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे दान उत्सव के तहत देहदान के संकल्प को महत्वपूर्ण पहल बताते हुए विधायक सिन्हा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में दान और सेवा की परंपरा सदियों पुरानी है।

# विकसित भारत के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण : बघेल

■ वरिष्ठजनों का अनुभव सही निर्णय लेने में सबसे अधिक मददगार : कलेक्टर

■ अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

**दुर्ग/नवप्रदेश।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद सभागार में वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने वरिष्ठ नागरिकों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठजनों ने मनमोहक गीत एवं गायन की प्रस्तुतियां भी दीं।

सांसद विजय बघेल ने विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले वरिष्ठजनों एवं अनुभवी नागरिकों का सम्मान करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन का लंबा समय समाज और देश की सेवा में लगाया है। उनका अनुभव और जीवन का निचोड़ युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महापुरुषों ने जिस भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने में सभी नागरिकों के साथ वरिष्ठजनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। 'विकसित भारत' के निर्माण में वरिष्ठ नागरिक अपने अनुभव और मार्गदर्शन के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और देश के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षों में उन्होंने निरंतर देशहित में कार्य किया है। कोरोना महामारी सहित विभिन्न वैश्विक संकटों के दौरान भारत ने स्वदेशी तकनीक एवं वैक्सीन के निर्माण के माध्यम से प्रभावी ढंग से चुनौतियों का सामना किया।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पास जीवन का वृहद अनुभव होता है और वे समाज के लिए हमेशा प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनेक वरिष्ठजन शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए समाज को आगे बढ़ाने में योगदान दे चुके हैं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में बुजुर्गों से मिली सलाह कई बार ऐसे दूरदर्शी समाधान देती है, जिनके बारे में स्वयं विचार करना कठिन होता है। युवाओं को वरिष्ठों से मार्गदर्शन लेने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि उनका अनुभव सही निर्णय लेने में सबसे अधिक मददगार साबित होता है।

इस अवसर पर नागरिक संघ अध्यक्ष सीएस पाण्डेय, राधेश्याम साहू, अरुण अग्रवाल, पुरुषोत्तम साहू, पार्षद योगेश्वरी ठाकुर, गणेश निर्मलकर, एल्डरमेन मदन एवं गजानंद, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी आनंद प्रताप गौतम, जयंत ठाकुर सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## एसएसबी कार्मिकों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर दिया 'रक्तदान-जीवनदान' का संदेश

**भिलाई/नवप्रदेश।** क्षेत्रक मुख्यालय, एसएसबी भिलाई के उप कमांडेंट श्री कीर्ति वर्धन सिंह सहित अन्य बल कार्मिकों ने सेक्टर-8 स्थित स्टील क्लब में कनेक्ट वेलफेयर समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान कार्मिकों ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के ब्लड सेंटर, रायपुर के लिए स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान के माध्यम से एसएसबी कार्मिकों ने समाजसेवा और मानवीय दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। 'रक्तदान-जीवनदान' के संदेश के साथ आयोजित इस शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध कराने की दिशा में योगदान दिया गया।

## न्यूज गैलरी

### रूंगटा यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विद्यार्थियों ने पोस्टर और क्विज में दिखाई प्रतिभा

**भिलाई/नवप्रदेश।** रूंगटा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च (आरसीपीएसआर) एवं रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (रिपर) में विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह मनाया गया। इस दौरान स्किट, पोस्टर प्रस्तुति, फार्मा क्विज और पर्चा निर्माण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने इनमें उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए फार्मेसी से जुड़े विषयों पर अपनी जानकारी, रचनात्मकता एवं संवाद कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट की स्वास्थ्य सेवाओं में भूमिका, दवाओं के सही उपयोग एवं मरीजों की देखभाल को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। शिक्षकों ने उन्हें पेशेवर जिम्मेदारियों को समझने और व्यावहारिक ज्ञान मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में रुंगटा फार्मेसी की डायरेक्टर एवं आरसीपीएसआर की प्राचार्य डॉ. मधुलिका प्रधान तथा रिपर के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता का सहयोग रहा। फैकल्टी सदस्य रश्मिता शर्मा एवं मानसी नागदेव ने भी आयोजन में सहयोग किया।

### नकली सोने के जेवर गिरवी रख 8.25 लाख की ठगी, 3 आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग/नवप्रदेश।** सिटी कोतवाली पुलिस और एसीसीयू की टीम ने नकली सोने के जेवर असली बताकर गिरवी रख 8.25 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रमेश कुमार (35), निवासी शिवानंद नगर रायपुर, मीनाक्षी बाघ (39), निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग और राजेश अग्रवाल (45), निवासी कबीर नगर रायपुर के रूप में हुई है। आरोपियों ने 28 और 30 सितंबर को श्री शिवम मॉल स्थित सहेली आर्म्स में 84.880 ग्राम नकली जेवर गिरवी रखकर रकम हासिल की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए रमेश और मीनाक्षी को हिरासत में लिया। पूछताछ में नकली जेवर उपलब्ध कराने वाले राजेश अग्रवाल की जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 84.880 ग्राम नकली सोने के जेवर और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर अदालत में पेश किया गया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपियों ने इस तरह की ठगी की अन्य घटनाओं को भी अंजाम दिया है या नहीं।

### सेवा संकल्प अभियान में महिलाओं ने उत्साह से लिया भाग

**दुर्ग/नवप्रदेश।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेक्टर पाटणकर कॉलोनी परियोजना दुर्ग शहरी द्वारा बांसपारा आंगनबाड़ी केंद्र-4, वार्ड 28 पचरीपारा-बांसपारा में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही महिलाओं सहित वार्ड की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पार्षद ममता ओमप्रकाश सेन थीं। इस दौरान शालिनी दिल्लीवार, तूनेश्वरी मार्कंडे, शारदा कश्यप, एएनएम चंद्रकुंवर देशमुख, मितानिन डोमा ठाकुर, रेवती मांडवी एवं हेमलता देवांगन उपस्थित रहीं। महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें उन्होंने उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि ममता ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों का सम्मान किया तथा खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता

**नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश।** सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका अहिवारा में स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान चलाया गया। वार्ड क्रमांक 4 की पुष्प वाटिका में 250 से अधिक पौधे लगाए गए। रेलवे क्रॉसिंग के पास फूल व पाम के पौधे तथा आत्मानंद स्कूल परिसर में भी पौधरोपण किया गया। नगर के चौक-चौराहों की सफाई के साथ विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। नगर पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा ने कहा कि पौधरोपण के साथ उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण कुमार गहलोत ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बिसरा राम यादव, इंद्रजीत रावत, इंदिरा बंजारे, संत कुमारी ठाकुर, प्रदीप जैन, कीर्ति राजा, शिवालय, पुष्पा, विदेशी साहू, पुरुषोत्तम वर्मा, निकिता देवांगन, पुनीता रावत, नंदू यादव, पन्नालाल साहू, किशोर साहू, अखिलेश शर्मा, अश्वनी साहू आदि उपस्थित थे।

# अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करने दिए निर्देश
# महापौर ने कहा- स्वयं हटाएं अवैध कब्जा, होगी कार्रवाई

■ हरना बांधा तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने महापौर ने किया औचक निरीक्षण

**दुर्ग/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र के तकियापारा वार्ड क्रमांक 8 स्थित हरना बांधा तालाब के चारों ओर अतिक्रमण की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए महापौर अलका बाघमार ने रविवार को वार्ड पार्षद, एमआईसी सदस्यों एवं निगम अधिकारियों के साथ तालाब क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब के किनारे किए गए पुराने एवं नए अतिक्रमण का जायजा लिया तथा स्थानीय नागरिकों से भी जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान नागरिकों एवं शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कुछ लोगों ने तालाब की सीमा की ओर बढ़कर अवैध कब्जा कर घर एवं अन्य निर्माण किए हैं। महापौर ने निगम अधिकारियों को अतिक्रमण वाले स्थानों का निरीक्षण कर नियमानुसार नोटिस जारी करने तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने तालाब की वास्तविक सीमा एवं शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट करने को भी कहा।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि हरना बांधा तालाब शहर की महत्वपूर्ण जल संरचनाओं में शामिल है। तालाबों एवं उनके आसपास की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने तालाब किनारे अवैध निर्माण या कब्जा करने वालों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाने पर निगम प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जलस्रोतों का संरक्षण सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। तालाबों को अतिक्रमण एवं गंदगी से मुक्त रखने में नागरिक निगम प्रशासन का सहयोग करें। महापौर ने अधिकारियों को तालाब क्षेत्र में नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की स्थिति निर्मित न हो।

निगम अधिकारियों को अतिक्रमण वाले स्थानों का निरीक्षण कर नियमानुसार नोटिस जारी करने तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने तालाब की वास्तविक सीमा एवं शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट करने को भी कहा।

निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य शेखर चन्द्राकर एवं ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद खालिक रिजवी शेरू एवं आशीष चन्द्राकर, जितेंद्र जीतू ताम्रकार, एल्डरमैन अनूप सोनी, उप अभियंता विनोद मांझी, करण यादव सहित जाकिर खोकर, वसीम कुरैशी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## 400 छात्रों ने मैराथन दौड़ में लगाई दौड़

**दुर्ग/नवप्रदेश।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सेवा संकल्प के तहत शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साईस कॉलेज), दुर्ग में एक भव्य नशा मुक्ति और मादक पदार्थों पर नियंत्रण के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 9 बजे कॉलेज के सभागार से प्रारंभ हुआ। आयोजित यह मैराथन दौड़ साइंस कॉलेज के मुख्य गेट से शुरू हुई। इसके बाद रैली मालवीय नगर चौक, आरटीओ ऑफिस, खालसा पब्लिक स्कूल, गर्ल्स कॉलेज, जेल रोड और पुलिस पेट्रोल पंप होते हुए यू-टर्न लेकर लगभग 3 किलोमीटर का सफर तय कर वापस साइंस कॉलेज परिसर में संपन्न हुई।

## एग्रीस्टेक पंजीयन की समय-सीमा 30 तक बढ़ी

■ बिना एग्रीस्टेक पंजीयन धान की बिक्री नहीं होगी, सहखातेदारों का पंजीयन भी अनिवार्य

**दुर्ग/नवप्रदेश।** धान खरीदी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों एवं उनके सह-हिस्सेदारों का शत-प्रतिशत एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संबद्ध सेवा सहकारी समितियों में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से आश्रित ग्रामों में शिविर लगाए गए।

10 से 30 सितंबर तक आयोजित शिविरों की समीक्षा में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अब पंजीयन की समय-सीमा बढ़ाकर 5 से 30 अक्टूबर कर दी गई है।

जिले में कुल 87 समितियों के आश्रित ग्रामों में एग्रीस्टेक पंजीयन किया जा रहा है। दुर्ग जिले में कुल 4,56,941 बकेट क्लेम (सहमति सत्यापन) किए जाने हैं, जिनमें अब तक 1,40,487 का ही सत्यापन हो सका है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने स्पष्ट किया है कि बिना एग्रीस्टेक पंजीयन धान की बिक्री नहीं हो सकेगी। धान बिक्री के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन के साथ सह-खातेदारों का बकेट क्लेम (सहमति सत्यापन) भी अनिवार्य रहेगा।

किसान एवं सह-हिस्सेदार शिविर में समिति सीएससी एवं पटवारी के माध्यम से बकेट आईडी बनवा सकते हैं। समिति प्रबंधक एवं संबंधित अमले को सभी लंबित बकेट क्लेम का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

तहसील के कृषि विस्तार अधिकारी एवं पटवारियों को भी शिविरों में उपस्थित रहकर कार्य में सहयोग करने कहा गया है। पंजीयन कार्य की समीक्षा अनुविभागीय अधिकारियों एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा की जा रही है।

जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपने सह-हिस्सेदारों का शत-प्रतिशत एग्रीस्टेक पंजीयन 30 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से करा लें, ताकि धान बिक्री के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## प्राइवेट पार्ट टच किया, तेज दर्द और ब्लीडिंग के बाद बिगड़ी तबीयत : मकान मालिक गिरफ्तार

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिले में मकान मालिक ने 6 साल की बच्ची के प्राइवेट पार्ट को जबरन टच किया। घटना के बाद तेज दर्द और ब्लीडिंग होने से बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद निजी अंग से छेड़छाड़ की जानकारी हुई।

पूछताछ के बाद बच्ची ने परिजनों को जानकारी दी कि अंकल ने जबरदस्ती पकड़कर बैड टच किया। माता-पिता ने इसकी शिकायत पुलिस से की। अब पुलिस ने स्नद्धक्रदर्ज कर 45 साल के आरोपी दिलावर यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफपॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, 2021 से बच्ची अपने परिवार के साथ आरोपी दिलावर के मकान में ही

किराए से रहती थी। आरोप है कि दिलावर लंबे समय से बच्ची पर बुरी नजर रखता था। परिजनों के अनुसार, आरोपी ने पहले भी बच्ची के साथ गलत हरकत करने की कोशिश की थी। लेकिन वह अपने प्रयास में सफल नहीं हो सका।

2 अक्टूबर को फिर उसने बच्ची के प्राइवेट पार्ट को टच कर दरिंदगी की। घटना के बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों को शक हुआ। उसे तुरंत डॉक्टर के पास ले जाया गया। जहां जांच में यौन अपराध की पुष्टि होने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

परिजनों की शिकायत के आधार पर खुर्सीपार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की और आरोपी को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस घटना के संबंध में बच्ची और परिजनों से जानकारी जुटा रही है। साथ ही मेडिकल जांच और बाकी सबूतों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एक हजार स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर्स ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा में लिया हिस्सा

**नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश।** महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर रायपुर के स्व. बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव तथा राज्य मुख्य आयुक्त स्काउट इंदरजीत सिंह खालसा के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग जिले से करीब एक हजार स्काउट-गाइड, रोवर-

रेंजर्स एवं नोडल अधिकारी, प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। जिला संघ दुर्ग के अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, जिला मुख्य आयुक्त स्काउट जीत यादव, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट जगजीत सिंह धीर तथा जिला आयुक्त गाइड वर्षा ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला संगठन आयुक्त बालक दास राऊत के नेतृत्व में दल रायपुर पहुंचा। अमीता हरमुख, दुर्गेश शुक्ला, देवेंद्र कुमार देवांगन एवं ललित बिजौरा के प्रयासों से जिले के स्काउटर-गाइडर एवं प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। सर्वधर्म प्रार्थना के माध्यम से विश्व शांति एवं अहिंसा का संदेश दिया गया। आयोजन में नेहा उपाध्याय, पार्वती साहू, रेखा रानी मिश्रा, मनोरमा पाण्डेय, कल्पना शुक्ला, मृदुला शरण, प्रेमलता योगी, नागेश्वरी, नारायनी, मनीषा पटनायक, अंजलि बोस, किरण एक्का, दीक्षा तिवारी, दुग्धा परवीन मौजूद थे।

## लाभांश और ब्याज का वितरण 6 को

**भिलाई/नवप्रदेश।** सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड, सेक्टर-6 भिलाई के सदस्यों को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लाभांश मिलने जा रहा है। सोसायटी ने वित्तीय वर्ष 24-25 के लाभांश(10त्न)और वित्तीय वर्ष 25-26 के ब्याज के भुगतान की तारीखों की आधिकारिक घोषणा कर दी है।सोसायटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने सभी सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि लाभांश एवं ब्याज का वितरण मंगलवार 6 अक्टूबर 2026 से सुबह 11:00 बजे से औपचारिक रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा।मुख्य शाखा सेक्टर-6 सहित रिसाली शाखा,पावर हाउस शाखा,राजहरा शाखा और नंदिनी शाखाओं में भुगतान की व्यवस्था की गई है।अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे अपनी पहचान संबंधी मूल दस्तावेज(पासबुक व बीएसपी गेट पास)अवश्य साथ रखें और तय समय(सुबह 11 से शाम 5 बजे)के भीतर उपस्थित होकर अपना लाभांश व ब्याज प्राप्त करें।

13वां आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान : 4 महिला पत्रकारों का सम्मान, वक्ताओं ने कहा चुनौतियों के बीच पहचान बना रहीं महिलाएं

# मीडिया जगत में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक सकारात्मक बदलाव : डॉ. बारले

**भिलाई/नवप्रदेश।** स्वर्गीय आशा इकबाल की पुण्यतिथि के अवसर पर सुपेला स्थित कॉफी हाउस में शनिवार 3 अक्टूबर को आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली चार महिला पत्रकारों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री सम्मान से अलंकृत प्रख्यात पंथी नर्तक डॉ. राधेश्याम बारले उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दैनिक नवप्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे ने की। विशेष अतिथियों में छत्तीसगढ़ी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री उषा विश्वकर्मा, जाने-माने साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा, समाजसेवी गुरमीत धनई तथा वरिष्ठ पत्रकार सहदेव देशमुख शामिल थे। समारोह के प्रारंभ में आयोजक वरिष्ठ पत्रकार आसिफ इकबाल ने आयोजकीय स्वागत वक्तव्य दिया। उन्होंने उपस्थित अतिथियों, मीडियाकर्मियों एवं गणमान्य नागरिकों का आत्मीय स्वागत करते हुए आयोजन की पृष्ठभूमि और इसके सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस गरिमामयी परंपरा का यह

13वां वर्ष है। इन 13 वर्षों के अनवरत सफर में अब तक छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों की लगभग 33 महिला पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

इस वर्ष जिन चार उत्कृष्ट महिला पत्रकारों का अभिनंदन किया गया, उनमें दैनिक नवभारत, रायपुर में दो दशकों से अधिक समय से फीचर एडिटर के रूप में कार्यरत आफताब बेगम, वरिष्ठ सीनियर वीडियो जर्नलिस्ट, 'दैनिक आज की जनधारा' की ब्यूरो प्रमुख तथा 'वीएलसी न्यूज़' के माध्यम से लाखों फ़ॉलोअर्स तक पहुंचने वाली पत्रकार विजयलक्ष्मी चौहान, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी मनीषा निषाद तथा 'दैनिक नवप्रदेश' में सह-संपादक का महत्वपूर्ण दायित्व संभाल रहीं शाहीन कुरैशी शामिल हैं। मंच पर अतिथियों द्वारा इन सभी विभूतियों का सम्मान चांदी का सिक्का,शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। जिसके बाद सम्मानित महिला पत्रकारों ने आयोजन समिति एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति अपना हृदय से आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले ने दिवंगत आशा इकबाल की स्मृति को नमन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि महिला पत्रकारों को सम्मानित करने की यह पहल अपने आप में एक विशिष्ट और प्रेरणादायी परंपरा है। अध्यक्षीय संबोधन में दैनिक नव प्रदेश के समूह संपादक वरिष्ठ पत्रकार यशवंत धोटे ने सम्मान की इस निरंतर परंपरा की प्रशंसा की और कहा कि निष्ठा के साथ काम करने वाली महिला पत्रकार सही मायनों में इस सम्मान की हकदार हैं।

समारोह के अंत में वरिष्ठ पत्रकार सहदेव देशमुख ने उपस्थित सभी अतिथियों, पत्रकारों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर मंत्री चौधरी नाराज, मंथली टारगेट तय करने के दिए निर्देश

**■ गोवर्धनपुर पुल, मरीन ड्राइव और ऑक्सीजोन समेत शहर की विभिन्न परियोजनाओं का किया निरीक्षण**

**रायगढ़/नवप्रदेश।** वित्त मंत्री एवं शहर विधायक ओपी चौधरी ने शनिवार को शहर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने राजीव नगर दूध डेयरी ऑक्सीजोन, गोवर्धनपुर पुल, बेलादुला मरीन ड्राइव, रपटा-स्टाफ डैम एवं एसईसीएल मरीन ड्राइव और पुलिया का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री चौधरी ने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए तय लक्ष्य के अनुरूप गति बढ़ाने और निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बरसात के बाद निर्माण के लिए अनुकूल मौसम का अधिकतम उपयोग करने की बात कही।

### ऑक्सीजोन समेत अन्य कार्यों की समीक्षा

राजीव नगर ऑक्सीजोन सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम में तेजी लाने और नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए। निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं करने तथा बेहतर सामग्री के उपयोग पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, नगर निगम, हाउसिंग बोर्ड, पीडब्ल्यूडी, सेतु विभाग एवं एसईसीएल के अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, इंजीनियर, स्थानीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### गोवर्धनपुर पुल पर फोकस

गोवर्धनपुर पुल के निर्माण की धीमी गति पर मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने सेतु विभाग के इंजीनियर्स को मंथली टारगेट तय कर हर माह उसकी पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुल निर्माण के साथ सड़क निर्माण और विद्युत पोल शिफ्टिंग का काम भी जल्द पूरा करने को कहा गया।

### मरीन ड्राइव में बनेगा वॉकवे

बेलादुला मरीन ड्राइव में रपटा और स्टाफडैम निर्माण को स्थानीय लोगों की जरूरतों के अनुरूप करने के निर्देश दिए गए। एसईसीएल मरीन ड्राइव और पुलिया के निरीक्षण के दौरान ड्राइंग-डिजाइन के अनुरूप काम पूरा करने पर जोर दिया गया। नदी के बीच वॉकवे की संभावनाओं के लिए प्लान तैयार करने तथा मरीन ड्राइव को मुख्य सड़क और हाईवे से जोड़ने के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

# आरपीएफ बैरक के 160 मीटर बाउंड्री को निगम ने किया कब्जा मुक्त, सड़क निर्माण का रास्ता साफ

**■ रेलवे स्टेशन के लिए मिलेगा नया वैकल्पिक मार्ग, प्रमुख सड़कों पर यातायात दबाव कम होगा**

**रायगढ़/नवप्रदेश।** शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था और नागरिकों को नए आवागमन विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बड़पारा आरपीएफ बैरक के करीब 160 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल को जेसीबी से कब्जा मुक्त कर सड़क निर्माण का रास्ता साफ किया गया। इसके साथ ही प्रस्तावित सड़क के समतलीकरण का प्रथम चरण भी शुरू हो गया है। इस मार्ग पर करीब 6 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। सड़क बनने के बाद नदी के उस पार स्थित इतवारी बाजार, सिंधी कॉलोनी, चक्रधर नगर, बोइरदादर, केलो विहार, टीवी टावर, पहाड़ मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए एक नया और सुगम सड़क का विकल्प मिलेगा।

### रेलवे स्टेशन तक सीधे पहुंचने का मिलेगा विकल्प

वर्तमान में नदी पार क्षेत्र से रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों को मुख्य रूप से अग्रसेन चौक, सुभाष चौक और बेटी बचाओ चौक होकर स्टेशन पहुंचना पड़ता है। एक अन्य मार्ग सुभाष चौक से निर्मल लॉज होकर जाता है। बड़पारा आरपीएफबैरक मार्ग विकसित होने के बाद तुलसी होटल मार्ग से ओवरब्रिज के नीचे होते हुए बड़पारा आरपीएफबैरक से सीधे रेलवे स्टेशन की ओर जाने का अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होगा।

नए मार्ग से नागरिकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए कम दूरी और समय वाला विकल्प मिल सकेगा। इससे समय और ईंधन की बचत के साथ सुभाष चौक-बेटी बचाओ चौक तथा निर्मल लॉज मार्ग पर यातायात दबाव कम करने में भी मदद मिलेगी। क्षेत्र में पानी निकासी की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा पूर्व में नाली का निर्माण कराया जा चुका है। अब बाउंड्रीवाल हटाने के बाद सड़क निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। आवागमन को पर्याप्त चौड़ाई उपलब्ध कराने के लिए निगम प्रशासन द्वारा आसपास के निजी भू-स्वामियों से भी चर्चा की जा रही है।

## न्यूज गैलरी

### ढाबे पर खाना खा रहा था चालक, पीछे खड़े ट्रेलर में लगी आग

**महासमुंद/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर ज्ञानी ढाबा के पास रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर के केबिन में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने केबिन को अपनी चपेट में ले लिया और उसका बड़ा हिस्सा जल गया। गनीमत रही कि घटना के समय ट्रेलर चालक वाहन के भीतर मौजूद नहीं था, वह ढाबे पर खाना खाने गया हुआ था। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक एन एल 01 एबी 0769 लोहे की खेप लेकर नागपुर से कलकत्ता जा रहा था। यात्रा के दौरान चालक ने राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर स्थित ज्ञानी ढाबा के पास ट्रेलर खड़ा किया और खाना खाने के लिए ढाबे में चला गया। इसी दौरान अचानक ट्रेलर के केबिन से धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग की लपटें दिखाई देने लगीं। ढाबे पर मौजूद लोगों ने ट्रेलर के केबिन से आग की लपटें उठती देख तत्काल इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। आग की सूचना मिलते ही महासमुंद से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### गलत दिशा से आई कार ने बाइक को मारी टक्कर, चालक घायल

**महासमुंद/नवप्रदेश।** एनएच-53 पर काष्ठागार कोडार के पास गलत दिशा से आ रही अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक घायल हो गया। घटना के बाद इलाज कराने के उपरांत पीड़ित ने तुमगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम पट्टी नंबर-02 बांसकुड़ा निवासी टीकाराम पटेल 13 सितंबर को बाइक क्रमांक सीजी 06 जीटी 0597 से तुमगांव से चावल लेकर अपने घर बांसकुड़ा जा रहा था। दोपहर करीब 2.15 बजे एनएच-53 पर काष्ठागार कोडार के सामने पहुंचने पर गलत दिशा से आ रही अज्ञात कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में टीकाराम घायल हो गया। उपचार कराने के बाद उसने 3 अक्टूबर को तुमगांव थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए) एवं धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

### रास्ते में बैठे मवेशियों से टकराई बाइक, गिरने से युवक की मौत

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सड़क पर बैठे मवेशियों से टकराने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे डायल-112 की मदद से तुमगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच के बाद तुमगांव पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम भोरिंग निवासी मोहन यादव (27) 30 सितंबर को बाइक क्रमांक सीजी 06 डीजी 9853 से पेट्रोल भरवाने की बात कहकर घर से निकला था। समोदा से वापस भोरिंग लौटते समय रात करीब 9.45 बजे भोरिंग पेट्रोल पंप के पहले सड़क पर बैठे मवेशियों से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और मोहन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम उसे सीएचसी तुमगांव लेकर पहुंची, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 40 किलो गांजा तस्करी का फरार मुख्य सप्लायर ओडिशा से गिरफ्तार

**महासमुंद/नवप्रदेश।** गांजा तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य सप्लायर को बागबाहरा पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ और जब्त मोबाइल के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर फरार सप्लायर की पहचान कर उसका लोकेशन ट्रेस किया। इसके बाद टीम ने ओडिशा पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़कर महासमुंद लाया। पुलिस के अनुसार 9 फरवरी 2026 को शिव मंदिर के पास दतिया, मध्यप्रदेश निवासी सुमीत श्रीवास्तव (33) और कृष्णा विहार कॉलोनी, मुरैना निवासी रीना भदौरिया (40) को हुंडई वर्ना कार क्रमांक एमपी 07 एजी 8311 से 40.200 किलो गांजा का परिवहन करते पकड़ा गया था। जब्त गांजे की कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई गई थी। मामले की विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी और जब्त मोबाइल डाटा का तकनीकी विश्लेषण किया गया। इससे गांजा उपलब्ध कराने वाले मुख्य सप्लायर के संबंध में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

**गड़बड़ी:** दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही के दावे, रॉयल्टी भी नहीं, शासन को लगा रहे चूना

# रेत और मुरम का खुलेआम खेल! शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

**पखांजूर/नवप्रदेश।** पखांजूर क्षेत्र में रेती और मुरम के उत्खनन तथा परिवहन को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रेती लेकर दौड़ रही हैं। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में हजारों रुपये की रेती के परिवहन की बात कही जा रही है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इनमें से कितने वाहनों के पास वैध रॉयल्टी और परिवहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज हैं? यदि बिना अनुमति या बिना वैध रॉयल्टी के उत्खनन-परिवहन हो रहा है तो इसकी सीधी चोट सरकारी राजस्व पर पड़ सकती है।

मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि कथित रूप से यह गतिविधि चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुले तौर पर चलने की शिकायत सामने आ रही है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर लगातार दौड़ती ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की जांच करना मुश्किल काम नहीं है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि विभागीय अमला आखिर इन वाहनों की जांच कब करेगा और कितने वाहनों से अब तक रॉयल्टी संबंधी दस्तावेज मांगे गए हैं?

### रेती के बाद मुरम पर भी नजर, वन क्षेत्र तक पहुंची शिकायत

रेती के साथ मुरम के कथित अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायतों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ स्थानों पर मुरम की खुदाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से परिवहन किया जा रहा है। वन क्षेत्र से मुरम निकाले जाने की शिकायत सही पाए जाने पर मामला केवल खनिज राजस्व तक सीमित नहीं रहेगा,बल्कि वन भूमि,पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों से भी जुड़ जाएगा।

### पेड़ों की कटाई हुई तो जिम्मेदारी किसकी?

मुरम उत्खनन के लिए जमीन की खुदाई के दौरान पेड़ों और वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचने की आशंका भी जताई जा रही है। यदि वन क्षेत्र में बिना अनुमति खुदाई या पेड़ों की कटाई हुई है तो इसकी जांच वन विभाग के स्तर पर भी जरूरी है। स्थानीय लोगों का सवाल है कि जिन स्थानों पर कथित उत्खनन हो रहा है,वहां जिम्मेदार अमले ने मौके का निरीक्षण किया या नहीं? यदि निरीक्षण हुआ है तो कार्रवाई का रिकॉर्ड क्या है और यदि नहीं हुआ तो निगरानी व्यवस्था किसके भरोसे है?

### दस्तावेजों की जांच हो तो सामने आ सकता है सच

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन केवल शिकायत सुनने तक सीमित न रहे, बल्कि रेती-मुरम के उत्खनन स्थलों, परिवहन में लगे वाहनों और संबंधित रॉयल्टी दस्तावेजों की मौके पर जांच कराए। पिछले कुछ समय में क्षेत्र से कितनी रेती और मुरम का परिवहन दर्ज हुआ, कितनी रॉयल्टी जमा हुई और कितने वाहनों पर कार्रवाई की गई—इन आंकड़ों को सार्वजनिक किए जाने से स्थिति काफी हद तक स्पष्ट हो सकती है।

### सबसे बड़ा सवाल विभाग की चुप्पी पर

यदि रेती-मुरम का परिवहन नियमों के अनुसार हो रहा है तो विभाग जांच कर स्थिति स्पष्ट करे, लेकिन यदि बिना वैध अनुमति या रॉयल्टी के उत्खनन-परिवहन हो रहा है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं? स्थानीय लोगों की शिकायतों के बीच विभाग की कथित निष्क्रियता अब खुद एक बड़ा सवाल बनती जा रही है। जरूरत इस बात की है कि खनिज, वन और राजस्व से जुड़े अधिकारी संयुक्त रूप से मौके की जांच करें, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि पखांजूर में वास्तव में वैध कारोबार चल रहा है।

# कमाने दिल्ली गई युवती, बैंक गई पत्नी, मायके से घर गई महिला नहीं लौटी, केस दर्ज

**कोरबा/नवप्रदेश।** कोरबा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत महिलाएं-युवती और युवकों के हाल-फिलहाल व पिछले कई महीने से लापता हो जाने के मामलों में गुम इंसान के साथ-साथ अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका पर जुर्म दर्ज कर पता-तलाश किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक बांगो थाना अंतर्गत ग्राम सासिन निवासी महावीर मरकाम ने बताया कि उसकी पत्नी श्रीमती रेखा मरकाम 26 वर्ष 17 जुलाई 2026 को सुबह लगभग 9 बजे बैंक के काम से जटगा जा रही हूं, कहकर पुत्री साक्षी मरकाम उम्र 2 वर्ष 6 माह को साथ लेकर निकली है, जो आज तक घर वापस नहीं आई है। रेखा मरकाम को कोई अज्ञात व्यक्ति अपहरण कर लिया है,की रिपोर्ट पर धारा 140(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

ग्राम सरभोंका, थाना बांगो निवासी सोनमतिया धनुहार 24 वर्ष 12 नवम्बर 2025 को दोपहर लगभग 3 बजे अपनी सहेली सरिता धनुहार के साथ काम करने के ?लिये दिल्ली जाने के नाम पर निकली, जो आज तक घर वापस नहीं आई है। माँ श्रीमती चन्द्रकला पति उजियार सिंह धनुहार 55 वर्ष ने गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बेटी सोनमतिया ने दिल्ली पहुंचकर फोन से बातचीत की थी और विगत 8 माह से उसके मोबाईल नंबर पर बीच-बीच में बातचीत होती रहती थी। बातचीत में पूछने पर झाड़ू-पोछा का काम करना, 10 हजार रूपये महिना मजदूरी मिलना एवं अच्छे से रहना बताई थी, किंतु 20 जुलाई 2026 के बाद से उसका मोबाईल बंद बता रहा है, किसी प्रकार का संपर्क नहीं हो पा रहा है। उसकी पहचान में माँ ने बताया कि उसके बांये हाथ के बीच की तीन उंगली बचपन से नहीं है तथा कोहनी के पास बचपन से गठान होने से मोटा है एवं दोनों पैर के ?पिंडली में बचपन से पायलनुमा गड्ढा गोल निशान है। रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 27/2026 कायम कर पतासाजी में लिया गया है।

एक अन्य मामले में बैशाखूराम की पत्नी श्रीमती समारो बाई बिंझवार उम्र 25 वर्ष,निवासी ग्राम बंजारी रावणभांठा थाना बांगो 10 जून 2026 को शाम लगभग 7 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई, जो आज तक घर वापस नहीं आई है।

## हत्या के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**कुरुद/नवप्रदेश।** पुलिस अधीक्षक धमतरी भावना पांडेय के निर्देशन में गंभीर अपराधों की साक्ष्य-आधारित एवं प्रभावी विवेचना के परिणामस्वरूप हत्या के एक प्रकरण में आरोपी को न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई है। दिनांक 15 मार्च 2025 को ग्राम मड़ेली के भाठापारा गौठान के पास विवाद के दौरान आरोपी चेतन साहू,पिता बाहरा राम साहू, उम्र 26 वर्ष, निवासी मड़ेली द्वारा गजेन्द्र साहू उर्फबिट्टू के सिर पर लकड़ी के बत्ते से हमला किया गया था। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। प्रकरण में थाना कुरुद, चौकी बिरेझर में अपराध क्रमांक 85/2025 पंजीबद्ध किया गया।

विवेचना के दौरान घटनास्थल निरीक्षण, गवाहों के कथन, आरोपी के मेमोरण्डम के आधार पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का बत्ता बरामद कर स्वरूपरीक्षण सहित अन्य साक्ष्य संकलित किए गए तथा निर्धारित अवधि में न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं तर्कों के आधार पर माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, कुरुद के सत्र प्रकरण क्रमांक 30/2025 में आरोपी चेतन साहू को की धारा 103(1) के तहत दोषसिद्ध करते हुए सश्रम आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। दोषसिद्ध आरोपी का नाम- चेतन साहू,पिता बाहरा राम साहू, 26 वर्ष, निवासी मड़ेली, चौकी बिरेझर, थाना कुरूद, जिला धमतरी प्रकरण की प्रभावी विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के लिए एसपी धमतरी, भावना पांडेय ने तत्कालीन चौकी प्रभारी बिरेझर, निरीक्षक चन्द्रकांत साहू के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।

## तेज रफ्तार बाइक ट्रक से भिड़ी, सीसीटीवी में कैद हुआ खौफनाक हादसा

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** फरसगांव थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 स्थित रांधना मोड़ पर सड़क हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक सामने से गुजर रहे ट्रक से टकराते दिखाई दे रहे हैं। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक से फरसगांव की ओर जा रहे थे। रांधना मोड़ के पास बाइक की ट्रक से टक्कर हो गई। सीसीटीवी फुटेज में बाइक की रफ्तार तेज दिखाई दे रही है। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा 5 साल के बेटे की गवाही बनी अहम सबूत

**अंबिकापुर/नवप्रदेश।** सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र में हुए दुष्कर्म के मामले में अदालत ने आरोपी गोंहदुल राम कोरवा (25 वर्ष) को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने उसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 5,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 351(3) के आरोप से आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया है।

अभियोजन के अनुसार घटना 24.04.2025 को दोपहर बाद की है। उस दिन पीड़िता के पति समूह की मीटिंग में बाहर गये थे। घर पर पीड़िता के दो छोटे बच्चे मौजूद थे। आरोपी रिश्ते में पीड़िता के जेठ का दामाद लगता है। वह उसी दिन अपने बड़े भाई और उसके बेटे के साथ दोपहर करीब 2 बजे पीड़िता के घर आया था। सभी ने साथ में खाना खाया, जिसके बाद बेटा-बहू और उसका भाई घर से चले गये और आरोपी वहीं रुक गया। इसी दौरान जब पीड़िता घर के काम से बाहर से लौटी, तो आरोपी ने घर में मौजूद दो छोटे बच्चों की उपस्थिति में ही उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण गवाही पीड़िता के 5 वर्षीय पुत्र की रही। बच्चे ने न्यायालय में बताया कि आरोपी उसका जीजा है और उसने अपनी मां के साथ गलत काम करते हुए देखा था। घर के बाहर बच्चों के चिल्लाने पर और बाद में पिता के लौटने पर बच्चों ने ही पिता को पूरी घटना बताई। पीड़िता के पति ने भी न्यायालय में बताया कि घर लौटने पर उसके पुत्र ने उसे घटना के बारे में बताया, तब उसकी पत्नी ने भी रोते हुए आपबीती बताई। उस समय आरोपी घर में ही मौजूद था और कह रहा था कि उसने कुछ नहीं किया। विवाद होने पर आरोपी ने पति को तीर-धनुष लाकर जान से मारने की धमकी दी और घर की ओर भाग गया।

**डर के कारण 20 दिन बाद एफआईआर:** न्यायालय के फैसले में यह भी उल्लेख है कि घटना के बाद आरोपी रात में तीर-धनुष लेकर पीड़िता के घर के आसपास घूमता रहा, जिससे डरा-सहमा परिवार अपने बच्चों को पड़ोसी के घर सुलाने लगा। दूसरे दिन पीड़िता और उसका पति आरोपी के घर समझौता करने गये, वहां उसके बड़े भाई ने बैठक करने की बात कही। इसके बाद वे गांव के सरपंच और पटेल के पास भी गये, जिन्होंने कहा कि यह मामला उनके स्तर का नहीं है, आप थाना जाओ।

**बदलाव की कहानी :** जहां कभी कदम-कदम पर था माओवादी खौफ, वहां अब सड़कों पर दौड़ रही उम्मीद

# बीहड़ों में अब विकास की बस, बदल रही सुकमा की तस्वीर

**■ मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा से पुवर्ती, सिलगेर, जगरगुंडा और चिंतलनार जैसे इलाकों का बढ़ा संपर्क**

**सुकमा/नवप्रदेश।** कभी नक्सलवाद की वजह से देश-दुनिया से कटे रहने वाले सुकमा के अंदरूनी इलाकों में अब बदलाव की नई तस्वीर दिखाई दे रही है। जिन रास्तों पर कभी आवागमन लोगों के लिए चुनौती हुआ करता था, उन्हीं सड़कों पर अब नियमित बसें दौड़ रही हैं। बस का हॉर्न ग्रामीणों के लिए महज परिवहन सुविधा का संकेत नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बेहतर भविष्य की दस्तक बन गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से संचालित मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा तथा नियद नेल्लानार अभियान के जरिए जिले के संवेदनशील और दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने की दिशा में काम हुआ है। पुवर्ती, सिलगेर, ताड़मेटला, भेज्जी, जगरगुंडा और चिंतलनार जैसे क्षेत्रों में सड़क एवं परिवहन सुविधाओं के विस्तार से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मुश्किलें कम हुई हैं।

### बेटियों के सपनों को मिली बस की रफ्तार

इस बदलाव का सबसे बड़ा असर गांव के विद्यार्थियों पर नजर आ रहा है। पहले उच्च शिक्षा के लिए शहर तक पहुंचना ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए समय, दूरी और खर्च की बड़ी चुनौती थी। अब बस सेवा ने इस दूरी को काफी हद तक कम कर दिया है। सुकमा-बड़ेसट्टी, जगरगुंडा-कोंटा और चिंतलनार-सुकमा सहित करीब 9 मार्गों पर बसों की आवाजाही से छात्र-छात्राओं को नियमित आवागमन का साधन मिल रहा है।

### सिलगेर से चिंतलनार तक बढ़ा संपर्क

कोंटा ब्लॉक के मिसमा निवासी सोमेश्वरी ठाकुर के मुताबिक ग्रामीण बस सेवा से सिलगेर, जगरगुंडा और चिंतलनार जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को सुकमा से जुड़ने का बेहतर माध्यम मिला है।

### हाट-बाजार तक पहुंच, किसानों को भी लाभ

स्थानीय किसान अपनी उपज लेकर हाट-बाजार तक आसानी से पहुंच पा रहे हैं। दैनिक जरूरतों के सामान की खरीदारी अब पहले की तरह लंबी दूरी पैदल तय करने या निजी साधनों पर निर्भर रहने की जरूरत कम हुई है।

सुकमा के अंदरूनी क्षेत्रों में परिवहन सुविधा का विस्तार केवल आवागमन को आसान बनाना नहीं, बल्कि ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास के अवसरों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा से दूरस्थ गांवों के विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि दुर्गम से दुर्गम क्षेत्र भी बेहतर कनेक्टिविटी से जुड़े और विकास की सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि सड़क पर दौड़ती ये बसें सुकमा के बदलते गांवों में सुविधा के साथ भरोसे और नए अवसरों की भी नई राह बना रही हैं।

**-अमित कुमार**, कलेक्टर, सुकमा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन : 0771-3526755, 6262188999